c m y k

avnews.in aksharvishwaujjain

अक्षरविश्व

आपका शहर, आपका अखबार

उज्जैन, इंदौर, भोपाल और शाजापुर से एक साथ प्रकाशित

इंदौर, शुक्रवार
06 नवंबर 2026 कार्तिक कृष्ण 12/13, विक्रम संवत् 2083
वर्ष-20 अंक-117 पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 रुपए

सुविचार

गुणवत्ता कभी संयोग से नहीं आती, यह हमेशा मेहनत, समर्पण और समझदारी का परिणाम होती है।'

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
भोपाल	31.6	13.5
इंदौर	32.0	12.7
ग्वालियर	33.0	16.4
उज्जैन	33.5	15.0

विश्वास के 93 वर्ष

यह परंपरा है सदियों की
यह विश्वास है पीढ़ियों का

धनतेरस की शुभ खरीदी ज्वेलर्स नानाभाई से

धनतेरस पर की गई खरीदी सौभाग्य और समृद्धि लाती है। तो इस शुभ दिन की परंपरा को निभाते हुए अपनी पसंद का आभूषण लीजिए वहाँ से जहाँ है पीढ़ियों का विश्वास और हर जेवर है एक नज़र की पसंद। आइए ज्वेलर्स नानाभाई और उत्सवों को और सुनहरा बनाइए।

धनतेरस की शुभकामनाएं

JEWELLERS
NANABHAI
Since 1934

उज्जैन शोरूम - IG बंगले के पास, देवास रोड, उज्जैन 96446-34445
फ्लैगशिप स्टोर - कल्पतरू ग्रैंड्यूर, रेसकोर्स रोड, इंदौर 97522 34446 | हेरिटेज स्टोर - छोटा सराफा, इंदौर 91799 34446

BIS/HUID हॉलमार्क सर्टिफाइड गोल्ड ज्वेलरी 100% बाय बैक गारंटी
IGI/SGL सर्टिफाइड बेदाग डायमंड ज्वेलरी
Gold Coin 25 मिलीग्राम एवं Silver Coin उपलब्ध
हैंडक्राफ्टेड ज्वेलरी का विशिष्ट कलेक्शन
किसी भी तरह का छुपा हुआ कोई चार्ज नहीं
Biggest Valet Parking

आज धनतेरस पर हम आपकी सेवा में सुबह 9 बजे से उपलब्ध रहेंगे.

भव्य पारंपरिक आभूषण • मॉडर्न फ्यूजन ज्वेलरी • डिजाइनर सिल्वर ज्वेलरी • चांदी के बर्तन, पूजा पात्र तथा गिफ्ट आर्टिकल्स • डायमंड और पोल्की का खूबसूरत कलेक्शन

कलिकाल के प्रभाव से योग्य स्थानों पर योग्य व्यक्तियों का अभाव रहेगा - पंन्यास प्रवर

अक्षरविश्व न्यूज

अलौकिक चातुर्मास ज्ञान गंगा एवं दीपावली पर हुए प्रवचन





उज्जैन। पुण्यपाल राजा के स्वप्न केवल भविष्य की घोषणा नहीं, बल्कि वर्तमान समाज के लिए जागृति का शंखनाद हैं। कलिकाल का प्रभाव कितना भी गहरा क्यों न हो, यदि व्यक्ति अपने संस्कार, धर्मश्रद्धा और विवेक को सुरक्षित रखे, तो वह स्वयं के साथ समाज को भी सही दिशा दे सकता है।

अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चल रहे आलौकिक चातुर्मास ज्ञान गंगा एवं दीपावली विशेष प्रवचनों के दौरान गुरुवार को उत्तराध्ययन सूत्र के प्रसंग में पंन्यास प्रवर ऋषभरत्नविजय महाराजा ने पुण्यपाल राजा के आठ स्वप्नों का विस्तारपूर्वक विवेचन किया। आचार्यदेव जितेन्द्रसूरीश्वर महाराजा, आचार्यदेव वीररत्नसूरीश्वरजी महाराजा, आचार्यदेव पद्मभूषणरत्नसूरीश्वरजी महाराजा एवं साध्वी भक्ति रेखाश्री आदि ठाणा उपस्थित रहे।

गुरुदेव ने चतुर्थ स्वप्न के बारे में बताया सिंह के शरीर में पलने वाले कीड़ों के स्वप्न में भगवान का शासन सिंह के समान पराक्रमी और सामर्थ्यवान है। इसे कोई बाहरी शक्ति आसानी से नुकसान नहीं पहुंचा सकती, लेकिन शासन के भीतर के मतभेद, मनभेद और आपसी खींचतान ही इसके पतन का कारण बनते हैं। इसलिए प्रत्येक श्रावक व साधर्मिक का कर्तव्य है कि वह बाहरी विरोधों की चिंता करने के बजाय शासन में परस्पर प्रेम, विनय, अनुशासन और एकता बनाए रखे। इसी तरह पंचम स्वप्न में कौए द्वारा निर्मल जल छोड़कर कीचड़ का पानी पीने के स्वप्न का विवेचन करते हुए बताया गया कि कलिकाल में मनुष्य की रुचि और विवेक बिगड़ेगा। लोग अच्छे संस्कार, मधुर वाणी और अनुशासन का त्याग कर कटुता, कठोरता और निम्न प्रवृत्तियों को प्राथमिकता देंगे।

चातुर्मास समिति के संयोजक अभय जैन मामा और मनीष कोठारी ने बताया कि दीपावली के विशेष मौके पर उत्तराध्ययन सूत्र के 36 अध्ययनों के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 9. 40 बजे से मंदिर परिसर में विशेष प्रवचन हो रहे हैं।

कल होगा श्री घंटाकर्ण महावीर का हवन अनुष्ठान

उज्जैन। दीपावली की पूर्व बेला चतुर्दशी पर शनिवार सुबह 9 बजे से खाराकुआं स्थित श्री सिद्धचक्र केसरियानाथ तीर्थ खाराकुआं पर अधिष्ठायक देव श्री घंटाकर्ण महावीर का 11 कुंडीय हवन अनुष्ठान शास्त्रोक्त विधान से होगा। जिसमें विश्व कल्याण एवं समस्त प्राणियों की सुख-समृद्धि, आरोग्यता के लिए हजारों आहुतियां डाली जाएगी। युवा संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राहुल कटारिया एवं युवा संघ अध्यक्ष श्रीपाल रजावत के अनुसार आयोजन का यह आठवां वर्ष है। इस दौरान घंटाकर्ण महावीर को पगड़ी धारण करवाकर श्रृंगारित किया जाएगा। विभिन्न द्रव्य, फल, नैवेद्य अर्पित कर विशिष्ट सामग्री आहुति में डलेगी। हवन की मुख्य पीठिका के लाभार्थी अनिल कुमार, राहुल, आकाश, जितेन्द्र शेखावत एवं दो सह पीठिका के लाभार्थी राजेंद्र रजत कोठारी एवं पारस महावीर कटारिया परिवार है।

बगलामुखी मंदिर में आज भुवनेश्वरी देवी की विशेष पूजा-अर्चना



उज्जैन। भैरवगड़ रोड स्थित उज्जैन के प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर धाम में विराजित दस महाविद्याओं में से एक प्रमुख मां भुवनेश्वरी देवी की आज दीपावली पर्व से पूर्व धनतेरस पर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में 51 पंडितों के द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। मां को प्रसन्न करने के लिए विद्वान ब्राह्मणों के आचार्यत्व में धनतेरस पर अभिषेक-पूजन, श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। फल व भोग अर्पण किया जाएगा। साथ ही कुमकुम भी अर्पित होगा जो दीपावली के दूसरे दिन सुहाग पड़वा पर सौभाग्यवती महिलाओं को देवी के आशीर्वाद स्वरूप निशुल्क वितरित किया जाएगा।

युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने कई प्रतियोगिता में दिखाया हुनर



उज्जैन। लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का समापन हुआ। 3 से 5 नवंबर तक आयोजित इस उत्सव की विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अब अंतर-महाविद्यालयीन जिला स्तरीय स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

युवा उत्सव के अंतर्गत कॉलेज में रंगोली, भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, एकल व समूह गायन, एकल व समूह नृत्य, मिमिक्री, एकांकी नाटक, मूक अभिनय और कोलाज जैसी कई स्पर्धाएं हुई। इनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर विजेताओं को आगामी स्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास के अध्यक्ष वरुण गुप्ता, सचिव अर्जुन कानडी एवं कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव ने आयोजन की सफलता पर स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम की रूपरेखा और सभी स्पर्धाओं का सफलतापूर्वक संचालन संयोजिका डॉ. नितिशा तोषनीवाल, समिति सदस्य डॉ. ममता पंड्या एवं प्रोफेसर सोनल गोधा ने किया।

धनतेरसः नानाभाई पर मिलेगा स्पेशल ऑफर



उज्जैन। धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपनी पसंद के आभूषणों की खरीद कर सकें और फिर निश्चिंत होकर त्योहार मना सकें। इसके लिए ज्वेलर्स नानाभाई कर रहा है आपका इंतजार। इस धनतेरस चाहे अपने लिए खरीदना हो या उपहार में देना हो सुबह से ही लाभ पाने को तैयार हो जाइए। यह धनतेरस सभी के लिए होगा सबसे बेस्ट डेस्टिनेशन, ज्वेलर्स नानाभाई पर 93 वर्षों से निरंतर अपने ग्राहक परिवारों को विश्वास से भरपूर सेवाएं दे रहे ज्वेलर्स नानाभाई पर अतिसुंदर आभूषणों से लेकर भरोसेमंद सेवाओं तक की विरासत परम्परा के तौर पर जुड़ी है। यहां ज्वेलरी केवल सजावटी आभूषण नहीं, बल्कि भावनाओं का निवेश भी है। ट्रेडिशनल जड़ाऊ और हैवी गहनों से लेकर मॉर्डन, एलिगेंट और ट्रेंडी ज्वेलरी का बेहतरीन कॉम्बिनेशन और पार्टी के लिए लाइटवेट ज्वेलरी की विस्तृत रेंज आपको यहां मिलेगी। यह ज्वेलरी आपको रॉयल और कम्फर्ट दोनों का अनुभव देगी। इतना ही नहीं यहां मेकिंग चार्जेस भी होंगे सबसे सही और निष्पक्ष। मतलब कोई हिडन चार्जेस नहीं, सिर्फ पारदर्शिता और गहनों की सच्ची कीमत। यहां BIS/HUID हॉलमार्क सर्टिफाइड गोल्ड ज्वेलरी 100 प्रतिशत बाय बैक गारंटी के साथ, IGI/SGL सर्टिफाइड बेदा डायमंड ज्वेलरी, 25 मिलीग्राम के गोल्ड क्वाइन और 2 ग्राम के सिल्वर क्वाइन तथा हैंडक्राफ्टेड ज्वेलरी का विशेष कलेक्शन भी आपके लिए उपलब्ध होगा। ज्वेलर्स नानाभाई के केतन सोनी, कौशिक (कान्हा) सोनी और दर्शन सोनी कहते है, धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में खरीदी करने की खास परंपरा है। इसलिए ही हमने सुबह जल्दी शोरूम खोलने का निर्णय लिया है। ताकि हर ग्राहक को सही तरीके से मनपसंद आभूषण चुनने का भी मौका मिले और फिर वह जल्दी घर पहुंचकर पूजा भी तसल्ली से कर सके। चूंकि ज्यादातर जगह छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं, ऐसे में सुबह आभूषणों की खरीद के बाद आप बाकी दिन दूसरी खरीदी भी निश्चिंत होकर कर सकते हैं। हमने आभूषणों के साथ ही उपहार में देने या निवेश के लिए सिक्के आदि का भी विस्तृत कलेक्शन प्रस्तुत किया है, ताकि हर ग्राहक प्रसन्न मन से खुशियां लेकर यहां से जाए। इंदौर में ग्राहकों के परिवारों की कई पीढ़ियों को जोड़ने के बाद हम उज्जैन में अपना शोरूम लेकर आए हैं और हमें बताते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है कि बहुत कम समय में ही उज्जैन के लोगों ने हमारी डिजाइन से लेकर सर्विसेस तक को खूब पसंद किया है। हमारा लक्ष्य है ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा देना। इसलिए डिजाइनों में इनोवेशन के साथ ही हम मेकिंग को भी एकदम निष्पक्ष रखते हैं। हमारे पास गोल्ड, डायमंड, पर्ल, पोलकी, जेम्स और सिल्वर सभी तरह के आभूषण और गिफ्ट आर्टिकल उपलब्ध हैं जो आपके त्योहारों की खुशी को कई गुना बढ़ा देंगें। हमें पूरा विश्वास है कि उज्जैन के लिए यह धनतेरस और भी खास और खुशियों भरी रहेगी।



भूतेश्वर महादेव भक्त मंडल ने की हनुमान आरती



उज्जैन। भूतेश्वर महादेव भक्त मंडल द्वारा मराठा योद्धा स्वर्गीय अजय राव की 10वीं पुण्यतिथि के पर हनुमान जी की आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तगण, समाजजन एवं भारतीय जनता पार्टी के नगर जिला, मोर्चा और मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने हनुमान जी की आरती कर स्वर्गीय अजय राव को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजेश गुरु ,मोनी बाबा, हर्षवर्धन सिंह कुशवाह, नवीन यादव, उत्तम गुरु , रवि राव, श्रीपाल राजावत, शुभम शिंदे, ऋतिक शिंदे, नितिन टांक, आकाश राव, सूरज राव, नीलेश बैरागी, रोहित यादव, अनिकेत सेन आदि मौजूद थे।

छात्राओं ने लगाई हस्तशिल्प और व्यंजनों की प्रदर्शनी



उज्जैन। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं होती। विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्त जेन-जी बनना चाहिए। अपनी भाषा में संवाद व हस्ताक्षर करें और देश को भारत कहें। यह बात शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा हाटपीपल्या स्थित श्री उमा कन्या महाविद्यालय में शिक्षा से आत्मनिर्भरता विषय पर विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम के दौरान न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. राकेश ढांड ने कहीं।

कार्यक्रम में डॉ. प्रेमलता चुटेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने हर विषय में अपनी भाषा में अध्ययन का अवसर दिया है, अतः देश की चिंता करने वाले विद्यार्थी बनें। वहीं उद्योग विभाग के पूर्व अतिरिक्त संचालक अशोक मेहता ने बताया कि उद्योग लगाने के लिए शासन की अनेक अनुदान योजनाएं हैं। युवा उद्यमी बनकर अपने गांव में ही लघु उद्योग आरंभ कर सकते हैं। अध्यक्षता घनश्याम पाटीदार ने की। स्वागत वक्तव्य डॉ. अक्षय आचार्य ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. जफर महमूद रमेश पाटीदार, प्रेमनारायण पाटीदार, गोवर्धन लाल शर्मा, भूपेंद्र गुप्ता, निकिता कारपेंटर, पायल सैंधव, आराधना जमोरिया, कौशल्या सेन आदि मौजूद थे।





cmyk

अक्षरविश्व

avnews.in aksharvishwaujjain

आपका शहर, आपका अखबार

उज्जैन, इंदौर, भोपाल और शाजापुर से एक साथ प्रकाशित

इंदौर, शुक्रवार
06 नवंबर 2026 कार्तिक कृष्ण 12/13, विक्रम संवत् 2083
वर्ष-20 अंक-117 पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 रुपए

सुविचार

'जीवन में सफलता उन्हीं को मिलती है, जो मुश्किलों से घबराते नहीं, बल्कि उनका सामना हिम्मत और धैर्य से करते हैं।'

दिल्ली: निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरी, 2 की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, करीब 15 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना सुबह 9:50 बजे चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास गली सत्तारा में हुई। सूचना मिलने के बाद दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। एनडीआरएफ, दिल्ली पुलिस और एमसीडी की टीमें भी रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन में जुटी हैं।

फ्रांस: सरकारी ब्लड बैंक का कूलिंग सिस्टम हैक

110 डिग्री सेल्सियस तक खून को खौलाने की साजिश

इससे 1900 अस्पताल जुड़े; पहले 700 सुपर मार्केट हैक हुए

पेरिस। फ्रांस में हैकर्स ने 1 नवंबर की रात ब्लड बैंक के कोल्ड स्टोरेज सिस्टम पर हमला किया। हमलावरों ने फ्रीजर का तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस से बढ़ाकर 110 डिग्री सेल्सियस तक करने की कोशिश की। हालांकि, अलार्म सिस्टम ने समय रहते गड़बड़ी पकड़ ली। इससे खून और प्लाज्मा के नमूनों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

फ्रांस के साप्ताहिक अखबार 'ले कनार आंचेने' ने बुधवार को सबसे पहले इस साइबर हमले की खबर दी थी। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक ब्लड स्टोरेज सिस्टम में प्रवेश के लिए डिफॉल्ट पासवर्ड का इस्तेमाल किया गया था।

प्लाजमा को सुरक्षित जगह भेजा गया

फ्रांस के ब्लड बैंक का संचालन करने वाली संस्था फ्रेंच ब्लड एस्टैब्लिशमेंट (EFS) के मुताबिक फ्रीजर में रखे प्लाज्मा को सुरक्षित दूसरी जगह भेज दिया गया है। ईएफएस ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में लगे निगरानी और अलार्म सिस्टम ने तापमान में असामान्य बदलाव को तुरंत पकड़ लिया। इससे कर्मचारियों को समय रहते कार्रवाई करने का मौका मिल गया। ईएफएस फ्रांस की सरकारी रक्त सेवा है। यह देश के 1,900 से ज्यादा अस्पतालों के लिए खून, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स इकट्ठा करने, उनकी जांच करने, उन्हें तैयार करने और अस्पतालों तक पहुंचाने का काम करती है।



इंटरनेट से जुड़े फ्रीजर कंट्रोल सिस्टम में सेंध लगाई

फ्रीजर का तापमान नियंत्रित करने के लिए दुकानों और कोल्ड स्टोरेज सेंटर में खास इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोलर लगे होते हैं। इनकी मदद से तापमान की निगरानी और उसे दूर से नियंत्रित किया जा सकता है। कुछ सिस्टम इंटरनेट से जुड़े होते हैं, ताकि उपकरण उपलब्ध कराने वाली कंपनी या तकनीकी कर्मचारी कहीं से भी उनकी जांच और मरम्मत कर सकें। फ्रांस की सरकारी साइबर सुरक्षा एजेंसी CERT-FR ने 12 अक्टूबर को ही रेफ्रिजरेशन कंट्रोलर पर हमलों को लेकर चेतावनी जारी की थी। इन उपकरणों के कई कंट्रोलर इंटरनेट पर सीधे उपलब्ध थे। इनमें डिफॉल्ट पासवर्ड जैसी सुरक्षा संबंधी कमजोरियां थीं। डिफॉल्ट पासवर्ड (पहले से तय पासवर्ड) वह पासवर्ड होता है, जो किसी मशीन, डिवाइस या सॉफ्टवेयर में कंपनी की तरफ से पहले से सेट करके दिया जाता है। अगर मशीन लगाने के बाद उसका पासवर्ड नहीं बदला गया, तो हैकर उसी पुराने पासवर्ड से सिस्टम में घुसने की कोशिश कर सकते हैं।

रूस पर हमले का शक

यूरोप में हुए इन साइबर हमलों के पीछे किसका हाथ है, यह अभी साफ नहीं हुआ है। हालांकि, रूस समर्थित हैकर समूहों की भूमिका को लेकर शक जताया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस समर्थक दो हैकर समूहों नोनेम057(16) और जेड-पेंटेस्ट अलायंस ने डैनफॉस कंपनी की तकनीक को हैक करने का दावा किया था। डैनफॉस रेफ्रिजरेशन सिस्टम और तापमान नियंत्रित करने वाले उपकरण बनाती है। हैकर समूहों के दावे से इन हमलों में उनकी संभावित भूमिका को लेकर सवाल उठे हैं। हालांकि, अभी तक इस बात की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है कि फ्रांस के सुपरमार्केट और ब्लड बैंक पर हुए हमलों के पीछे यही समूह थे।

हरदीप पुरी निर्विरोध राज्यसभा पहुंचे

भोपाल। मप्र से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुन लिए गए हैं। उनके निर्वाचन के साथ प्रदेश में राज्यसभा का संख्या समीकरण बदल गया है। अब 11 सीटों में भाजपा के 9 और कांग्रेस के 2 सांसद हैं। पुरी के नामांकन में 100 से ज्यादा कमियां होने का दावा करते हुए कांग्रेस ने आपत्तियां दर्ज कराई थीं। पत्नी के नाम, विदेशी संपत्तियों और बैंक खातों की जानकारी पर सवाल उठाए गए, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने सभी आपत्तियां खारिज कर दीं। उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इलेक्शन पिटीशन दायर की जा सकती है। उन्होंने कहा आज शायद पुरी जी को निर्वाचित घोषित किया गया है।



ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी में विपक्ष

एपस्टीन मामले की भी जांच होगी

वॉशिंगटन डीसी। मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद अब राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके जरिए उन्हें पद से हटाया जा सकता है।



डेमोक्रेट्स आरोप लगा रहे हैं कि ट्रंप ने अपने पद का इस्तेमाल कर अपने करीबियों को फायदा पहुंचाया और संपत्ति जुटाई। इससे आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। डेमोक्रेटिक सांसद रॉबर्ट गार्सिया ने कहा कि वे यह पता लगाएंगे राष्ट्रपति रहते हुए ट्रंप और उनके परिवार की संपत्ति कैसे बढ़ी। उनका फोकस ट्रंप के बेटों और दामाद जेरेड कुशनर के कारोबारी सौदों पर है। गार्सिया ने जांच के लिए पांच मुद्दे तय किए हैं। इनमें ट्रम्प परिवार के कारोबारी सौदे, जेफ्री एपस्टीन मामले की जांच में ट्रंप प्रशासन की भूमिका और अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी की छापेमारी और कार्रवाई शामिल हैं। डेमक्रेटिक पार्टी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 1990 के दशक के बाद सबसे बड़ी जीत दर्ज कर सकती है। पार्टी को 260 से ज्यादा सीटें मिलने की संभावना है। डेमोक्रेट्स एरिजोना की दो सीटों पर बड़े अंतर से आगे हैं। यहां 80% से ज्यादा वोटों की गिनती हो चुकी है। इसके अलावा करीब 12 सीटों पर वे 1 से 5 पॉइंट के अंतर से आगे हैं।

पाकिस्तानी सेना की फायरिंग, 7 की मौत



रावलकोट। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रावलकोट में गुरुवार को प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने फायरिंग की है। इसमें कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी ने आरोप लगाया कि सुरक्षाबलों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भारी मशीनगनों और ड्रोन से हमला किया। घटना को लेकर अभी तक पाकिस्तानी अधिकारियों का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

हैदराबाद जेल में बना देश का पहला जेंडर न्यूट्रल सेल



हैदराबाद। पहले जेल में सिर्फ पुरुष और महिला वार्ड होते थे। ट्रांसजेंडर कैदियों को किस वार्ड में रखा जाए, ये बड़ी दिक्कत थी। अब उनके लिए अलग जेंडर-न्यूट्रल सेल होगा, जहां वो अपनी पहचान के हिसाब से रह सकेंगे और अपनी पसंद के कपड़े भी पहन सकेंगे। नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन के हस्तक्षेप के बाद हैदराबाद सेंट्रल जेल में देश का पहला जेंडर-न्यूट्रल सेल बनाया गया है। एनएचआरसी ने गुरुवार यह जानकारी दी। यह कदम 8 अक्टूबर को एनएचआरसी के विशेष मॉनिटर के जेल दौरे के बाद उठाया गया। विशेष मॉनिटर ट्रांसजेंडर लोगों और एलजीबीटीक्यू+ समुदाय के अधिकारों से जुड़े मामलों की जिम्मेदारी संभालते हैं।

हिरासत के बाद 24 घंटे में पेशी जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हिरासत के बाद कोर्ट में पेश करने की 24 घंटे की समय सीमा को साफ किया। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की समयसीमा उसे हिरासत में लेते ही शुरू हो जाएगी। यह समय औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज होने के समय से नहीं गिना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसियां किसी व्यक्ति को पहले हिरासत में लेकर बाद में गिरफ्तारी दर्ज करने का रास्ता नहीं अपना सकतीं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला गिरफ्तार त्रिपुरा के चार लोगों की याचिका से जुड़ा है। इनका आरोप है कि हिरासत में लेने और गिरफ्तारी दर्ज करने के बीच करीब 21 घंटे का अंतर था। मामले की सुनवाई जस्टिस उज्जवल भुइयां और जस्टिस अतुल एस. चंद्रकुर की बेंच में हुई। मामला त्रिपुरा में 11.03 किलो याबा टैबलेट की जब्ती से जुड़ा था। 29 सितंबर 2025 को दोपहर 2 बजे तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के दौरान चारों लोगों को हिरासत में लिया गया, लेकिन पुलिस ने उनकी औपचारिक गिरफ्तारी अगले दिन यानी 30 सितंबर को सुबह 11 बजे दर्ज की। मतलब हिरासत में लेने और गिरफ्तारी दर्ज करने के बीच करीब 21 घंटे का अंतर था।

रोनाल्डो ने इंटरनेशनल फुटबॉल से लिया संन्यास

स्पोर्ट्स डेस्क। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। 41 साल के रोनाल्डो ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवंबर के इंटरनेशनल ब्रेक के बाद वह पुर्तगाल की नंबर-7 जर्सी टीम को लौटा देंगे। रोनाल्डो का सफर 20 अगस्त 2003 को कजाकिस्तान के खिलाफ शुरू हुआ था। तब वह सिर्फ 18 साल के थे। अगले 23 साल में उन्होंने पुर्तगाल के लिए 234 मैच खेले और सबसे ज्यादा 146 गोल किए। उनके नाम 46 असिस्ट भी दर्ज हैं। असिस्ट का मतलब है गोल करने वाले खिलाड़ी को आखिरी पास देना। रोनाल्डो ने वीडियो में कहा कि राष्ट्रीय टीम के साथ मैदान पर मेरा सफर खत्म हो रहा है। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर उन्हें सिर्फ मैच, गोल, रिकॉर्ड और ट्रॉफियां याद नहीं आतीं, बल्कि वे लोग याद आते हैं जिन्होंने इस सफर को खास बनाया।



उत्तरकाशी की केदारताल झील टूटी तो 45 मिनट में गंगोत्री पहुंच जाएगी बाढ़

देहरादून। उत्तरकाशी की केदारताल झील भविष्य में आपदा का कारण बन सकती है। इसका प्राकृतिक बांध टूटा तो महज 45 मिनट में गंगोत्री तक बाढ़ की लहर पहुंच सकती है।

शुरुआती 15 मिनट में इसका प्रवाह 2800 घनमीटर प्रति सेकंड तक पहुंचने का अनुमान है। गंगोत्री पहुंचने पर भी इसकी रफ्तार 1450 घनमीटर प्रति सेकंड रह सकती है। राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान (एनआईएच), रुड़की के वैज्ञानिकों के शोध में यह खतरा सामने आया है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिमोट सेंसिंग में प्रकाशित अध्ययन में झील के विस्तार, जलवायु परिवर्तन और झील टूटने की स्थिति में संभावित बाढ़ का आकलन किया गया है।



अध्ययन के अनुसार केदारताल का क्षेत्रफल 64,455.86 वर्गमीटर था। वर्ष 2020 में यह बढ़कर 1,05,772.99 वर्गमीटर और 2025 में 1,33,823.1 वर्गमीटर हो गया। 35 वर्ष में झील का क्षेत्रफल 107.5 प्रतिशत बढ़ा है। खास बात यह है कि 2020 से 2025 के बीच ही झील का विस्तार करीब 28 हजार वर्गमीटर बढ़ गया। सितंबर 2026 में करीब 20 वैज्ञानिकों की टीम ने झील का सर्वे किया। इसमें झील की लंबाई करीब 600 मीटर और चौड़ाई 200 मीटर मापी गई। इसकी अधिकतम गहराई 13 मीटर और अनुमानित जल भंडारण क्षमता करीब 1.56 अरब लीटर आंकी गई।

संकरी घाटी में दो मीटर तक हो सकती है पानी की गहराई

झील का प्राकृतिक बांध टूटने की स्थिति का आकलन करने के लिए वैज्ञानिकों ने दो आयामी जलगतिकीय मॉडल का इस्तेमाल किया। इसके अनुसार झील से निकलने वाली बाढ़ की लहर शुरुआती 15 मिनट में अधिकतम प्रवाह तक पहुंच सकती है। इसका अनुमानित प्रवाह 2800 घनमीटर प्रति सेकंड होगा। केदारगंगा घाटी में 20 किमी का रास्ता तय कर यह 45 मिनट में गंगोत्री पहुंचेगी। घाटी के संकरे हिस्सों में पानी की गहराई दो मीटर तक हो सकती है। वहीं, संगम के आसपास बसे क्षेत्रों में संभावित जलभराव की गहराई शून्य से 15 मीटर तक रह सकती है। इससे नदी किनारे और निचले इलाकों में बने निर्माण और बुनियादी ढांचे को गंभीर खतरा हो सकता है।



टीआई की हत्या के बाद खुला शराब तस्करी का सिंडिकेट, हरदा से गुजरात तक फैला नेटवर्क

दस किमी आगे चलती थी रेकी करने वाली कार, ट्रकों में बने थे सीक्रेट बॉक्स

खतरा मिलते ही जंगलों में छुपा देते थे शराब की खेप, अब तक 13 आरोपी हिरासत में

अक्षरविश्व न्यूज

देवास। खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी की हत्या के बाद पुलिस जांच में अवैध शराब तस्करी के बड़े सिंडिकेट की परतें खुलने लगी हैं। जांच में सामने आया है कि हरदा जिले के टिमरनी से शराब की खेप लोड होकर इंदौर, धार, झाबुआ और आलीराजपुर के रास्ते गुजरात तक पहुंचाई जा रही थी। इस पूरे नेटवर्क में तस्करी से लेकर रास्ते की रेकी, माल छिपाने और स्थानीय संपर्कों तक के लिए अलग-अलग लोगों की जिम्मेदारी तय थी। पुलिस अब तक 13 आरोपियों को हिरासत में ले चुकी है। डीजीपी उपेंद्र जैन के मुताबिक, नेटवर्क की पहचान कर ली गई है और पांच जिलों में पुलिस की विशेष टीमें कार्रवाई कर रही हैं।



तस्करी के इस नेटवर्क में पुलिस से बचने के लिए बाकायदा सुरक्षा तंत्र तैयार किया गया था। शराब से भरे ट्रक से करीब 10 किलोमीटर आगे चार लोगों से भरी एक कार चलती थी। यह टीम रास्ते में पुलिस चेकिंग और संभावित खतरे की जानकारी ट्रक चालक तक पहुंचाती थी। रास्ता सुरक्षित नहीं होने पर शराब की पेटियों को जंगलों में छिपा दिया जाता था। ट्रकों के कैबिन और बॉडी में विशेष कैबिन व सीक्रेट बॉक्स भी बनाए गए थे, ताकि बाहर से देखने पर वाहन सामान्य नजर आएं और शराब की खेप का पता न चल सके।

पेट्रोल पंप, बस और प्रॉपर्टी कारोबार से खड़ा किया साम्राज्य

जांच के मुताबिक, सिंडिकेट में राहुल जायसवाल की प्रमुख भूमिका सामने आई है। वह पेट्रोल पंप, बस संचालन और प्रॉपर्टी कारोबार के साथ राजनीतिक गलियारों में भी सक्रिय था। पुलिस जांच में शराब तस्करी से अर्जित रकम के जरिए करीब 10 साल में कारोबारी साम्राज्य खड़ा करने की बात सामने आई है। वहीं, इंदौर के कारोबारी मनीष पर आलीराजपुर तक शराब की खेप पहुंचाने और स्थानीय संपर्कों की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि वर्ष 2024-25 के शराब ठेकों में लेन-देन और घाटे को लेकर हुए विवाद के बाद राहुल इस नेटवर्क में अधिक सक्रिय हुआ था।

तीन रास्तों से पहुंचाते थे खेप

जांच में सामने आया है कि हरदा जिले के टिमरनी से शराब लोड होने के बाद तस्करी के लिए तीन अलग-अलग रास्तों का इस्तेमाल किया जाता था। खेप इंदौर पहुंचती थी, जहां से धार, झाबुआ और आलीराजपुर के जंगलों के रास्ते गुजरात सीमा पार कराई जाती थी। नेटवर्क के मुख्य आरोपी खुद को सीधे तौर पर बचाने के लिए गरीब और जरूरतमंद स्थानीय लोगों को छोटे-छोटे कामों में इस्तेमाल करते थे।

आबकारी अधिकारी निलंबित

मामले में प्रशासन ने हरदा जिले के टिमरनी की तीनों शराब दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर उन्हें सील कर दिया है। वहीं, लापरवाही के आरोप में हरदा के सहायक जिला आबकारी अधिकारी अमर सिंह बघेल और दो आबकारी आरक्षकों अरुण कुम्बरे व कृष्णपाल सिंह डोडिया को निलंबित किया गया है। डीजीपी उपेंद्र जैन के अनुसार, पुलिस की विशेष टीमें पांच जिलों में कार्रवाई कर रही हैं। सप्लायर से लेकर खरीदार तक नेटवर्क से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका की जांच की जा रही है।



रहवासी कॉलोनी के मकान में छुपाए थे 10 लाख के पटाखे, 21 कार्टन जब्त

चंद्रतारा कॉलोनी में दबिश, 87 प्रकार के पटाखे मिले, मकान मालिक गिरफ्तार

अक्षरविश्व न्यूज

देवास। दीपावली से पहले रहवासी क्षेत्रों में पटाखों के अवैध भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार रात को चंद्र तारा कॉलोनी स्थित मकान में दबिश देकर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने 10 लाख रुपए से अधिक कीमत के पटाखे जब्त किए। मकान से 87 प्रकार के पटाखों के 21 कार्टन मिले। मामले में मकान निवासी रजत अग्रवाल (34) को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चंद्र तारा कॉलोनी के मकान नंबर 281 में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया जा रहा है। सूचना पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और थाना प्रभारी की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान से विभिन्न प्रकार के 21 कार्टन पटाखे मिले, जिनकी अनुमानित कीमत 10 लाख 558 रुपए बताई गई है। टीम ने पटाखे जब्त कर आरोपी रजत अग्रवाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण में बीएनएस की धारा और विस्फोटक अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की है। मामले में विवेचना जारी है।

NEWS डायरी

धनतेरस पर कुबेर देवता की महाआरती आज

देवास। धनतेरस पर माता टेकरी स्थित कुबेर देवता की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती होगी। मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा शाम 4 बजे पांच नदियों के जल से अभिषेक कर 101 दीपकों से महाआरती की जाएगी। वहीं बैंक नोट प्रेस सेवा समिति में सुबह 9.30 बजे पूजा-अर्चना और आरती होगी। इसमें बीएनपी के मुख्य महाप्रबंधक आशुतोष कुमार, संदीप कुमार एस और एसपी आदित्य मिश्रा सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे।

साढ़े आठ माह से चल रहे रामायण पाठ का समापन

देवास। गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में 8 माह 17 दिन से प्रतिदिन चल रहे रामायण पाठ का समापन हुआ। इस अवसर पर पाठ करने वाले सेवानिवृत्त सहायक संचालक शिक्षा गेरूलाल व्यास का गायत्री शक्तिपीठ परिवार ने सम्मान किया। व्यास ने बताया कि रामायण पाठ का उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति जागरुकता बढ़ाना और युवा पीढ़ी को धर्म के मार्ग पर प्रेरित करना था।

मिनी नेशनल सॉफ्टबॉल में देवास को कांस्य

देवास। महाराष्ट्र के शिर्डी में 9वीं मिनी सब जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में देवास के खिलाड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किया। नैतिक परमार, मृत्युंजय कुशवाह और सक्षम गंगवार ने यह उपलब्धि प्राप्त की। खिलाड़ियों को प्रशिक्षक देव चौधरी और मानसी राठौर ने प्रशिक्षण दिया।

कराते प्रतियोगिता में वैभव ने जीता रजत पदक

देवास। इंदौर के एमरल्ड वर्ल्ड स्कूल में 2 से 5 नवंबर तक 70वीं राज्य स्तरीय शालेय कराते प्रतियोगिता में देवास के वैभव कुमावत ने रजत पदक हासिल किया। एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी वैभव ने 70 किलोग्राम वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी उपलब्धि पर खेल संगठनों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बैडमिंटन में संकल्प और प्रियांशी बने विजेता

देवास। 90वीं दशहरा एवं कृषि कला प्रदर्शनी के तहत लक्ष्मीनारायण भुवन क्लब में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में संकल्प मालवीय और प्रियांशी थपलियाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-19 बालक एकल वर्ग में संकल्प ने फाइनल में अथर्व तिवारी को तथा बालिका वर्ग में प्रियांशी ने अश्लेषा तिवारी को हराया। 12 वर्षीय कृशांत गोल्डर ने कांस्य पदक जीता। विजेताओं को ट्रॉफी, नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए।

दीपावली तक छोटे फुटकर व्यापारियों से शुल्क नहीं लेगा निगम

देवास। दीपावली के मद्देनजर नगर निगम छोटे फुटकर व्यापारियों से किसी प्रकार का राजस्व शुल्क नहीं वसूलेगा। महापौर गीता अग्रवाल ने निर्देश दिए हैं कि दीये, बाती, पूजन सामग्री सहित अन्य छोटी वस्तुएं ठेले या जमीन पर बैठकर बेचने वाले व्यापारियों को दीपावली से एक दिन बाद तक शुल्क में छूट रहेगी। महापौर ने नागरिकों से भी अपील की कि त्योहार पर छोटे व्यापारियों से खरीदारी कर उनकी दीपावली खुशहाल बनाने में सहयोग करें। बड़े व्यापारियों पर नियमानुसार शुल्क लागू रहेगा।

त्योहार से पहले मिठाई दुकानों पर कार्रवाई दो दुकानों से 705 किलो मावा-मिठाई जब्त

न्यू स्वदेशी का गोदाम सील, राजस्थानी स्वीट्स से भी अमानक सामग्री मिली, रैपिड टेस्ट में मावे के सैंपल फेल







अक्षरविश्व न्यूज

देवास। खाद्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने एबी रोड स्थित राजस्थानी स्वीट्स और नयापुरा चौक स्थित न्यू स्वदेशी स्वीट्स पर जांच की। रैपिड टेस्ट में मावे के नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे। कार्रवाई के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों से करीब 705 किलो मावा और मिठाई जब्त की गई। न्यू स्वदेशी स्वीट्स का गोदाम सील कर दिया गया, राजस्थानी स्वीट्स से जब्त सामग्री फ्रिज में सील की गई।

तहसीलदार हरिओम ठाकुर के अनुसार न्यू स्वदेशी स्वीट्स से करीब 550 किलो मावा जब्त किया गया। वहीं राजस्थानी स्वीट्स से 155 किलो मावा, मिठाई और बर्फी जब्त की गई। रैपिड टेस्टिंग किट से मावे की प्राथमिक जांच में नमक, डिटर्जेंट और यूरिया सहित मिलावट से संबंधित परीक्षणों के नमूने फेल पाए गए। इसके बाद नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई।

पिछली कार्रवाई में भी सामने आया था प्रतिष्ठान

तहसीलदार कपिल गुर्जर ने बताया कि न्यू स्वदेशी स्वीट्स पर रक्षाबंधन के दौरान भी कार्रवाई की गई थी। पिछला प्रकरण दर्ज होने के बावजूद इस बार फिर अनियमितता सामने आने पर प्रतिष्ठान का लाइसेंस निरस्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दुकान के गोदाम को सील करने के साथ नापतोल विभाग ने प्रतिष्ठान के तराजू भी सील किए हैं।

तौल कांटों का सत्यापन नहीं, नापतोल विभाग ने दर्ज किया प्रकरण

इसी कार्रवाई के दौरान नापतोल विभाग ने दोनों प्रतिष्ठानों के इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों की जांच की। निरीक्षक श्याम दुबे के अनुसार कांटों पर अनिवार्य वार्षिक सत्यापन की सील नहीं मिली। इसके चलते इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे जब्त कर विधिक माप विज्ञान अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसमें अर्थदंड की कार्रवाई भी की जा सकती है।

जिलेभर में जांच अभियान जारी

दीपावली के मद्देनजर कलेक्टर ने जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और स्वास्थ्यकर परिस्थितियों की जांच के लिए दल गठित किए हैं। जिला स्तर पर अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन को नोडल अधिकारी और जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। अनुभाग स्तर पर एसडीएम जांच की निगरानी करेंगे। जांच दलों को दूध, मावा और अन्य खाद्य पदार्थों की रैपिड किट व आयोडीन टेस्ट जैसी उपलब्ध विधियों से प्राथमिक जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रथम दृष्टया अमानक पाए जाने पर नियमानुसार नमूने लेकर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य निर्माण केंद्रों पर स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन भी जांचा जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहार तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

अवैध शराब पर शिकंजे के लिए टीमें गठित, जिले में छापेमारी होगी

अवैध निर्माण से लेकर परिवहन तक पर रहेगी नजर

अक्षरविश्व न्यूज

देवास। जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू किया है। कलेक्टर नेहा मीना ने इसके लिए आबकारी विभाग के दो विशेष जांच दल गठित किए हैं। ये दल 30 नवंबर तक जिलेभर में सघन जांच और कार्रवाई करेंगे। प्रत्येक दल को अलग-अलग आबकारी वृत्तों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों को प्रतिदिन गश्त करने और जरूरत के अनुसार अचानक दबिश देने के निर्देश दिए गए हैं।

पहले दल का प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे को बनाया गया है। इस दल के जिम्मे देवास-अ, देवास-ब, देवास-स, टोंकखुर्द और सोनकच्छ वृत्त रहेंगे। वहीं, दूसरे दल की जिम्मेदारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी महेश पटेल को सौंपी गई है। यह दल बागली-अ, बागली-ब, कन्नौद और खातेगांव वृत्त में कार्रवाई करेगा। दोनों दलों में आबकारी उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षक और आरक्षकों को भी शामिल किया गया है।

एमएसपी-एमआरपी के उल्लंघन पर भी कार्रवाई

अभियान में केवल अवैध शराब ही नहीं, बल्कि लाइसेंसी दुकानों पर बिक्री व्यवस्था की भी जांच होगी। शराब का विक्रय निर्धारित न्यूनतम विक्रय मूल्य (एमएसपी) और अधिकतम विक्रय मूल्य (एमआरपी) के अनुसार सुनिश्चित कराया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले लाइसेंसधारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को पूरी गंभीरता और आपसी समन्वय के साथ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

समस्याओं के निराकरण की मांग की

देवास। चंद्रलोक नगर की मूलभूत समस्याओं और मीरा बावड़ी चौराहे के विकास को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता आरबी पटेल ने महापौर जनसुनवाई में आवेदन दिया। उन्होंने चौराहे पर पूर्व विधायक स्व. कृष्णाजीराव पंवार की प्रतिमा स्थापित कर उनके नाम पर नामकरण और सौंदर्यीकरण कराने की मांग की। साथ ही एक वर्ष से कच्चे पड़े मुख्य मार्ग का निर्माण, नालों की सफाई और नालों को ढंकने की व्यवस्था कराने की मांग उठाई।

मीना बाजार में बाइक चोरी, रात में युवक लापता, सुबह रेलवे ट्रैक पर मिला शव

दोस्तों के साथ गया था मीना बाजार, दोस्तों ने घर के पास छोड़ा था

अक्षरविश्व न्यूज

देवास। मीना बाजार में बाइक चोरी होने के बाद दोस्तों के साथ उसे तलाशने निकला 19 वर्षीय रघुवीर सिंह राजपूत रात में घर नहीं पहुंचा। गुरुवार सुबह उसका शव किंग जॉर्ज स्कूल के पीछे रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। रात करीब 3.52 बजे निकली ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत होने की आशंका है।



जानकारी के अनुसार बावड़िया निवासी रघुवीर पिता सतीश राजपूत कृति कंपनी में काम करता था और सामान्यतः सुबह 6 बजे घर लौटता था। बुधवार रात करीब 9 बजे वह दोस्तों के साथ मीना बाजार गया था। करीब एक घंटे बाद मेले से बाहर आने पर उसकी बाइक गायब मिली। दोस्तों ने बाइक तलाशने के बाद कोतवाली थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद भी बाइक की तलाश जारी रखी। रघुवीर के दोस्त युवराज चंदेल ने पुलिस को बताया कि वह शीतला माता मंदिर के पास से रघुवीर के साथ पैदल आया था। उसे घर के पास गली में छोड़ने पर रघुवीर ने घर जाने की बात कही थी। इसके बाद युवराज लौट गया। हालांकि, रघुवीर घर पहुंचने के बजाय रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंचा, इसकी जानकारी नहीं है।

औद्योगिक थाना पुलिस ने बताया कि रात करीब 3.52 बजे निकली ट्रेन नंबर 19304 की चपेट में आने से रघुवीर की मौत होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि ट्रेन के चालक से भी संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि मृतक उसके तीन दोस्तों के साथ मीना बाजार गया था जिनमें पीयूष चौहान, नरेंद्र परिहार, अभिषेक नागर थे। पुलिस ने दोस्तों के मोबाइल जब्त कर लिए हैं।

मोबाइल से संपर्क, कपड़ों से हुई पहचान

शव के पास मिले मोबाइल से पुलिस ने परिजन से संपर्क किया। थाने पहुंचने पर पिता से मोबाइल का लॉक खुलवाया गया, जिसके बाद परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और कपड़ों के आधार पर शव की पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि रघुवीर द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। औद्योगिक थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस अब बाइक चोरी से लेकर युवक के रेलवे ट्रैक तक पहुंचने के घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ रही है।

शराब के ठिकानों पर आबकारी की दबिश, 3.34 लाख की मदिरा व 3 हजार किलो महुआ लाहन जब्त



देवास। आबकारी विभाग ने गुरुवार को कन्नौद, खातेगांव और नेमावर क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 90 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 100 पाव देशी शराब, 50 पाव विदेशी व्हिस्की और 3 हजार किलो महुआ लाहन जब्त किया। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 3 लाख 34 हजार 100 रुपए बताया गया है। आबकारी दलों ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। काला फाटा हतनौरा स्थित खेत पर बने मकान से 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा के साथ देशी और विदेशी शराब बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके अलावा अन्य स्थानों से 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 3 हजार किलो महुआ लाहन जब्त किया गया।

कन्नौद, खातेगांव और नेमावर में कार्रवाई, 14 प्रकरण दर्ज, आरोपी मौके से फरार

इंदौर-बुधनी रेल परियोजना के भू-अर्जन में तेजी लाने के निर्देश, पूरक अवार्ड जल्द बनेंगे

देवास। इंदौर-बुधनी रेल लाइन परियोजना सहित भारत सरकार की अन्य विकास परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश कलेक्टर नेहा मीना ने दिए हैं। कलेक्टर कार्यालय में बैठक में उन्होंने भू-अर्जन, पूरक अवार्ड और भू-स्वामियों को मुआवजा वितरण से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने हरदा, भेरूंदा, इंदौर और संदलपुर क्षेत्र में रेल परियोजना से संबंधित पूरक अवार्ड शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व और रेलवे अधिकारियों को आपसी समन्वय से लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने को कहा, ताकि प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों को समय पर मुआवजा मिल सके। बैठक में अपर कलेक्टर संजीव जैन, एनएचएआई हरदा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, रेलवे और राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुर्वेद को राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति घोषित करने की मांग

देवास। विश्व आयुर्वेद परिषद ने आयुर्वेद को राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति घोषित करने की मांग की है। परिषद के जिला संयोजक वैद्य प्रमोद कुमार जैन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर के प्रतिनिधि अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति होने के साथ जीवन जीने की कला भी है।

युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

देवास। स्व. तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में 3 और 4 नवंबर को युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, प्रश्नमंच, वाद-विवाद, गायन, नृत्य और मूकाभिनय सहित कई विधाओं में प्रतिभा दिखाई। प्रश्नमंच में अल्फेज खान का समूह प्रथम रहा। रंगोली में निकिता चौधरी, क्ले मॉडलिंग और पोस्टर मेकिंग में राशिका भंडारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। मूकाभिनय और समूह गायन में वैष्णवी शर्मा के समूह ने बाजी मारी। प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

एमजी रोड पर 5 से 7 फीट तक अतिक्रमण, ट्रैफिक डीएसपी ने दिया अल्टीमेटम

दीपावली से पहले यातायात पुलिस की सख्ती दुकानों के बाहर लगी रेलिंग हटाने के निर्देश

अक्षरविश्व न्यूज



देवास। दीपावली से पहले शहर के प्रमुख बाजारों में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। गुरुवार को यातायात डीएसपी कविता डामोर ने पुलिस टीम और क्रेन के साथ एमजी रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर 5 से 7 फीट तक लगाई गई रेलिंग और अन्य अतिक्रमण सामने आए। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो रही थी और बाजार में आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। दुकानों के बाहर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग भी यातायात में बाधा बन रही थी।

डीएसपी डामोर ने मौके पर व्यापारियों और दुकानदारों को बुलाकर समझाइश दी और दुकानों के बाहर लगाई गई रेलिंग व अन्य अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शुक्रवार को पुलिस टीम दोबारा बाजार का निरीक्षण करेगी। तब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सॉफ्ट टेनिस में इंदौर और उज्जैन संभाग का दबदबा

अक्षरविश्व न्यूज



देवास। पायोनियर पब्लिक स्कूल में 1 से 5 नवंबर तक 70वीं राज्य स्तरीय शालेय सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। छह टीम इवेंट में इंदौर और उज्जैन संभाग ने तीन-तीन प्रथम स्थान हासिल किए। समापन समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव सहित अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम

14 वर्ष बालक वर्ग : प्रथम इंदौर संभाग, द्वितीय उज्जैन संभाग एवं तृतीय ग्वालियर संभाग रहा। **14 वर्ष बालिका वर्ग :** प्रथम इंदौर संभाग, द्वितीय जनजातीय कार्य विभाग एवं तृतीय भोपाल संभाग रहा। **17 वर्ष बालक वर्ग :** प्रथम उज्जैन संभाग, द्वितीय इंदौर संभाग एवं तृतीय भोपाल संभाग रहा। **17 वर्ष बालिका वर्ग :** प्रथम उज्जैन संभाग, द्वितीय इंदौर संभाग एवं तृतीय भोपाल संभाग रहा। **19 वर्ष बालक वर्ग :** प्रथम उज्जैन संभाग, द्वितीय इंदौर संभाग एवं तृतीय ग्वालियर संभाग रहा। **19 वर्ष बालिका वर्ग :** प्रथम इंदौर संभाग, द्वितीय जनजातीय कार्य विभाग एवं तृतीय ग्वालियर संभाग रहा। इस प्रकार प्रतियोगिता के छह टीम इवेंट्स में इंदौर एवं उज्जैन संभाग ने तीन-तीन प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

राजबाड़ा पर 4 पहिया और ऑटो बैन: पटाखा बाजारों में फायर सेफ्टी के कड़े पहरे, बाजारों में भीड़

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। दीपावली के उल्लास के बीच शहर के बाजारों में उमड़ रहे जनसैलाब को संभालने के लिए पुलिस और ट्रैफिक विभाग ने सुरक्षा का तगड़ा चक्रव्यूह तैयार किया है। दिल कहे जाने वाले राजबाड़ा और आसपास के व्यस्त बाजारों को जाम से मुक्त रखने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए फोर व्हीलर, ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी है। हालात बेकाबू होने पर दोपहिया वाहनों को भी डायवर्ट किया जा रहा है। सड़कों पर जवानों के साथ पेट्रोलिंग टीमें लगातार गश्त कर रही हैं।

ट्रैफिक सुधारने रेहड़ी-पटरी वालों के लिए मुनादी... रीजनल पार्क, गोपुर और सिलिकॉन सिटी में सजीं दुकानें



सड़कों पर यातायात सुचारू रखने के लिए पुलिस बल लाउडस्पीकर से लगातार मुनादी करवा रहा है। व्यापारियों और फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को साफ ताकीद की गई है कि वे अपनी दुकानों का सामान तय सीमा के भीतर ही रखें। रास्तों पर अतिक्रमण कर रुकावट पैदा करने वालों पर पुलिस की सीधी नजर है। शहर के प्रमुख पटाखा बाजारों में आगजनी जैसी घटनाओं से निपटने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रीजनल पार्क मैदान, राजीव गांधी प्रतिमा के पास देवी अहिल्या मार्केट, राऊ, गोपुर चौराहा, सिलिकॉन सिटी और देवगुराड़िया स्थित मैदानों में दुकानें सज चुकी हैं। सुरक्षा मानकों के तहत हर दुकान पर अग्निशामक यंत्र, पानी के ड्रम और रेत से भरी बाल्टियां रखवाई गई हैं, जबकि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लगातार राउंड लगा रही हैं।



फैंसी और रंगीन पटाखों का क्रेज

पटाखा कारोबारी अमन वर्मा और भावेश यादव के अनुसार, इस बार बाजारों में जोरदार ग्राहकी देखने को मिल रही है। बच्चों के लिए कार और ट्रेन की शक्ल वाले यूनिक पटाखे खासे पसंद किए जा रहे हैं। इसके अलावा आसमान में अलग-अलग रंगों की छटा बिखेरने वाले कलरफुल पटाखों की सबसे ज्यादा डिमांड है। ग्राहकों के भारी रुझान को देखते हुए दुकानों पर सुबह से देर रात तक खरीदारी का सिलसिला जारी है। व्यापारी भी प्रशासन की सुरक्षा गाइडलाइन का पूरा पालन करते हुए जरूरी एहतियात बरत रहे हैं।

संक्षिप्त

विवाहिता को मायके से 5 लाख रुपए लाने के लिए धमकाया

इंदौर। वैभव नगर की रहने वाली 28 वर्षीय प्रियंका मिश्रा ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का गंभीर मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शादी के बाद से ही उसे कम दहेज के लिए ताने दिए जा रहे थे। अब पिछले कुछ समय से मायके से 5 लाख रुपए नगद लाने की मांग को लेकर पति आशुतोष मिश्रा, सास बबीता मिश्रा और ससुर मोहनलाल मिश्रा उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकालने और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पूरी ससुराल के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धाराओं में केस दर्ज किया है।

सवारी बैठाने के विवाद में जमकर की तोड़फोड़, शीशे फोड़े

इंदौर। वृंदावन कॉलोनी में सवारी बिठाने की होड़ को लेकर दो ई-रिक्शा चालकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत तोड़फोड़ तक आ गई। फरियादी प्रकाश यादव ने पुलिस को बताया कि वह माता चौराहे पर सवारी का इंतजार कर रहा था, तभी दूसरा ई-रिक्शा चालक दिलीप चौहान वहां आया और सवारी बिठाने की बात पर गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर दिलीप ने लोहे की रॉड से प्रकाश के ई-रिक्शा पर हमला कर दिया और उसके सारे कांच फोड़ दिए। आरोपी ने प्रकाश को चौराहे पर दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

कनाड़िया चौराहे से लॉक तोड़कर बाइक चुरा रहा चोर धराया

इंदौर। टेलीफोन नगर के रहने वाले श्याम द्विवेदी गुरुवार को किसी काम से कनाड़िया चौराहे पर आए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल पार्किंग में खड़ी की थी। इसी दौरान एक शातिर चोर नितिन माली ने मास्टर चाबी से बाइक का लॉक तोड़ लिया और गाड़ी स्टार्ट कर भागने की कोशिश करने लगा। तभी श्याम की नजर उस पर पड़ गई और उन्होंने शोर मचा दिया। चौराहे पर मौजूद मुस्तैद जनता ने घेराबंदी कर चोर को रंगेहाथ दबोच लिया। लोगों ने आरोपी की जमकर धुनाई करने के बाद उसे कनाडिया पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अब आरोपी नितिन से शहर की अन्य वाहन चोरियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

मां से बोली- नींद आ रही... और कमरे में जाकर फंदे पर झूल गई

अस्पताल में पड़ी रही लाश... स्क्रीन पर घनघनाते रहे 'विजय' के कॉल

अक्षरविश्व न्यूज



इंदौर। परिवार के साथ हंस-बोलकर सोने गई 22 साल की युवती की लाश पंखे से लटकी मिली, लेकिन मौत के बाद भी उसका मोबाइल चीखता रहा। मल्हारगंज थाना क्षेत्र की तिरुमल कॉलोनी में वाहन फाइनेंस कंपनी की रिकवरी टीम लीडर अंजलि माहेश्वरी ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। दिल दहला देने वाली बात यह रही कि जब अस्पताल की इमरजेंसी में अंजलि का बेजान जिस्म पड़ा था, तब भी उसके बंद फोन पर 'विजय वर्मा' नाम के सिरफिरे के ताबड़तोड़ कॉल और मैसेज की झड़ी लगी हुई थी।

पुलिस के अनुसार, अंजलि रात 11 बजे तक नीचे परिवार के साथ सामान्य रूप से बैठी थी। इसके बाद मां से नींद आने की बात कहकर ऊपर कमरे में सोने चली गई। रात करीब 1 बजे मां किसी काम से ऊपर पहुंची तो नजारा देखकर पैरों तले जमीन खिसक गई... अंजलि फंदे पर झूल रही थी। चीख-पुकार सुनकर परिजन और पड़ोसी दौड़े, फंदे से उतारकर एमवाय अस्पताल भागे, मगर डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही कह दिया... देर हो चुकी है। मौत की पुष्टि के बाद भी अंजलि का फोन लगातार बजता रहा। कॉलर स्क्रीन पर 'विजय वर्मा' नाम फ्लैश हो रहा था और साथ ही एक के बाद एक कई मैसेज गिर रहे थे। स्क्रीन लॉक होने के कारण मैसेज तो नहीं पढ़े जा सके, लेकिन परिजन ने सीधे आरोप जड़ा कि यही विजय उनकी बेटी को लंबे समय से दिमागी तौर पर बुरी तरह टॉर्चर कर रहा था। उसी के मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर अंजलि ने फांसी का फंदा चुन लिया।

कॉल डिटेल खोलेगी राज, पुलिस के रडार पर 'विजय'

मेहनतकश परिवार की होनहार बेटी अंजलि निजी फाइनेंस कंपनी में पूरी रिकवरी टीम संभालती थी। पिता सिलाई का काम करते हैं और भाई निजी नौकरी में है। मल्हारगंज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मृतका का मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस अब अंजलि और विजय के बीच हुई बातचीत की सीडीआर और चैट रिकवर करने में जुटी है, जिसके बाद आरोपी युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का शिकंजा कसा जाएगा।

लहूलुहान मिला देवास का युवक, अस्पताल में तोड़ा दम

खुड़ैल के नीलगिरी अपार्टमेंट में वारदात... सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोटें, हत्या की आशंका

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। शोक सभा के बाहर अंधेरे की आड़ लेकर अज्ञात हमलावरों ने एक युवक पर खूनी हमला बोल दिया। खुड़ैल क्षेत्र के नीलगिरी अपार्टमेंट के पास बुधवार रात को लहूलुहान मिले देवास निवासी दीपक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गुरुवार तड़के उसने दम तोड़ दिया। सिर, हाथ और पैरों पर बेरहमी से किए गए हमलों के गहरे घाव देखकर पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है।

अपार्टमेंट निवासी राहुल सोलंकी की मां के निधन पर बाहर टेंट लगा था। देर रात चीख-पुकार सुनकर लोग बाहर पहुंचे तो ग्राम बरोठा निवासी 22 वर्षीय दीपक गंभीर हालत में तड़पता मिला। परिजन तुरंत उसे एमवाय अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी सांसें थम गईं। अंधेरा होने से हमलावर फरार होने में कामयाब रहे। खुड़ैल पुलिस मर्ग कायम कर रंजिश और कातिलों की तलाश में जुट गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों के भागने की दिशा और उनकी पहचान का कोई सुराग हाथ लग सके।

उमरिया गांव के पास बेकाबू होकर पलटी ट्रॉली

दिवाली का सामान छोड़कर लौट रहे ट्रैक्टर ड्राइवर की दर्दनाक मौत

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। मालिक के यहां दिवाली की खरीदारी और सफाई का सामान छोड़कर घर लौट रहे ट्रैक्टर ड्राइवर की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। तेजाजी नगर-खुड़ैल रोड पर उमरिया गांव के पास बीती रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। भारी वाहन के नीचे दबने से चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची खुड़ैल पुलिस ने शव को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

मृतक की पहचान रमेश (45) पिता कालू भूरिया निवासी तिलौर के रूप में हुई है। वह संतोष पटेल के यहां ट्रैक्टर चलाता था। देर रात मालिक के मुनीम ने उसे अंबाचंदन में सामान खाली करने भेजा था। लौटते वक्त उमरिया के पास संतुलन बिगड़ने से यह खूनी हादसा हो गया।

चार मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

हादसे में जान गंवाने वाले रमेश के परिवार में पत्नी और चार बच्चे हैं। अचानक हुई इस मौत से परिजन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और त्योहार की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। पुलिस मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।



पत्नी को पति ने बेरहमी से पीटा

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। रोते हुए एक साल के मासूम बच्चे को चुप कराने के लिए मां ने जैसे ही गोद में उठाया, सिरफिरे पति का पारा चढ़ गया। अशोकनगर निवासी पूजा सैनी का बच्चा रो रहा था। मां जैसे ही उसे चुप कराने लगी, पति ओमप्रकाश सैनी आगबबूला हो गया और हाथ पकड़कर खींचते हुए कमरे में ले गया। कमरे में बंद कर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए दनादन थप्पड़ बरसा दिए। चेहरे, आंख और गले पर गंभीर चोटें आने से महिला वहीं बेहोश हो गई। होश में आते ही पीड़िता थाने पहुंची, जहां एरोड्रम पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश सैनी पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

दिवाली सफाई के बहाने अलमारी से उड़ाए 3 लाख के जेवर, 2 कामवालियां गिरफ्तार

25 ग्राम सोने का मंगलसूत्र और पेंडल बरामद, शौक और कर्ज चुकाने के लिए की थी चोरी

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। दिवाली की सफाई के नाम पर घरों में दाखिल होकर तिजोरियों और अलमारियों पर हाथ साफ करने वाली दो कामवालियों को कनाड़िया पुलिस ने धरदबोचा। मकान मालिक की गैर-मौजूदगी का फायदा उठाकर अलमारी से सोने का मंगलसूत्र और पेंडल उड़ाने वाली इन महिलाओं के पास से पुलिस ने करीब तीन लाख रुपए कीमत के 25 ग्राम सोने के जेवर बरामद किए हैं।

3 नवंबर को फरियादिया ने कनाड़िया थाने में अलमारी से जेवर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी तिलक कारोले की टीम ने जब घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया, तो सफाई करने आईं महिलाओं की भूमिका संदिग्ध पाई गई। हुलिए के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर साबरी पिता गोकुल पवार (21, निवासी देवगुराड़िया) और छाया पति दयाराम राठौर (45, निवासी छापने रोड, हरदा) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां सख्ती बरतते ही दोनों ने चोरी कबूल कर ली।



कई और घरों में भी काम करने की बात कबूली...

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सिर पर चढ़ा कर्ज उतारने और महंगे शौक पूरे करने के लिए उन्होंने सफाई के दौरान नजर बचाकर जेवर समेट लिए थे। पुलिस ने उनके कब्जे से मोतियों वाला सोने का मंगलसूत्र और दो पेंडल बरामद कर लिए हैं। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के अनुसार, दोनों महिलाएं शहर के कई अन्य रसूखदारों के घरों में भी काम करती थीं, जिसके चलते उनसे चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को पुख्ता आशंका है कि रिमांड के दौरान शहर के अन्य इलाकों से भी चोरी के जेवर बरामद हो सकते हैं।

खजराना पुलिस ने कार्बाइड गन बनाने-बेचने वालों को चेतावनी

वेल्डिंग कारीगरों और फल गोदाम संचालकों की थाने में लगी क्लास

अक्षरविश्व न्यूज



इंदौर। आंखों की रोशनी छीनने वाली 'कार्बाइड गन' पर अंकुश लगाने के लिए खजराना पुलिस ने सीधे इसके निर्माण अड्डों पर चोट की है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर एसीपी आशीष पटेल और थाना प्रभारी के. पी. यादव ने क्षेत्र के वेल्डिंग कारीगरों और फल गोदाम संचालकों को थाने तलब कर कड़े तेवर दिखाए।

थाना प्रभारी ने दो टूक ताकीद की कि कोई भी कारीगर कार्बाइड गन तैयार नहीं करेगा और न ही गोदाम संचालक बच्चों को कार्बाइड बेचेंगे। चेताया गया कि निर्माण या सामग्री सप्लाई का सुराग मिला, तो सीधे गैर-जमानती धाराओं में कार्रवाई होगी।

परिजन बच्चों पर रखें नजर, सूचना पर दौड़ेगी खाकी

व्यापारियों को चेताने के साथ ही पुलिस ने परिजन से अपील की है कि वे बच्चों को इस जानलेवा शौक से दूर रखें। कहीं भी कार्बाइड गन बनती या बिकती दिखे तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। व्यापारियों ने नियमों का सख्ती से पालन करने का भरोसा दिया।

मंडी में जहर बेचने आया मन्नू चढ़ गया क्राइम ब्रांच के हत्थे

ब्राउन शुगर जब्त: 18 केस का पुराना खिलाड़ी है

अक्षरविश्व न्यूज



इंदौर। सब्जी मंडी की आड़ में शहर की नसों में जहर घोलने पहुंचे एक शातिर तस्कर को क्राइम ब्रांच ने रंगे हाथ दबोच लिया। राजकुमार सब्जी मंडी के पास हनुमान मंदिर के सामने जहर का सौदा करने खड़ा युवक पुलिस को देखते ही भागने लगा, लेकिन टीम ने धरदबोचा। तलाशी में उसके सफेद रुमाल से डेढ़ लाख रुपए कीमत की 15 ग्राम शुद्ध ब्राउन शुगर बरामद हुई है। पकड़े गए निरंजनपुर निवासी मनोज उर्फ मन्नू (25) के पास से रुमाल में लिपटी ब्राउन शुगर मिलते ही पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट ठोक उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। मन्नू पर चोरी, लूट, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित 18 संगीन मामले पहले से दर्ज हैं। वह पहले भी तस्करी में जेल जा चुका है। पुलिस अब रिमांड लेकर यह उगलवाने में जुटी है कि शहर में इस जहर का बड़ा सौदागर कौन है।

बिना टीपी देवास-शाजापुर से इंदौर लाई जा रही थी खेप...

भट्ठियों में जलने आ रही थी अवैध लकड़ी, सांवेर में दबोचीं 3 गाड़ियां

अक्षरविश्व न्यूज



इंदौर। देवास और शाजापुर के जंगलों से कटकर औद्योगिक इलाकों की भट्ठियों में खपने आ रही अवैध लकड़ी पर वन विभाग ने शिकंजा कसा है। सांवेर के रास्ते शहर में घुस रहे सतकटा प्रजाति की लकड़ी से लदे तीन भारी वाहनों को टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। चालकों के पास कोई वैध ट्रांजिट परमिट (टीपी) नहीं मिला। विभाग ने तीनों गाड़ियां जब्त कर केस दर्ज कर लिया है। डीएफओ लाल सुधाकर सिंह की सूचना पर रालामंडल अधीक्षक सुभाष शर्मा की टीम ने सांवेर सबरेंज में घेराबंदी कर वाहनों को पकड़ा। यह लकड़ी शहर की चॉकलेट और चिप्स बनाने वाली फैक्ट्रियों के बॉयलरों में खपाई जानी थी। जब्त वाहनों को नवरतन बाग और बिलावली में खड़ा करवाकर सप्लायरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

बदलाव के बाद भी नहीं थम रही तस्करी

सांवेर सबरेंज में हाल ही में वनपाल ब्रजेंद्र तोमर की पदस्थापना की गई थी। इसके बावजूद खुलेआम बिना टीपी के वाहनों की आवाजाही ने विभाग के जमीनी पहरे की पोल खोल दी है। टीम अब इस तस्करी सिंडिकेट की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

फेसबुक पर दोस्ती, लिव-इन में हवस, सच खुलते ही बोला: टाइमपास था

शादीशुदा निकला प्रेमी, दुष्कर्म का केस दबाव बनाने पर मारने की धमकी भी दी

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। फेसबुक की चैटिंग से शुरू हुआ इश्क जब कमरों और होटलों की चारदीवारी तक सिमटा, तो युवती को इल्म भी न था कि जिसे वह हमसफर मान बैठी है, वह सिर्फ जिस्मानी भूख मिटा रहा था। शादी का झांसा देकर दो साल तक युवती से खिलवाड़ करने वाले जालसाज का जब पर्दाफाश हुआ, तो उसने बेशर्मी से कह दिया... 'मैं तो बस टाइमपास कर रहा था।' जान से मारने की धमकी मिली तो पीड़िता थाने पहुंची और भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी शिवम प्रजापति पर केस दर्ज कर लिया।

28 वर्षीय युवती की फेसबुक पर



आदर्श इंदिरा नगर निवासी शिवम से जान-पहचान हुई थी। बातों के जाल में फंसाकर उसने शादी का प्रस्ताव रखा और शांतिनाथपुरी में कमरा लेकर करीब एक साल लिव-इन में रहा। इस दौरान वह शादी का भरोसा देकर लगातार संबंध बनाता रहा।

कुछ दिन बाद उसने शांतिनाथपुरी वाला कमरा खाली करवा दिया। इसके बाद 16 फरवरी को युवती को भंवरकुआं के एक होटल में बुलाया और शादी का झांसा देकर फिर संबंध बनाए। इसके बाद युवती जब भी शादी की बात करती, वह टालमटोल करता रहा।

शादीशुदा होने का खुला राज, अब तलाश में पुलिस

हाल ही में जब पीड़िता को पता चला कि शिवम पहले से शादीशुदा है, तो उसके होश उड़ गए। फोन पर जवाब मांगने पर आरोपी ने साफ कह दिया कि वह सिर्फ वक्त काट रहा था और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

त्योहारों से पहले बदमाशों पर खाकी ने कसी नकेल 7 थानों में गुंडों की परेड... हुड़दंग किया तो सीधे जेल

जोन-02 पुलिस का एक्शन... डोजियर खंगाल थमाए रेड नोटिस, थानों में दिलाई कानून की शपथ

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। आगामी त्योहारों में शहर का अमन-चैन बिगाड़ने की साजिश रच रहे असामाजिक तत्वों और निगरानी बदमाशों पर खाकी का पहरा बैठ गया है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के फरमान पर जोन-02 पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ खुला मोर्चा खोल दिया है। डीसीपी अमन सिंह राठौड़ और एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह की अगुवाई में थाना प्रभारियों ने अपने-अपने इलाकों के गुंडों को थाने तलब कर कड़े तेवर दिखाए।

परदेशीपुरा, एमआईजी, विजय नगर, लसुड़िया, खजराना, कनाड़िया और तिलक नगर थानों में सूचीबद्ध गुंडों की परेड कराई गई। पुलिस ने उनके डोजियर अपडेट करते हुए आमदनी के जरियों और संपर्कों की नब्ज टटोली। सक्रिय और आदतन बदमाशों को सीधे रेड नोटिस थमाए गए, जबकि गंभीर वारदातों में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया।



चेतावनी के बाद दिलाई गई शपथ

अधिकारियों ने दो टूक चेताया कि त्योहारों के दौरान जरा भी गुंडागर्दी या विवाद किया तो सीधी कानूनी कार्रवाई होगी। इसके बाद सभी से कानून पालन और शांति व्यवस्था बनाए रखने की शपथ दिलवाई गई। पुलिस का साफ संदेश है कि माहौल खराब करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



सुविचार

सादगी से बढ़कर कोई श्रृंगार नहीं होता और विनम्रता से बढ़कर कोई व्यवहार नहीं होता।

अक्षरनामा

दो संतान से आगे

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'दो संतान नीति' को अप्रासंगिक बताना एक बड़े नीतिगत बदलाव की ओर बढ़ने का संकेत है। बुधवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय ने एक सुनवाई के दौरान कह दिया कि पिछले दो दशकों में भारत की जन-सांख्यिकी में अहम बदलाव हुए हैं, इसलिए दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाले कानून प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। यह तथ्य न्यायालय के संज्ञान में है कि भारत की कुल प्रजनन दर गिर गई है। साल 2003 में प्रजनन दर 3 थी। मतलब, भारत में प्रति युगल तीन या उससे अधिक बच्चे पैदा कर रहे थे। परिवार नियोजन को लगातार बढ़ावा देने की वजह से अब प्रजनन दर घटकर 1.9 हो गई है। मतलब, अब प्रति युगल दो से कम बच्चे पैदा हो रहे हैं। यह माना जाता है कि प्रजनन दर जब 2.1 से नीचे आ जाए, तब आबादी घटने लगती है। भारत में भी आबादी गिरावट की दिशा में बढ़ चली है और इस पर न्यायालय के विचार स्वागतयोग्य हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष महाराष्ट्र के काकोड़ा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव का मामला आया था। जब मंगला के तीन बच्चे हुए, तब उन्हें चुनाव लड़ने के अयोग्य करार दिया गया। अब सर्वोच्च न्यायालय ने मंगला की अयोग्यता का आदेश रद्द कर दिया है। यही नहीं, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा व न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने इस मामले को एक उच्च पीठ के पास भेज दिया है। ध्यान रहे, साल 2003 में हरियाणा उच्च न्यायालय ने दो से ज्यादा संतान पैदा करने वालों को चुनाव लड़ने से वंचित करने के पक्ष में फैसला दिया था। अब इस फैसले पर सर्वोच्च न्यायालय में व्यापक पुनर्विचार होगा। फिलहाल, न्यायालय ने दो से अधिक संतान होने पर एक तरह से दंडित करने वाले कानूनों के अनुचित होने की ओर इशारा किया है। अब जनसंख्या वृद्धि को रोकने के उद्देश्य से बनाए गए कानूनों पर विधिवत पुनर्विचार होना तय है। कोई भी समाज या देश यह नहीं चाहेगा कि कामकाजी आबादी घट जाए और बुजुर्गों की आबादी बढ़ जाए। समग्र समाधान की जरूरत है और आने वाले दिनों में भारत में परिवार नियोजन किसी तरह के सार्वजनिक भेदभाव का माध्यम नहीं रह जाएगा। दो से अधिक बच्चे होने पर किसी को दंडित करना उसे अनेक अधिकारों से वंचित करने के समान है। इससे संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रजनन स्वायत्तता के अधिकार का भी उल्लंघन होता है।

किस्सा

विज्ञान को दी नई दिशा

पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में जीव विज्ञान के अध्यापक दिनकर दत्तात्रेय समरथ के घर 8 नवंबर 1917 को जन्मी कमल रणदिवे बचपन से ही मेधावी थी। पिता चाहते थे कि वह डॉक्टर बनें, लेकिन कमल जीवन के रहस्यों को समझना चाहती थी। उन्होंने बायोमेडिकल रिसर्च का रास्ता चुना और अमेरिका के जॉन्स हॉपकिंस विश्वविद्यालय में प्रसिद्ध वैज्ञानिक जॉर्ज गे के साथ टिश्यू कल्चर तकनीक पर रिसर्च की। फेलोशिप पूरी कर भारत लौटते ही उन्होंने संकल्प लिया, देश को अपनी प्रयोगशाला चाहिए। इसी भावना से भारत की पहली ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला की स्थापना हुई। यहीं से उनके कैंसर और वायरस पर शोध का सफर शुरू हुआ। उन्होंने स्तन कैंसर के आनुवंशिक कारणों की खोज की और कुष्ठ रोग उत्पन्न करने वाले जीवाणु पर भी गहरा अध्ययन किया। इससे संभावित टीके के विकास का रास्ता खुला। साल 1973 में उन्होंने 11 सहकर्मियों के साथ भारतीय महिला वैज्ञानिक संघ की स्थापना की। उन्होंने गांवों में जाकर महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और विज्ञान से जोड़ा। लोगों को बताया कि विज्ञान सिर्फ प्रयोगशाला में नहीं, जीवन में भी जरूरी है। अपने कार्यों से उन्होंने भारतीय विज्ञान को नई दिशा दी और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन गई।

शिव ही पृथ्वी के मूल देवता हैं



एक बार भगवान ब्रह्मा और विष्णु में विवाद हो गया कि कौन श्रेष्ठ है। दोनों के बीच के वर्चस्व का यह युद्ध रोकने के लिए भोलेनाथ प्रकट हुए और अपनी तीसरी आंख से एक अग्नि ज्वाला प्रकट की, जिसका कोई छोर नहीं था। शिवजी ने दोनों देवताओं को चुनौती दी कि वे इस अग्नि का छोर खोजें। विष्णु जी सुअर (वराह) का रूप धारण कर धरती के गर्भ में उतरकर अग्नि का अंत खोजने लगे, पर असफल रहे। ब्रह्माजी हंस बनकर आकाश में उड़ चले, पर अग्नि का आरंभ न पा सके। अंततः, दोनों ने स्वीकार किया कि इस अनंत अग्नि का कोई छोर नहीं है। इस प्रकार भोलेनाथ ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए युद्ध रुकवाया और सिद्ध किया कि वही पृथ्वी के मूल देवता हैं। इसके बाद महादेव तिरुवन्नामलाई में एक पर्वत के रूप में प्रकट हुए। इस स्थान पर भव्य अन्नामलाईश्वर मंदिर की स्थापना हुई। दक्षिण भारत में इस दिन कार्तिगाई दीपम या मासिक कार्तिगाई उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह दिन भोलेनाथ के साथ उनके पुत्र कार्तिकेय (मुरुगन) की आराधना के लिए भी अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन दीप जलाने से अंधकार, अज्ञानता और नकारात्मकता दूर होती है।

बस दिल की तसल्ली हैं ग्रीन पटाखे

ग्रीन पटाखे भी धुआं, गैस और शोर पैदा करते हैं। कम प्रदूषण का मतलब प्रदूषण-मुक्त होना नहीं है। जब कम प्रदूषण को पर्यावरण के लिए सुरक्षित बताकर बेचा जाए, तो यह ग्रीनवाशिंग यानी भ्रामक है।



सुप्रीम कोर्ट ने 29 अक्टूबर के अपने आदेश में लिखा है कि पटाखे चलाने से निश्चित रूप से प्रदूषण होगा। उसी आदेश में अदालत ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर विमलेंदु झा को सुबह छह से सात और रात आठ से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत दे दी। नुकसान होना तय है, फिर भी छूट देने का प्रावधान हैरान करने वाला है। पिछले साल भी यही टेस्ट केस चला था। उसे एक विफल प्रयोग कहना गलत नहीं होगा। अदालत ने खुद माना है कि राज्य इस प्रयोग को लागू करने में पूरी तरह विफल रहा। जिसे सफलता नहीं मिली, उसे दोहराने का तुक समझ से परे है।

स्वास्थ्य के लिए खतरा। प्रदूषित हवा अब महज मौसमी परेशानी नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। पीएम 2.5 के बारीक कण सांस के जरिए फेफड़ों में पहुंचकर शरीर को भीतर तक नुकसान पहुंचाते है। बच्चों के लिए यह खतरा और बड़ा है, क्योंकि उनके फेफड़े अभी विकसित हो रहे होते हैं। बुजुर्गों और दमे व हृदय रोग से पीड़ित लोगों पर भी इसका गंभीर असर पड़ता है। लैसेट प्लैनेटरी हेल्थ के 2024 के अध्ययनों के मुताबिक, दिल्ली में हर साल करीब 12 हजार और देशभर में लगभग 15 लाख मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी है।

बस पटाखे ही नहीं। यह भी समझना जरूरी है कि पटाखे दिल्ली के वायु प्रदूषण का मुख्य कारण नहीं है। राजधानी की हवा गाड़ियों, उद्योगों, निर्माण की धूल, कचरा जलाने और पड़ोसी इलाकों से आने वाले धुएं से साल भर खराब रहती है। पराली कुछ हफ्तों की कहानी है और हवा राज्यों की सीमाएं नहीं पहचानती। आईआईटी कानपुर के एक अध्ययन में दिवाली के दौरान प्रदूषण में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। अब सवाल यह है कि इन आंकड़ों को जानने के बावजूद क्या हमें पटाखे चलाने के अधिकार को प्राथमिकता देनी चाहिए?

निगरानी की चुनौती। पटाखों पर पाबंदी की कानूनी लड़ाई 2015 में तीन शिशुओं की ओर से दायर याचिका से शुरू हुई। उनके पिताओं ने दलील दी कि साफ हवा में सांस लेना बच्चों के जीने के अधिकार का हिस्सा है। इसके बाद 2016-17 में एनसीआर में बिक्री पर रोक लगी और 2018 में केवल ग्रीन पटाखों को सीमित छूट मिली। 2020 से हर साल प्रतिबंध लगाए गए। दिसंबर 2024 में दिल्ली सरकार ने साल भर की पाबंदी लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2025 में ग्रीन पटाखों के वैज्ञानिक प्रमाण मांगे, लेकिन छह महीने बाद छूट दे दी। नतीजा वही रहा। पिछली दिवाली पर एआईक्यू 345 से बढ़कर अगले दिन 351 पहुंच गया। 175 से अधिक एफआईआर के बावजूद इस बार भी वही प्रयोग दोहराया जा रहा है। सीएसआईआर-एनईईआरआई के मानकों के मुताबिक, ग्रीन पटाखों से पारंपरिक पटाखों की तुलना में कम से कम 30 प्रतिशत कम कण निकलने चाहिए। लेकिन यह आंकड़े प्रयोगशाला के है, दिल्ली की गलियों के नहीं। ग्रीन पटाखे भी धुआं, गैस और शोर पैदा करते हैं। कम प्रदूषण का मतलब प्रदूषण-मुक्त होना नहीं है। जब कम प्रदूषण को पर्यावरण के लिए सुरक्षित बताकर बेचा जाए, तो यह ग्रीनवाशिंग यानी भ्रामक है। अदालत खुद मानती है कि पाबंदी के दौरान भी पारंपरिक पटाखे ग्रीन के नाम पर बिकते रहे। ऐसे में सवाल है कि असली और नकली पटाखों की पहचान कौन करेगा? गश्त करता एक सिपाही कितने डिब्बों का क्यूआर कोड स्कैन करेगा ?

धर्म का संदेश। अदालत ने अपने आदेश में स्कंद पुराण और पद्म पुराण का हवाला देते हुए कहा कि दिवाली पर दीये जलाने का उल्लेख मिलता है, जबकि पटाखे बारूद के साथ कुछ सदियों पहले आए। यानी दिवाली का मूल उत्सव रोशनी है, बारूद नहीं। गीता के सोलहवें अध्याय में अहिंसा और दया भूतेषु यानी सभी प्राणियों पर दया को दैवी गुण बताया गया है। फिर धर्म के नाम पर दूसरों की सांसों को खतरे में डालना कैसी आस्था है? यहां बात धर्म के विरोध की नहीं, उसके मूल्यों के अनुरूप उत्सव मनाने की है। दिवाली खुशियों और रोशनी का पर्व है, प्रदूषण और बीमारियों का नहीं।

अधिकार की रक्षा। 9 नवंबर को पाबंदी फिर लौट आएगी और 16 दिसंबर को अदालत अस्पतालों में बढ़े मरीजों की रिपोर्ट देखेगी। तब तक नुकसान हो चुका होगा। 8 नवंबर की रात खिड़कियां बंद करके सोने वाले बच्चों को किसी हलफनामे से राहत नहीं मिलेगी। पटाखे प्रदूषण का वह हिस्सा है, जिस पर रोक लगाना सबसे आसान है, इसके बावजूद सरकारें दो रातों के लिए भी इंतजाम नहीं कर पाई। जीवन के अधिकार की रक्षक अदालत को याद रखना होगा कि सांस इस अधिकार की पहली शर्त है। सांस कोई त्योहारी रियायत नहीं, जिसे दो रातों के लिए टाला जा सके।

(लेखक पर्यावरणविद है)

जीवन मंत्र

श्रेष्ठ कर्म कभी बंद न हों



हमें यह चिंतन करना चाहिए कि ये जो जीवन हम जी रहे हैं, वह कहां जा रहा है? या तो पढ़ें शास्त्रों को, सुने अच्छे लोगों को, सही मार्ग वालों को सुनें। ऐसा नहीं कि जब गाड़ी स्टार्ट हुई, तो सही चलावें और बाद में छोड़ दें। हवाई जहाज में टकराने वाली कोई बात नहीं होती, किन्तु वहां भी सदा सावधानी आवश्यक है। ऐसे ही हम घर में भी चलते हैं। कदम-कदम पर सावधानी चाहिए।

मां के गर्भ में आने के बाद जन्म प्राप्त करने के बाद शरीर और जीवन की प्राप्ति के बाद, जो परम उद्देश्य है, प्रशिक्षण, प्रयोग, सुनना, बोलना इत्यादि, हर जगह तत्परता आवश्यक है। जीवन भर इनकी आवश्यकता है, ताकि कभी भी आदमी गलत व्यवहार न करे। कई लोगों को देखकर लगता है कि देवपुरुष हैं, किन्तु उनके ज्ञान की दुर्बलता ने, अभ्यास की दुर्बलता ने, गलत आदमी बना दिया है। वेदों में लिखा है कि स्वाध्याय और प्रवचन में कभी प्रमाद नहीं करना चाहिए। मोक्ष शास्त्र पढ़ें, अध्यात्म पढ़ें और पालन करें, मनन करें। उसके अर्थ को अपने मन से जोड़ें। निरंतरता की आवश्यकता है, भोजन निरंतर, कपड़ा निरंतर, तो श्रद्धा-प्रवचन निरंतर क्यों नहीं? जैसे हम निरंतर धन कमाना चाहते हैं, भोग कमाना चाहते हैं, ठीक उसी तरह से हमें निरंतर स्वाध्याय और प्रवचन की आवश्यकता है।

यह क्रम चलते रहना चाहिए। लोग जवानी में भी बिगड़ रहे हैं और बुढ़ापे में भी। बच्चा जब छोटा है, तभी उसमें कल्याणकारी भावों का बीजारोपण करें, किन्तु ध्यान रहे, सयाना हो जाने के बाद इन भावों की मात्रा या अंग्रेजी में कहें, तो 'डोज' बढ़ जाना चाहिए। अभी किसी से कहा जाए कि तुमने अपना जीवन जहां से शुरू किया था, अब वहां से हट गए हो। प्रेरणा, विचार, भाव में मंदी आ गई है, तो विचार प्रवाह को आगे बढ़ाते हुए हमें यह ध्यान रखना होगा कि जो प्रारंभिक काल में शिक्षा दी गई थी, जीवन की परम सार्थकता के लिए, वह बंद नहीं होनी है। बड़े होने पर भी उस शिक्षा को नवीन करते रहना है, अपने साथ जोड़े रखना है। भोजन बंद नहीं, स्नान बंद नहीं, तो शिक्षा, अध्ययन कैसे बंद हो जाए?

श्रेष्ठ कर्म बंद नहीं होने चाहिए। श्रेष्ठ कर्म बंद हो जाएंगे, तो मनुष्य दानव हो जाएगा। आज समाज बिगड़ रहा है, क्योंकि लोग पढ़ते नहीं हैं, पढ़ते भी हैं, तो वेदों को नहीं पढ़ते हैं। मनु ने बताया है कि जैसे धर्म से लोग बढ़ते हैं, वैसे ही अधर्म से भी बढ़ते हैं, किन्तु जब अधर्म से बढ़ते हैं, तब उनके कई पिछलग्गू, चापलूस हो जाते हैं। यदि हम सोचने लगें कि जिसके पास पैसा है, वही बलवान, सुंदर, मधुर वाणी वाला है, तो यह राक्षसी भाव हो गया। यदि पैसे हैं और उसका उपयोग यज्ञ, दान, मानव सेवा में नहीं हो रहा है, तो वह कौन-सा पैसा, कौन-सी शक्ति आवश्यक है कि तन,मन,धन का सदुपयोग हो।

रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य

मनुष्य अपने विचारों से प्रभावित होता है

एपिक्टेटस कहते हैं कि इंसान वस्तुओं से नहीं, बल्कि उनके बारे में अपने विचारों से प्रभावित होते हैं। खुद से मिलने वाली खुशी बाहरी चीजों से मिलने वाले सुखद अनुभव से कहीं अधिक मूल्यवान होती है।



एक बार मैंने एक पुरानी किताब खोली और उसमें लिखा देखा कि यदि आप खूब हंसते हैं, तो आप बेहद खुश हैं, अगर खूब रोते हैं, तो दुःखी। यह सुनने में जितना साधारण लगता है, उतना ही जीवन बदल देने वाला संदेश है। इसे मैं कभी नहीं भूल पाया। सच्चाई यही है कि खुशी केवल एक पल में अनुभव की जाने वाली भावना है, जिसे आप जितनी जल्दी और पूरी तरह स्वीकार करेंगे, उतना ही जीवन में उसका वास्तविक लाभ मिलेगा। खुशी हमेशा सही वक्त पर ही आती है, आप चाहे जितना हाथ-पैर मार लें। अक्सर कई लोग तो इसे इस डर से दिखाने से बचते भी हैं कि कहीं यह गंभीर चिंतन या जिम्मेदारियों के निर्वहन में बाधा न डाल दे। जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। प्रसन्नता तात्कालिक और वास्तविक अनुभव देती है-जैसे कोई मनचाही चीज अचानक आपके पास आ जाए। इसलिए, इसे सहजता से स्वीकार करना ही आपके जीवन का लक्ष्य होना चाहिए।

खुशी का मूल आधार आत्मा और स्वास्थ्य, दोनों हैं। हालांकि, इसके लिए आपको यह देखना होगा कि जब आप स्वस्थ और ताकतवर होते हैं, तो बाहरी परिस्थितियों या घटनाओं का आपके ऊपर क्या प्रभाव पड़ता है, और जब आप अस्वस्थ, उदास और परेशान होते हैं, तो उनका क्या असर होता है। आप महसूस करेंगे कि चुस्त-दुरुस्त और मानसिक रूप से मजबूत होने पर कठिन परिस्थितियां आपको प्रभावित नहीं कर पाएंगी, वहीं अस्वस्थ होने पर वही हालात आपको परेशान कर देंगे।

सुख आत्मिक लगाव से भी जुड़ा है। जब आप आत्मीय रूप से ऐसे रिश्ते बनाते हैं, जिनके प्रति आप संवेदनशील हो सकते हैं, जिनसे बात करके आप हंस सकते हैं, रो सकते हैं, और बेबाकी से खुद को व्यक्त कर सकते हैं, तभी आपकी आत्मा फलती-फूलती है, न कि भौतिक वस्तुओं से। जैसा कि एपिक्टेटस कहते हैं कि इन्सान वस्तुओं से नहीं, बल्कि उनके बारे में अपने विचारों से प्रभावित होता है। आत्मीय खुशी बाहरी चीजों से मिलने वाले सुखद अनुभव से कहीं अधिक मूल्यवान होती है। आपका दृष्टिकोण, आपकी सोच और नजरिया ही तय करता है कि आप अपने जीवन को कैसे देखते हैं।

खुशी का एक बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य पर भी निर्भर करता है। स्वास्थ्य के बिना शोहरत, पैसा, तरक्की, शिक्षा जैसे जीवन के अन्य सुख, फीके और अधूरे लगते हैं। यही कारण है कि जब दो लोग मिलते हैं, तो वे सबसे पहले एक-दूसरे का हालचाल पूछते हैं, क्योंकि यही मानव सुख का मूल तत्व है। भौतिक सुखों के लिए अपने स्वास्थ्य से समझौता करना सबसे बड़ी मूर्खता है। स्वास्थ्य सुख ही खुशी, शक्ति और जीवन की असली संपत्ति है। इसलिए, हर दिन कसरत, ध्यान व सही जीवनशैली को प्राथमिकता दें, क्योंकि स्वस्थ शरीर और संतुलित मन ही सपनों को साकार करने की शक्ति देते हैं।

प्रसंगतः समझदार न्यायाधीश



पेशवा माधवराव के शासन में लोगों से बेगार लेकर सरकारी कार्य करवाए जाते थे, जिन्हें श्रमदान कहा जाता था। लोगों से प्रायः जबरदस्ती काम करवाए जाते थे। राम शास्त्री उस समय प्रधान न्यायाधीश थे। एक दिन वह कहीं जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने देखा कि एक सिपाही किसी नौजवान किसान को पीट रहा था। उसकी मां रो-रोकर उसे छोड़ देने की प्रार्थना कर रही थी। वह किसान अपनी मां का इकलौता बेटा था और अपने खेत का काम कर रहा था। यदि वह बेगार निपटाने जाता तो उसके खेत का काम अधूरा रह जाता। यह दृश्य देखकर राम शास्त्री सिपाही के पास गए और नवयुवक को छोड़ देने को कहा। सिपाही ने प्रधान न्यायाधीश की बात नहीं मानी बल्कि उन्हें सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पेशवा के सम्मुख पेश कर दिया। उन्हें देखकर पेशवा माधवराव बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने कहा कि प्रधान न्यायाधीश भी सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में दंड का हकदार है। यह सुनकर राम शास्त्री बेहद विनम्र स्वर में पेशवा से बोले, सरकार, आप मुझे जो भी दंड देंगे वह स्वीकार है। मगर इन दिनों खेतों में काम बहुत है। अगर यह मजदूर अपना काम छोड़कर आपकी सेवा में आते हैं तो इनके खेत बेकार पड़े रहेंगे। इससे इनका तो नुकसान होगा ही, साथ ही राज्य को भी हानि होगी। इनसे उस समय काम लेना चाहिए जब इनके पास खेतों का कोई विशेष कार्य न हो। फिर वह पकड़े गए किसानों की ओर देखकर बोले, बोलो, तुम क्या चाहते हो? इस पर सभी किसान एक स्वर में बोले, यही, जो आपने कहा। हमें अपने राजा के लिए काम करने से इनकार नहीं है पर समय उचित होना चाहिए। किसानों की बात सुनकर पेशवा को अपना निर्णय बदलना पड़ा। उन्होंने सबको सकुशल घर लौट जाने की आज्ञा दे दी। साथ ही बेगार की प्रथा को भी समाप्त कर दिया। इसके लिए किसानों ने राम शास्त्री के प्रति आभार प्रकट किया।

होमव्यू बन सकता है सिक्योरिटी कैमरा

तकनीक विशेष



एप्पल का स्मार्ट होम डिवाइस होमव्यू एक सिक्योरिटी कैमरे के रूप में भी काम कर सकता है। एप्पल इसमें सिक्योर वीडियो फीचर जोड़ने की तैयारी कर रहा है। यह फीचर रोलआउट होता है तो यूजर होमव्यू डिवाइस के कैमरे को सुरक्षा और निगरानी के लिए इस्तेमाल कर सकेंगे, जिससे स्मार्ट होम इकोसिस्टम और ज्यादा मजबूत हो जाएगा।

जीवन की असली जरूरत को पहचानिए, तभी मिलेगी शांति



जरूरत एक ऐसा शब्द है, जिससे हर कोई परिचित है। बिना जरूरत के जीवन का एक पल भी नहीं चल सकता। इसीलिए कहा गया है आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। पर समय के साथ जरूरतों का स्वरूप बदल गया है। कभी जरूरत भोजन, वस्त्र और आश्रय की थी, आज जरूरत बन गई है नया मोबाइल, नई कार, सोशल मीडिया पर पहचान और लगातार अपडेट रहना। मनुष्य की यह नई दौड़ थमने का नाम नहीं लेती। हम अपनी जरूरतों को पूरा करने की व्यवस्था में उलझ कर रह गए है। यह भूल चुके हैं कि हम किसके लिए जिंदा है। हमारे भीतर सांस आती-जाती है, और इस सीमित समय के भीतर हमें अपनी असली जरूरत को पहचानना है। मछली को पानी की जरूरत होती है, पानी को मछली की नहीं। ठीक उसी तरह मनुष्य को शांति की जरूरत है, पर शांति को मनुष्य की नहीं। वह हमारे भीतर है, पर हम उसे बाहर खोजते रहते हैं- किसी नौकरी में, किसी रिश्ते में या लाइक और फॉलोअर की गिनती में। आज जब दुनिया युद्धों, आर्थिक अस्थिरता और पर्यावरणीय संकटों से जूझ रही है, तब जरूरत की परिभाषा खुद में ही उलझी दिखाई देती है। एक तरफ लोग तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से नई ऊंचाइयां छू रहे है, तो दूसरी ओर मानसिक तनाव, अवसाद और अकेलेपन के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। यह विरोधाभास बताता है कि हमारी असली जरूरत कहीं नजर नहीं आती, जो भीतर की शांति है। शांति का मतलब यह नहीं कि युद्ध बंद हो जाए या कोई विवाद खत्म हो जाए। असली शांति वह है जो मन के भीतर ठहर जाए। जब हम अपनी आंतरिक जरूरत को समझ लेते हैं, तब जीवन का हर अनुभव बदल जाता है। जो शांति हम बाहर ढूंढते है, वह वास्तव में हमारे भीतर ही जन्म लेती है। अब सवाल यही है, क्या आपने अपने जीवन में उस शांति का अनुभव किया है? अगर नहीं, तो यह समय है रुकने का, सोचने का और खुद से मिलने का, क्योंकि आज की सबसे बड़ी जरूरत यही है।

हेल्थ कैप्सूल...नीम-हल्दी से होती है बॉडी डिटॉक्स

नीम और हल्दी का सेवन करने से शरीर के हानिकारक तत्व बाहर निकल जाते हैं। इससे बॉडी डिटॉक्स होती है। शरीर से जुड़ी कई छोटी-बड़ी समस्याओं के लिए आयुर्वेद में नीम और हल्दी का उपयोग किया जाता रहा है। इनमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स के कारण कोशिकाओं को होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इन दोनों में एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण भी होते हैं, जो बैक्टीरिया और फंगस से लड़कर स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। कई लोगों को मौसम बदलने पर सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार हो जाता है। ऐसे में अगर आप नीम और हल्दी का एक साथ सेवन करें, तो इससे बचाव होता है। नीम और हल्दी में मौजूद तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। सुबह खाली पेट नीम और हल्दी का सेवन करने से त्वचा को जवान बनाए रखने में मदद मिलती है। इनका सेवन करने से शरीर के हानिकारक तत्व बाहर निकल जाते हैं। इससे बॉडी डिटॉक्स होती है। इसके लिए एक गिलास हल्के गर्म पानी में एक चुटकी हल्दी पॉउडर और नीम की पत्तियों का रस मिला ले। स्वाद बढ़ाने के लिए आप शहद भी मिला सकते हैं। सिर्फ नीम और हल्दी का सुबह खाली पेट सेवन करना अधिक लाभकारी होता है।



क्या कहते हैं विशेषज्ञ

नीम और हल्दी का सही मात्रा और सेवन के सही तरीके को जानने के लिए आपको सेवन से पहले आयुर्वेदिक चिकित्सक से सलाह जरूर लेनी चाहिए। इससे आप कई नुकसानों से बच सकते हैं।

-डॉ. राजीव पुंडीर, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक

राशिफल

मेष सुख-आनंद कारक समय है। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सभा में मान बढ़ेगा। आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है।
शुभांक-4-5-6

वृषभ शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। मनोविनोद बढ़ेगे। व्यायाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। अभ्युदय भी और प्रसन्नता रहेगी।
शुभांक-4-6-7

मिथुन नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा।
शुभांक-4-6-7

कर्क आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा।
शुभांक-1-7-9

सिंह स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। अवरुद्ध कार्य होंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें।
शुभांक-3-5-8

कन्या आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सक्रियता बढ़ेगी।
शुभांक-2-5-7

तुला स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शिक्षा में परेशानी रहेगी।
शुभांक-2-6-8

वृश्चिक आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। सहयोग की अपेक्षा रहेगी।
शुभांक-3-6-8

धनु धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहें।
शुभांक-4-6-7

मकर अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।
शुभांक-3-5-6

कुंभ आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।
शुभांक-4-6-8

मीन ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।
शुभांक-5-6-8

दैनिक पंचांग

7 नवम्बर 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह	स्थिति
सूर्य	तुला में
चंद्र	कन्या में
मंगल	कर्क में
बुध	तुला में
गुरु	सिंह में
शुक्र	कन्या में
शनि	मीन में
राहु	कुंभ में
केतु	सिंह में

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

लग्नारंभ समय	
वृश्चिक	06.56 ब.से
धनु	09.12 बजे से
मकर	11.17 बजे से
कुंभ	13.04 बजे से
मीन	14.36 बजे से
मेष	16.07 बजे से
वृष	17.47 बजे से
मिथुन	19.45 बजे से
कर्क	21.59 बजे से
सिंह	00.15 बजे से
कन्या	02.27 बजे से
तुला	04.37 बजे से

शनिवार 2026 वर्ष का 311 वा दिन
दिशाशूल पूर्व **ऋतु** शरद।
विक्रम संवत् 2083 **शक संवत्** 1948
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण
तिथि त्रयोदशी 10.48 बजे को समाप्त।
नक्षत्र चित्रा 05.53 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** प्रीति 03.28 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 10.48 बजे तदनन्तर विष्टि 23.06 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 24.3 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 16° 13'
सूर्य दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872886
जूलियन दिन 2461351.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1448
महीना जमादि उलावल **तारीख** 26
विशेष काली चौदस, हनुमान पूजा, मासिक शिवरात्रि।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
काल	05.55 से	07.23 बजे तक	लाभ	05.37 से	07.10 बजे तक
शुभ	07.23 से	08.51 बजे तक	उद्वेग	07.10 से	08.42 बजे तक
रोग	08.51 से	10.19 बजे तक	शुभ	08.42 से	10.14 बजे तक
उद्वेग	10.19 से	11.46 बजे तक	अमृत	10.14 से	11.47 बजे तक

संक्षिप्त

बच्चों के संग खेल खेलने उतरे पैरेंट्स

इंदौर। किड्स वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इंडोर स्पोर्ट्स मीट में नन्हे बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी स्पर्धाओं में पसीना बहाते नजर आए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माता गुजरी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर रमनदीप कौर मखीजा रहीं। स्कूल की हेडमिस्ट्रेस कमलप्रीत कौर नैय्यर ने अतिथियों का स्वागत कर खेल स्पर्धाओं की शुरुआत कराई। बच्चों और पालकों के बीच विभिन्न रोचक इंडोर गेम्स कराए गए, जिसमें दोनों ने जबर्दस्त खेल भावना दिखाई। अभिभावकों ने स्कूल की इस अनूठी पहल की सराहना की।

हादसे में 42 लाख रुपए का मुआवजा

इंदौर। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 21 वर्षीय तकनीशियन शिवम मीणा के परिजन को 42.01 लाख रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मृतक की मां, भाई और दादा-दादी को इसका हकदार मानते हुए बीमा कंपनी को दो महीने के भीतर 6 फीसदी सालाना ब्याज सहित राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। 29 जनवरी 2024 को प्रभु टोल कांटे के पास तेज रफ्तार आयशर ने शिवम की बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। कोर्ट ने अस्पताल में पदस्थ रहे शिवम की मासिक आय 19,700 रुपए और भविष्य की संभावनाओं को आधार मानकर यह क्षतिपूर्ति तय की है।

वीसी के बंगले पर दावत पर बवाल

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश सिंघई के सरकारी बंगले पर संघ और भाजपा नेताओं के भोज को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया है। गुरुवार को कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी और देवेंद्र सिंह यादव राहुल गांधी की तस्वीर लेकर आरएनटी मार्ग स्थित विवि कार्यालय पहुंचे और शैक्षणिक निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए वीसी को घेर लिया। सवालों की बौछार के बीच कुलपति दफ्तर से निकलकर कार में बैठकर रवाना हो गए। कांग्रेस ने राज्यपाल से कुलपति को बर्खास्त करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं, कुलपति का कहना है कि उन्होंने निजी परिचितों को भोजन पर बुलाया था... कांग्रेसियों ने दफ्तर में घुसकर अभद्रता और वीडियोबाजी की, जिसकी शिकायत वे पुलिस से करेंगे।

आज बरसेगा धन... आरोग्य देवता धनवंत्री का होगा पारंपरिक पूजन

बाजारों में उमड़ा जनसैलाब... परंपरा के साथ मॉडर्न ट्रेंड्स की धूम



अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। दीपोत्सव के महापर्व की औपचारिक शुरुआत आज धनतेरस के पावन महामुहूर्त के साथ हो रही है। शहर के बाजारों में आस्था और समृद्धि का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। राजबाड़ा से लेकर विजय नगर तक की सड़कें खरीदारों की चहल-पहल से गुलजार हैं। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सराफा, कपड़ा और बर्तन बाजार में ग्राहकों के जबर्दस्त उत्साह से ग्राहकी 30 फीसदी तक उछल चुकी है। धनतेरस के अबूझ मुहूर्त में आज शहर में करोड़ों रुपए का लेन-देन होने का अनुमान है, जिसने मंदी की तमाम आशंकाओं को पीछे छोड़ दिया है।

शुभ मुहूर्त में वाहन घर लाने की होड़ के चलते शोरूम्स में आज सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल है। ऑटो डीलर्स के मुताबिक, शहरभर में करीब 9 हजार दोपहिया और 4 हजार चार पहिया वाहनों की डिलीवरी आज से शुरू होकर पूरे दीपोत्सव के दौरान दी जाएगी। दिनभर सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग के संयोग से ग्राहक अपनी सुविधानुसार गाड़ियां उठाने पहुंच रहे हैं।

राहत... 40 सामग्रियों वाली 'रेडी-टू-यूज़' पूजन किट हिट

त्योहार की भागदौड़ और ट्रैफिक के बीच इस बार शहर में 'स्मार्ट पूजा' का नया कल्चर सामने आया है। मालगंज से शुरू हुआ 'ऑल-इन-वन' पूजन किट का चलन तेजी से लोकप्रिय हुआ है। इसमें माता महालक्ष्मी, श्रीगणेश और मां सरस्वती के पाने के साथ-साथ रोली, कपूर, गंगाजल, धानी, पतासे और अक्षत जैसी 40 से अधिक सामग्रियां एक ही बॉक्स में उपलब्ध कराई गई हैं। पुंडरीक पालरेचा ने बताया कि एक गाइड बुक भी दी जा रही है, जिससे कामकाजी परिवारों और युवाओं के लिए बिना किसी हड़बड़ी के पूरे शास्त्रीय विधान से लक्ष्मी पूजन करना बेहद आसान हो गया है।

सराफा में 60 करोड़, इलेक्ट्रॉनिक्स में 150 करोड़ रु. का आया उछाल

सोने-चांदी की कीमतों में नरमी ने सराफा की चमक दोगुनी कर दी है। दीपोत्सव के साथ-साथ आगामी शादियों के सीजन को देखते हुए लाइटवेट और ट्रेंडी ज्वेलरी की जोरदार मांग है, जिससे सराफा कारोबार 60 करोड़ पार जाने की उम्मीद है। उधर, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, लैपटॉप और स्मार्टफोंस के दम पर इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार 150 करोड़ के रिकॉर्ड कारोबार की ओर बढ़ रहा है। रेडीमेड कपड़ों में थीम-बेस्ड डिजाइनर ड्रेसेस के दम पर 40 करोड़ से अधिक का उठाव देखा जा रहा है। बर्तनों में भी पारंपरिक पीतल-तांबे के अलावा मिक्स मेटल के बर्तनों का ट्रेंड सिर चढ़कर बोल रहा है।

होलकर स्टेडियम में सजेगा टी-20 का महासंग्राम...

14 से इंदौर में मुश्ताक अली ट्रॉफी अभिषेक और वैभव दिखाएंगे दम

दर्शकों के लिए फ्री एंट्री

अक्षरविश्व न्यूज





इंदौर। शहर के क्रिकेट फैंस के लिए नवंबर धमाकेदार रहेगा। होलकर स्टेडियम में 14 नवंबर से घरेलू टी-20 की सबसे बड़ी जंग 'सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी' शुरू हो रही है। टूर्नामेंट में टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी चौके-छक्के उड़ाते नजर आएंगे। अभिषेक दिल्ली और वैभव बिहार की टीम से मैदान में ताल ठोकेंगे।

इंदौर में कुल 21 मुकाबले खेले जाएंगे। होलकर स्टेडियम में मैच फ्लड लाइट्स में (डे-नाइट) होंगे, जबकि डेली कॉलेज मैदान पर दिन के मुकाबले होंगे। सबसे खास बात यह कि दर्शकों के लिए स्टेडियम में एंट्री पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। एमपीसीए सचिव सुधीर असनानी ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

दिल्ली, पंजाब समेत 8 टीमें मैदान में... होलकर की पिच पर रनों की बरसात

इंदौर में दिल्ली, बिहार, सौराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, रेलवे, तमिलनाडु और जम्मू-कश्मीर की टीमें भिड़ेंगी। होलकर की सपाट पिच और छोटी बाउंड्री बल्लेबाजों की मुफीद मानी जाती है। इसी मैदान पर अभिषेक शर्मा ने 30 गेंदों में 69 रन कूटे थे, ऐसे में दर्शकों को हाई-स्कोरिंग और कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।

सीजन की सबसे सर्द रात: पारा 12.7 डिग्री पर... समय से पहले कंपकंपी

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। शहर में ठंड ने अचानक तीखे तेवर दिखा दिए हैं। बीती रात इस सीजन की सबसे सर्द रात रही, जहां पारा 3.7 डिग्री की भारी गिरावट के साथ 12.7 डिग्री पर आ पहुंचा। यह सामान्य से 3 डिग्री कम है, जिसने नवंबर के पिछले 10 वर्षों में से तीन साल (2019, 2021 और 2023) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, उत्तर और उत्तर-पूर्वी ठंडी हवाओं के सीधे असर से पारे में यह गोता लगा है। आमतौर पर इंदौर में ऐसी कड़ाके की ठंड 15 नवंबर के बाद महसूस होती है, लेकिन पहले ही हफ्ते में तापमान गिरने से शहर में ठिठुरन बढ़ गई है और लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए हैं। हवाओं का रुख यही रहा तो ठंड का असर और तेज होगा।

बैंक रिटायर्ड कर्मियों का अधिवेशन 15 से

इंदौर। अखिल भारतीय बैंक सेवानिवृत्त महासंघ का 7वां त्रिदिवसीय महाअधिवेशन 15 से 18 दिसंबर तक खेल प्रशाल में होगा। उद्घाटन राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे। शुरुआत सद्भावना रैली से होगी। इसमें देशभर के राष्ट्रीयकृत बैंकों के 1500 सेवानिवृत्त बैंककर्मी शामिल होकर अपनी मांगों और ज्वलंत समस्याओं पर मंथन करेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

जोन-17 के औद्योगिक क्षेत्र में निगम का छापा, नरेंद्र और रॉयल प्लास्टिक पर गाज

सीवर लाइन में कचरा और केमिकल बहाने पर 2 फैक्ट्रियों पर 35 हजार रु. का जुर्माना

अक्षरविश्व न्यूज



इंदौर। पर्यावरण नियमों को ताक पर रखकर फैक्ट्रियों का जहरीला पानी बहाने वालों पर नगर निगम ने कड़ा प्रहार किया है। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर जोन 17 के वार्ड 18 व 19 स्थित औद्योगिक क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दूषित पानी का बिना उपचार किए सीधे प्लास्टिक कचरा और केमिकल सीवर लाइन में बहाते पकड़े जाने पर दो फैक्ट्रियों पर कुल 35 हजार रुपए का जुर्माना ठोका गया।

निगम मुख्यालय के अफसरों और तकनीकी टीम की जांच में नरेंद्र प्लास्टिक और रॉयल प्लास्टिक की भारी लापरवाही उजागर हुई। टीम ने फौरन चालानी कार्रवाई करते हुए नरेंद्र प्लास्टिक पर 10 हजार और रॉयल प्लास्टिक पर 25 हजार रुपए की पेनल्टी वसूली। निगम ने दो टूक चेताया है कि त्योहारों के बाद भी यह जांच जारी रहेगी और नियम तोड़ने वाली इकाइयों को सील किया जाएगा।

लापरवाही पर नकेल

मौके पर मौजूद उद्योग संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने अफसरों को आश्वस्त किया कि वे सभी संचालकों को संयंत्र चालू रखने और प्लास्टिक कचरा लाइन में न डालने के लिए जागरूक करेंगे। वहीं निगम ने स्पष्ट किया है कि पानी का पूरा शोधन किए बिना बहाने वालों पर कोई रियायत नहीं होगी। इसके साथ ही चेतावनी दी गई है कि समझाइश के बाद भी जो इकाइयां मनमानी जारी रखेंगी, उनके खिलाफ सीधे कारखाने सील करने और जल-सीवर कनेक्शन काटने की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कभी मांगते थे भीख, अब गोबर से चमका रहे दिवाली... पुनर्वासितों ने गढ़े कलात्मक दीये



संस्था 'प्रवेश' लगाएगी 'स्वदेशी स्व-उत्थान' प्रदर्शनी 43 हुनरमंदों को बाजार और सम्मान दिलाने की पहल

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। जिन हाथों में कभी मजबूरी का कटोरा था, वे हाथ अब रोशनी के पर्व पर घर-आंगन रोशन करने का सामान गढ़ रहे हैं। शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने की मुहिम के तहत पुनर्वास केंद्र से जुड़े 43 बच्चों और वयस्कों ने देसी गाय के गोबर से कलात्मक दीये, पूजन थालियां और सजावटी सामान तैयार किए हैं। इन हुनरमंदों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संस्था 'प्रवेश' द्वारा 'स्वदेशी स्व-उत्थान दिवाली प्रदर्शनी एवं सेल' का आयोजन किया जा रहा है।

संस्था के मार्गदर्शन में तैयार उत्पाद पूरी तरह इको-फ्रेंडली और केमिकल-मुक्त हैं। प्रदर्शनी में गोमय से बने कलात्मक दीये, बाजोट, चौकियां, पूजन थालियां, श्री यंत्र, तोरण, वॉल पीस और कॉर्पोरेट गिफ्ट हैम्पर्स बिक्री के लिए रखे जाएंगे।

अभियान के तहत अब तक 5,500 से अधिक लोगों को भिक्षावृत्ति से बाहर निकाला जा चुका है। इनमें 928 बच्चे ऐसे हैं जिन्हें बाल तस्करी और नशे के चंगुल से छुड़ाकर स्कूलों में दाखिला कराया गया। संस्था की संस्थापक रूपाली जैन का कहना है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी अपनी तकदीर बदल सकता है।

पानी नहीं मिलेगा तो रोओगे: बर्बादी पर निगम सख्त, सीधी मोटर लगाने वालों पर चलेगा डंडा

वार्ड 32 में नलों से पानी बहने पर एमआईसी मेंबर ने दिए चालान के निर्देश



अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। कम बारिश और गिरते भूजल स्तर के बीच आने वाली गर्मियों में संभावित जल संकट को देखते हुए नगर निगम ने पानी की बर्बादी पर कड़ा रुख अपना लिया है। शहर में नलों से पानी व्यर्थ बहने, पाइप लगाकर गाड़ियां धोने और नर्मदा लाइन से सीधे मोटर लगाकर पानी खींचने की शिकायतों के बाद निगम ने औचक निरीक्षण शुरू कर दिया है।

वार्ड 32 के रघुनंदनबाग में निरीक्षण के दौरान सड़कों पर हजारों लीटर साफ पानी बहता और नलों से टोटियां गायब देख एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर बिफर पड़े। उन्होंने जोनल अफसरों को तुरंत चालानी कार्रवाई के निर्देश देते हुए रहवासियों को दो टूक चेताया... 'आज पानी सड़कों पर बहा रहे हो, कल जब बूंद-बूंद को तरसोगे तब रोओगे।'

निगम ने साफ किया है कि नर्मदा या बोरिंग के पानी से गाड़ियां व आंगन धोने तथा डायरेक्ट मोटर लगाने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। इसके लिए टीमें सुबह औचक निरीक्षण कर वीडियो बनाएंगी और मौके पर ही भारी-भरकम चालान ठोकेंगी। बार-बार नियम तोड़ने वालों के नल कनेक्शन भी काटे जाएंगे।

अपने ही गढ़ में बैनर से गायब रहे विजयवर्गीय...

1 नंबर में दीपावली मिलन पर मचा सियासी घमासान

गैरमौजूदगी पर सफाई: 'कार्यकर्ताओं से हुई चूक'



इंदौर। विधानसभा-1 में आयोजित दीपावली उपहार वितरण कार्यक्रम ने भाजपा की अंतर्कलह को चौराहे पर ला खड़ा किया है। क्षेत्रीय विधायक और कद्दावर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय न सिर्फ आयोजन से नदारद रहे, बल्कि मंच के मुख्य पोस्टरों से भी उनका चेहरा गायब मिला। अपने ही गढ़ में विजयवर्गीय की अनदेखी और मंच पर विरोधी खेमे के नेताओं के जमावड़े को सीधी सियासी बगावत माना जा रहा है। भाजपा नेता व पार्षद पति मनोज मिश्रा के इस आयोजन में प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे और विधायक मनोज पटेल सहित विरोधी गुट के कई नेता मंच पर जुटे। बैनर से फोटो गायब होने पर आयोजक मनोज मिश्रा ने इसे कार्यकर्ताओं की चूक बताया। हालांकि, इस सफाई के बीच विजयवर्गीय की दूरी और विरोधी खेमे की लामबंदी ने साफ कर दिया है कि क्षेत्र में गुटबाजी चरम पर है।

पुराने कॉन्सर्ट का 2 करोड़ टैक्स दबाया दिलजीत के नए शो पर निगम का अड़ंगा

15 को होना है शो... थमाया नोटिस, बकाया चुकाए बिना नहीं मिलेगी परमिशन

अक्षरविश्व न्यूज





इंदौर। पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के 15 नवंबर को होने वाले लाइव कॉन्सर्ट से पहले निगम ने आयोजकों पर शिकंजा कस दिया है। 8 दिसंबर 2024 के कॉन्सर्ट का करीब 2 करोड़ रुपए का मनोरंजन कर दबाए बैठे आयोजकों को निगम ने दोटूक चेतावनी दे दी है... जब तक पुराना बकाया जमा नहीं होगा, नए शो को हरी झंडी नहीं मिलेगी। पिछले कॉन्सर्ट की टिकट बिक्री पर 10 फीसदी टैक्स जमा होना था, जिसे आयोजकों ने दबाकर रखा। अब निगम ने एमआर-10 स्थित वेन्यू मालिक से भी प्रॉपर्टी के दस्तावेज तलब कर लिए हैं। अपर आयुक्त आकाश सिंह के मुताबिक, आयोजक और वेन्यू संचालक दोनों को संयुक्त नोटिस जारी कर पुराना और नए शो का टैक्स चुकता करने को कहा गया है।

औजला से वसूले थे 57 लाख, अब दिलजीत की बारी

इसी इवेंट कंपनी से निगम ने करण औजला के शो में सख्ती दिखाकर 57 लाख रुपए जमा करवाए थे। अब दिलजीत के कॉन्सर्ट पर नजरें हैं, जहां 30 हजार दर्शकों के जुटने का अनुमान है और टिकट 4 हजार से 16 हजार 800 रुपए तक बिक रहे हैं। साफ है कि अगर टैक्स नहीं चुकाया गया, तो 15 नवंबर के शो पर संकट गहराना तय है।

वैज्ञानिकों ने चेताया: नरवाई जलाई तो बंजर होगी जमीन



अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। खेतों में फसल अवशेष और नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होने को लेकर कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को चेताया है। राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान में 'आत्मा' योजना के तहत आयोजित परिचर्चा में विशेषज्ञों ने नरवाई में आग लगाने की परंपरा बंद कर वैज्ञानिक तरीके अपनाने पर जोर दिया। कृषि संयुक्त संचालक जितेंद्र सिंह ने कटाई के दौरान ही अवशेषों के प्रबंधन के लिए हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) लगाने की सलाह दी। वहीं डॉ. अपर्णा वाजपेयी ने कहा कि वैज्ञानिक प्रबंधन से जमीन की सेहत सुरक्षित रहती है। परिचर्चा में मौजूद प्रगतिशील किसानों ने आग लगाए बिना सफल प्रबंधन और बहुफसलीय खेती से बंपर उत्पादन लेने के अपने अनुभव भी साझा किए।

दिल्ली, मुंबई और पुणे रूट पर वेटिंग का शतक: स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाने के बाद भी राहत नदारद

खिड़की से घुसे यात्री, ट्रेनों में नो-रूम: टिकट को तरसे लोग... बस वालों ने 20 फीसदी तक बढ़ाया किराया

अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। दीपावली पर घर जाने की मजबूरी ने यात्रियों को बेबस कर दिया है। इंदौर से चलने वाली ट्रेनों और बसों में मचे हाहाकार के बीच सीटें मिलना दूभर हो गया है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि इंदौर से रवाना हुई पटना ट्रेन के जनरल डिब्बे में सवार होने के लिए यात्री आपातकालीन खिड़की से जान जोखिम में डालकर अंदर घुसते नजर आए। दिल्ली, मुंबई और पुणे रूट की ट्रेनों में वेटिंग का आंकड़ा 100 पार पहुंच चुका है। यात्रियों की इसी बेबसी का फायदा उठाते हुए बस ऑपरेटरों ने मनमानी लूट शुरू कर दी है और किराए में 15 से 20 फीसदी तक की सीधी बढ़ोतरी ठोक दी है।



महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली रूट की ट्रेनों में अगले कई दिनों तक पैर रखने की जगह नहीं बची है। इंदौर से टिकट न मिलने पर लाचार यात्री अब भोपाल या नजदीकी स्टेशनों से कंफर्म सीट तलाशने का पैंतरा आजमाने पर मजबूर हैं।

स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाए चंद मिनटों में सीटें फुल

यात्रियों के दबाव को देखते हुए रतलाम मंडल ने इंदौर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल (09080/09079) के फेरे हफ्ते में दो से बढ़ाकर तीन दिन जरूर किए हैं, लेकिन यह मरहम भी नाकाफी साबित हुआ। 30 नवंबर तक इंदौर से सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और मुंबई से मंगलवार, गुरुवार, रविवार चलने वाली इस ट्रेन के अतिरिक्त फेरों की सीटें भी खुलते ही फुल हो गईं। साफ है कि रेलवे के सारे इंतजाम इस भारी भीड़ के आगे धड़ाम हो चुके हैं।

कलेक्टर वर्मा ने निभाया वादा राजकुमारी को सिलाई मशीन



अक्षरविश्व न्यूज

इंदौर। देपालपुर के बनेड़िया में आयोजित 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविर' में स्व-सहायता समूह की दीदी राजकुमारी ने कलेक्टर शिवम वर्मा से सिलाई मशीन की गुहार लगाई थी। कलेक्टर ने मौके पर ही मदद का भरोसा दिया था। निर्देश मिलते ही एसडीएम चरणजीत सिंह हुड्डा ग्राम उजलिया पहुंचे और राजकुमारी को घर जाकर सिलाई मशीन सौंपी। हाथ में मशीन आते ही राजकुमारी के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास खिल उठा। अब वे घर बैठे सिलाई का काम शुरू कर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगी और आत्मनिर्भर बनकर परिवार को मजबूत सहारा देंगी।

उज्जैन पहुंचे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद महंत रवींद्र पुरी ने मीडिया से की चर्चा

शासन से मांगी अखाड़ों के विकास के लिए राशि धीरेंद्र शास्त्री मुद्दे को तूल नहीं देने की अपील

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की सराहना की

उज्जैन। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने उज्जैन की सिंहस्थ की तैयारियों को अभूतपूर्व बताते हुए स्थानीय अखाड़ों में होने वाले विकास कार्यों के लिए प्रशासन से राशि जारी करने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की उन्होंने तारीफ की लेकिन वाघेश्वरधाम के धीरेंद्र शास्त्री के मुद्दे को तूल नहीं देने की अपील भी की।

पुरी बुधवार को बड़नगर रोड स्थित निरंजनी अखाड़ा कैंप में थे। वे नासिक सिंहस्थ के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद उज्जैन आए हुए हैं। यहीं उन्होंने मीडिया से बात की।



सिंहस्थ के काम बेहतरीन, अखाड़ों की राशि जारी हो

पुरी ने कहा कि उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ बेहतरीन होगा। यहां के काम बहुत अच्छे चल रहे हैं। अब शासन को स्थानीय अखाड़ों के विकास के लिए राशि जल्दी से जल्दी जारी करनी चाहिए, ताकि काम प्रारंभ हो सकें। उन्होंने बताया कि नासिक सिंहस्थ में देवेंद्र फडनवीस सरकार ने 7-7 करोड़ की राशि दी है।

धीरेंद्र शास्त्री निश्चल

एक सवाल के जवाब में पुरी ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री निश्चल हैं। वे सनातन के लिए बने हैं। उन्होंने सनातन के लिए यात्रा भी निकाली है। भगवान श्रीकृष्ण को लेकर की गई उनकी टिप्पणी पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने भोलेपन में बोल दिया। इस मामले को तूल नहीं देना चाहिए।

संतों के आश्रम तोड़ने से तकलीफ होती है, पर अतिक्रमण तो नहीं करें

पुरी ने कहा कि सिंहस्थ क्षेत्र में संतों के आश्रम तोड़ने पर तकलीफ तो होती है लेकिन अतिक्रमण तो नहीं होना चाहिए। इन मामलों में अंडर स्टैडिंग होनी चाहिए। जिन लोगों ने आश्रम-मठ आदि बना लिए हैं वे अंडर स्टैडिंग दे सकते हैं।

सिंहस्थ विकास के लिए निरंजनी-आनंद अखाड़े ने दी अपनी जमीन

सिंहस्थ विकास के लिए निरंजनी और आनंद अखाड़े ने अपनी जमीन भी दी है। सिक्सलेन बन रहे बड़नगर रोड के दायरे में निरंजनी और आनंद अखाड़े की जमीन भी आ रही है। इसके लिए 16 फीट तक निशान लगाए गए हैं। 16 बाय 500 फीट की जमीन रोड चौड़ीकरण में जा रही है। अध्यक्ष ने नई जगह पर अखाड़े की बाउंड्रीवॉल का काम शुरू करवा दिया है। बुधवार को उन्होंने काम का मुआयना किया।

कोठी रोड पर स्टंटबाज वाहन चालकों का कहर

टहल रहे एसडीएम को मारी टक्कर, अस्पताल में भर्ती

उज्जैन। कोठी रोड़ पर स्टंटबाज वाहन चालकों का कहर ऐसा है कि सड़क किनारे पैदल चलने वाले लोगों की जान खतरे में पड़ रही है। मंगलवार रात एक बाइक चालक ने एसडीएम को टक्कर मारकर घायल कर दिया।



कालिदास अकादमी से कोठी रोड और उद्यन मार्ग पर रोजाना बाइक सवार स्टंटबाजी करते हैं और वाहन तेज रफ्तार से दौड़ाते हैं। सुबह-शाम व रात के समय क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पैदल भ्रमण को निकलते हैं जिन्हें स्टंटबाजों से जान का खतरा बना रहता है। मंगलवार रात एसडीएम एल.एन. गर्ग वॉक के लिए कोठी रोड पर गए थे, उन्हें तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। गर्ग संभल पाते उसके पहले ही बाइक चालक मौके से भाग निकले। राहगीरो ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। खास बात यह कि स्टंटबाज वाहन चालकों पर माधव नगर थाना पुलिस और यातायात पुलिस कभी-कभी ही कार्रवाई करती है। खासकर हादसे के समय। जबकि यह इलाका वीआईपी है और बड़ी संख्या में लोग यहां सैर के लिए सुबह और शाम के समय आते हैं।

होटल में था एसटीपी प्लांट, शुद्ध हो रहा था पानी, फिर भी लगा 8 हजार का जुर्माना



उज्जैन। निजातपुरा स्थित होटल अविका एलाइट पर नगरनिगम की टीम ने 8 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। होटल प्रबंधन ने जैव अवशिष्ट के निपटारे के लिए एसटीपी प्लांट लगा रखा है। कचरे से खाद भी बन रही हैऔर गंदे पानी को शुद्ध कर सिंचाई में उपयोग हो रहा था लेकिन फिर भी व्यवस्थागत कई खामियां थीं।

दरअसल, सीवरेज हादसे में चार लोगों की मौत के बाद नगरनिगम का अमला अलर्ट मोड पर है। वह होटल-रेस्टोरेंट की जांच कर रहा है। इसी कड़ी में टीम होटल अविका पहुंची थी। यहां होटल प्रबंधन ने कचरा निष्पादन की कई व्यवस्था कर रखी हैं। होटल प्रबंधन जैविक कचरे से खाद बना रहा था। वह खाद के बाद निकले कचरे को बेच भी रहा था।

यहां मिली कमी

- टीम को एसटीपी टैंक की नियमित सफाई में कमी मिली। सैनेटाइजेशन भी कमजोर था।

यह दिए निर्देश

- एलपीजी प्लांट में उपचार संबंधी व्यवस्था भी रखी जाए।
- एसटीपी परिसर में एग्जॉस्ट सिस्टम लगाया जाए।
- बल्क वेस्ट जनरेटर यूनिट संबंधी नियमों का पालन ठीक से किया जाए।
- उपयंत्री नरेश जैन एवं एसआई धीरज कलोसिया ने जुर्माने की कार्रवाई की। इस दौरान ओम साई विजन के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

वसूली करने वाला फर्जी क्राइम ब्रांच अफसर पकड़ाया, दो साथी फरार

अक्षरविश्व न्यूज

उज्जैन। महाकाल मंदिर क्षेत्र में फूल प्रसादी की दुकान संचालित करने वाले युवक को फर्जी क्राइम ब्रांच अफसर बनकर धमकाने वाले तीन आरोपियों में से एक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

दरअसल, 31 अक्टूबर की शाम हार-फूल दुकान संचालक घर लौट रहा था। हरिफाटक ओवरब्रिज से नीचे उतरकर जब गोल्डन पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो हरे-पिस्ता रंग के एक्सिस स्कूटर पर सवार तीन युवकों ने उसे रोका और खुद को साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए उस पर एमडी ड्रग्स बेचने का आरोप लगाया। यह लोग फरियादी को लालपुल की दरगाह के पास ले गए और उससे मारापीटी की। नगद 300 रुपए छीन लिए और 20 हजार रुपए की



मांग की। इन लोगों ने उसका वीडियो भी बना लिया। इनमें से एक शख्स ने क्यूआर कोड भेजकर फरियादी से 5500 रुपए भी खाते में ट्रांसफर करवा लिए। बाद मेंआरोपी फरियादी एवं उसके दोस्त को वहीं छोड़कर फरार हो गए थे। जांच के बाद पुलिस ने राजगढ़ के बरेठा के रहने वाले 22 साल के अर्जुन पिता अमृतलाल को दबोचा है। उसने अपराध कबूल कर लिया है।

डोडाचूरा के साथ भाई बहन पकड़ाए

उज्जैन। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने केडी पैलेस के पास से भाई -बहन को पकड़कर उनसे हजारों रुपए कीमत का डोडाचूरा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर केडी पैलेस के पास से रानू सिंधी पिता संतोष और उसकी मौसेरी बहन सिमरन पति अजय पंजाबी दोनों निवासी भोपाल को पकड़ा गया। उनके पिट्ठू बैग की तलाशी ली तो तीन सीलबंद पैकेट में 30 किलो से अधिक डोडाचूरा मिला। दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया और कोर्ट में पेश कर 3 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने बताया कि भाई बहन मूलतः रायसेन के रहने वाले हैं और डोडा चूरा की डिलेवरी देने केडी पैलेस क्षेत्र में पहुंचे थे।

नीलगाय पकड़ने का अभियान सफल, 4 दिन में पकड़े गए 226 नीलगाय और ब्लैक बग

उज्ज्जैन। हेलिकॉप्टर बोमा से नीलगाय पकड़ने का रेस्क्यू अभियान जिले में सफल रहा। तीन जगह बोमा लगाया गया और चार दिन में 226 नीलगाय और ब्लैक बग(कृष्ण मृग) पकड़े गए। बुधवार को उज्जैन की टीम का हौसला बढ़ाने के लिए राज्य की मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक समिता राजौरा पहुंची। अभियान की खास बात यह रही कि उज्जैन और शाजापुर से पकड़े गए सभी वन्यजीवों का मंदसौर के गांधीसागर अभयारण्य में सफल ट्रांसफर हो गया। उज्जैन से करीब 150 किलोमीटर दूर स्थित गांधीसागर पहुंचने तक एक भी वन्यजीव की मौत नहीं हुई। शाजापुर में हेलिकॉप्टर बोमा करने वाली साउथ अफ्रीकन टीम 31 अक्टूबर को उज्जैन पहुंची थी। उज्जैन के सर्वाधिक प्रभावित पांच गांव दताना-मताना, ताजपुर, केसूनी, ब्रजराजखेड़ी और हासामपुरा में रेस्क्यू अभियान चलना था।

आरपीएफ की टीम ने की वेंडरों की धरपकड़

उज्जैन। ट्रेनों में निर्धारित संख्या से अधिक वेंडरों के मिलने पर आरपीएफ की टीम ने धरपकड़ शुरू की है। इन्हें कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

आरपीएफ पोस्ट प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि ट्रेनों में वेंडरों की संख्या का निर्धारण रेलवे गाइड लाइन अनुसार किया जाता है। ठेकेदार के माध्यम से यह व्यवस्था संचालित होती है। ठेकेदार ही निर्धारित संख्या में वेंडरों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराता है। आरपीएफ इसे लेकर समय-समय पर अभियान चलाकर वेंडरों की जांच करती है। ट्रेन में चैकिंग के दौरान निर्धारित संख्या से अधिक वेंडर मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को भी टीम ने ट्रेनों में चेकिंग की जिसमें 6 वेंडरों को पकड़ा गया। सभी को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

रनाहेड़ा गोलीकांड का आरोपी हिरासत में

उज्जैन। रनाहेड़ा में गोली चलाने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, चार महीने पहले रनाहेड़ा में इस गोलीकांड को आरोपी ने अपने भाई के साथ अंजाम दिया था। यह मामला एक युवती को जबरन ले जाने से जुड़ा है। रनाखेड़ा में रहने वाली युवती को धूलमहू के विकास आंजना ने अपने साथियों के साथ अगवा करने की कोशिश की थी। इस संबंध में युवती के काका ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आंजना ने देसी कट्टे से हवाई फायरिंग कर दहशत पैदा की थी। हालांकि उसका प्रयास असफल हो गया था। युवती के काका ने पानबिहार पुलिस चौकी पर विकास आंजना एवं अन्य आरोपियों के के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। जांच में यह सामने आया था कि घटना के समय विकास का भाई राजेश सिंह भी उसके साथ था।

युवती ने जहर खाया

उज्जैन। झारड़ा के नागपुरा में रहने वाली युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। युवती का नाम वर्षा पिता कन्हैयादास बैरागी (19) है। वह घर पर अकेली थी। परिजन खेत पर काम करने गए थे। दोपहर में ममेरे भाई मुरली ने वर्षा को उल्टियां करते देखा और पड़ोसी को बताया। परिजन चरक अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने बताया कि किन कारणों के चलते आत्महत्या की इसकी जानकारी नहीं है।

बाजार जगत

किराना बाजार

कश्मीर के बाद लद्दाख में भी केसर के फूल खिले

इंदौर। देश में परंपरागत रूप से केसर का सर्वाधिक उत्पादन कश्मीर में होता रहा है लेकिन अब प्रायोगिक तौर पर लद्दाख में भी इसकी खेती शुरू की गई है। लद्दाख की राजधानी लेह की कुछ बंजर पड़ी जमीन में केसर की खेती की जा रही है और रोपाई के महज 30 दिनों के अंदर इसके पौधों में फूल लगने शुरू हो गए। इससे वहां ऊंची कीमत वाले केसर की खेती का दायरा बढ़ने की अच्छी उम्मीद है। अधिक ऊंचाई वाले लेह के ठंडे एवं वीरान क्षेत्रों में यदि केसर की खेती का प्रयोग सफल हो गया तो वहां इसके व्यावसायिक उत्पादन का नया द्वार खुल सकता है। आजीविका के नए अवसर का निर्माण हो सकता है, किसानों तथा युवाओं के साथ-साथ कृषि उद्योग से जुड़े उद्यमियों को अच्छा प्रोत्साहन मिल सकता है।

लद्दाख के उप राज्यपाल का कहना है कि इस प्रायोगिक खेती के अंतर्गत महज 30 दिनों की रिकार्ड कम अवधि में केसर के पौधों में फूल लगने की प्रक्रिया शुरू भी हो गई जबकि आमतौर पर प्रथम ब्लूम में कम से कम दो माह का समय लग जाता है। रोजाना 20 से 25 फूल निकल (टिवल) रहे हैं। एक नवंबर की सुबह में फूलों की संख्या बढ़कर 72 पर पहुंच गई। पुष्पीकरण के प्रथम चार दिनों के दौरान



करीब 22 ग्राम केसर का उत्पादन हुआ। पहले यह क्षेत्र उजाड़ एवं वीरान था लेकिन अब वहां ईरान से करीब 90 हजार प्रीमियम क्वालिटी का केसर मंगाया गया जिसका वजन करीब 800 ग्राम था। इसकी खेती स्पितुक फरका क्षेत्र में लगभग 4000 वर्ग मीटर में की गई। इंदौर में शकर 50 रुपए घटकर नीचे में 5450 ऊपर में 5600 रुपए प्रति क्विंटल रह गई।

फलाहारी

रायलरतन साबूदाना (एककिलो) 7950, रायलरतन साबूदाना (500 ग्राम) 8050, रायलरतन (200 ग्राम) 8350, रायलरतन लूज 7300, सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) एक किग्रा 7800, सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) 500 ग्राम 7900, 200 ग्राम 8200, सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) लूज 7200, सच्चामोती पोहा एक किलो पैकिंग में 5850, सच्चामोती मोरधन 8500, रायलरतन मोरधन 21500 रुपये। साबूदाना सच्चासाबू एगमार्क (500) 7710, साबूदाना चक्र एगमार्क 7660, गोपाल लूज (25 किलो) 6400, कुकरीजाकी मोरधन (500 ग्राम)-19000 रुपए। सिंघाड़ा छोटा 100-115 बड़ा 120-130 रुपए।

मसाले



कालीमिर्च गारबल 770 से 775 कालीमिर्च मीडियम 790 से 800, मिनीमटर 820 से 850, मटरदाना 850 से 870 मटरदाना बोल्ड 900, सफेद कालीमिर्च 1100, हल्दी निजामाबाद 280 से 300, हल्दी सांगली 360-365, जीरा 250 से 275, मीडियम 280 से 300, सौंफ मोटी 230 से 250, लौंग चालू 925 से 1025, दालचीनी 255 से 270, जायफल 790 से 825, जावित्री 2300 से 2400, बड़ी इलायची 1600 से 1900, पत्थरफूल 400 से 425, बाद्यान फूल 425 से 450, शाहजीरा खर 350, ग्रीन 800 से 925, तेजपान 90 से 100, नागकेसर 1050, सौंठ 340, धोली मूसली 850-1000, हींग 751-3450, हरी इलायची 3500 से 3600, पानबार 3100-3300 रुपए।

दलहन

चना कांटा 7500-7550, विशाल चना 7400-7450, डंकी चना 6600-6700, काबुली डालर 9500-10500, काबुली रशियन 7500-7700, बिटकी 7000-7300, मसूर 6000, तुवर महाराष्ट्र सफेद 9300-9600, महाराष्ट्र लाल 9800-10100, कर्नाटक नई 10000-10100, निमाड़ी तुवर 7700-9000, मूंग बेस्ट गर्मी 8200-8500, बेस्ट 8400-8600, मोगर 5500-7500, उड़द बोल्ड 9200-9500, उड़द गर्मी 8500-9200, ग्रेविटी क्लीन 9500-9900 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बताए गए।



दालों के दाम

चना दाल 8900-9000, मीडियम 9200-9400, बेस्ट 9800-10000, मसूर दाल 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, मूंग दाल 9800-9900, बेस्ट 10000-10100, मूंग मोगर 11700-11800, बेस्ट 11900-12000, तुवर दाल 9300-9400, मीडियम 10200-10300, बेस्ट 12300-12600, ए. बेस्ट 13500-13700, ब्रांडेड व्हाइटरोज तुवर दाल 15100, उड़द दाल 10900-11000, बेस्ट 11100-11200, उड़द मोगर 11800-12000, बेस्ट 12100-12300 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बोले गए।

तेल



लूज तेल (टैक्स अतिरिक्त)

मूंगफली तेल इंदौर 1780-1800, मुंबई मूंगफली तेल 1820, इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 1405-1410, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1345-1350, इंदौर पाम तेल 1468, मुंबई सोया रिफाइंड 1450, मुंबई पाम तेल 1390, राजकोट तेलिया 2800, गुजरात लूज 1750, कपास्या तेल इंदौर 1440 रुपए प्रति दस किलो।

इंदौर चावल भाव

दयालदास अजीतकुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 13000-14000, तिबार 11000-12000, बासमती दुबार पोनिया 10000-11000, मिनी दुबार 8500-9000, मोगरा 5500-7500, बासमती सेला 8500-10500 कालीमूंछ डिनरकिंग 10000, राजभोग 7500, दुबराज 5500-6000, परमल 3400-3500, हंसा सेला 3500-3700, हंसा सफेद 3000-3200, पोहा 4800-5500 रुपए प्रति क्विंटल।



प्लांट सोयाबीन के भाव

धीरेंद्र सोया 7115, धानुका 7100, केपी निवाड़ी 7050, प्रेस्टीज 7025, एबीआईएस बदनावर 6950, पतंजलि 6925, खंडवा आयल 6900, एमएस साल्वेक्स नीमच 6900, सूर्या फूड्स 7135, लिविंग फूड्स 7001, मित्तल 7001, नीमच प्रोटीन 7100, आइडिया लक्ष्मी देवास 7050, प्रकाश 6950, अमृत 6950, कीर्ति (देवास, उज्जैन, मंदसौर, इंदौर, गुना) 6950, रामा 6900, केएन इटारसी 6850 रुपए प्रति क्विंटल के भाव रहे।

कार्यालय कलेक्टर जिला खरगोन एवं समुचित सरकार
मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0021/अ-82/2025-26

क्रमांक/703/भू-अर्जन/2026 — खरगोन, दिनांक : 02.11.2026

सार्वजनिक/व्यापक सूचना

''भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013'' (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा-21

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि **ग्राम मण्डलेश्वर तहसील महेश्वर जिला खरगोन** की भूमि का अधिग्रहण **बड़वाह-धामनोद के मध्य 4-लेन** मय पेव्हड शोल्डर निर्माण के लिये किया जाना है। अत: आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत मुख्तयार के मार्फत उपस्थित होकर अधोलिखित वर्णित भूमि जिसे सार्वजनिक प्रयोजन अर्थात **बड़वाह-धामनोद के मध्य 4-लेन** मय पेव्हड शोल्डर निर्माण हेतु भूमि का अर्जन किया जा रहा है, भूमि पर अपने हित, अधिकार, मुआवजा राशि, भूमि पर अधिकार के फलस्वरूप मुआवजा में हित संबंधी दावे तथा भूमि के परिमाप/नम्री संबंधी अथवा अन्य आपत्ति (यदि कोई हो) मय अभिलेखों, दस्तावेजों एवं प्रमाणों के साथ **सूचना पत्र जारी दिनांक से 30 दिवस में** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग मण्डलेश्वर जिला खरगोन में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। सूचना उपरांत अनुपस्थित रहने की दशा में यह माना जाकर कि, आपको कुछ नहीं कहना है व प्रकरण की कार्यवाही विवरण सही है, एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर निराकरण कर दिया जावेगा।

अनुसूची-1

भूमि का वर्णन :-

(क)	जिला	-	खरगोन
(ख)	तहसील	-	महेश्वर
(ग)	ग्राम	-	**मण्डलेश्वर**
(घ)	अर्जित रकबा	-	14.2386 हेक्टे.

अनुसूची-2

निजी भूमि का विवरण :-

क्र.	भूमि स्वामी का नाम	खसरा नं.	अर्जित रकबा हेक्टे.	रिमार्क
01	02	03	04	05
1.	ताराबाई पति शिवराम, माया पिता शिवराम, सन्तोष पिता शिवराम, शरद पिता शिवराम, अमित पिता शिवराम	201	1.0024	
2.	जितेन्द्र पिता रमेशचन्द्र जाति भारूड	199	0.0971	
3.	हेमेन्द्र पिता बाबुलाल, महेन्द्र पिता बाबुलाल, संगीता पिता बाबुलाल, महाकोर बाई बेवा बाबुलाल सभी जाति भारूड	198/1	0.1221	
4.	बसंतीबाई बेवा रमेशचन्द्र जितेन्द्र रंजना पिता रमेशचन्द्र जाति भारूड	198/3	0.0350	
5.	जगन्नाथ पिता मुरार जाति कुलमी	197	0.1570	
6.	दुलिचन्द पिता रूघनाथ जाति कुलमी	196	0.1469	
7.	सुरेश पिता राजनाथ जाति कुलमी	193	0.0377	
8.	सुरेशसिंह पिता गोपालसिंह मण्डलोई जाति राजपूत	170/1/2	0.0134	
9.	प्रीतेश जैन पिता नवीनचंद जैन	170/2	0.0721	
10.	प्रीतेश जैन पिता नवीनचंद जैन	170/3/2	0.0558	
11.	सुरेशसिंह पिता गोपालसिंह जाति राजपूत	170/4/2	0.0361	
12.	भरतसिंह पिता रामसिंह मण्डलोई	170/5/2	0.0113	
13.	वर्षा जाधम पत्नी डॉ. राजेश माझी	168/2	0.5157	
14.	श्यामसुन्दर पिता सदाशिव जाति ब्राम्हण	118	0.7140	
15.	श्यामसुन्दर पिता सदाशिव जाति ब्राम्हण	115/3	0.3611	
16.	हकिम पिता बदरुउद्दीन जाति मुसलमान	219/1/2	0.4484	
17.	सुरेशचन्द्र पिता भीला जाति भारूड	198/2	0.1253	
18.	गेंदाबाई बेवा नारयण जाति कुलमी	195	0.3877	
19.	ललितकुमार पिता सुकदेव जाति कुलमी	167/1	0.0074	
20.	विष्णु पिता मुरारं जाति कुलमी	119/2	0.7170	
21.	महादेव पिता बाबुलाल जाति कुलमी	83/6	0.3910	
22.	रमेश उर्फ रामेश्वर पिता बाबूलाल जाति कुलमी	83/3	0.4015	
23.	अशोक पिता जगदीश जाति कुलमी	85/1	0.1792	
24.	कृष्ण पिता बाबुलाल जाति कुलमी	83/1	0.2693	
25.	गंगाबाई बेवा राधेश्याम महेश, दिनेश, सुनिता पिता राधेश्याम जाति कुलमी	75/1/2	0.3137	
26.	राजेन्द्र पिता राजाराम जाति कुलमी	75/2/1	0.4955	
27.	जगदीश पिता राजाराम जाति भारूड	73	0.8563	
28.	दिलीप पिता नारायण जाति कुलमी	66/3	0.3300	
29.	शिवराम पिता घिसा जाति कुलमी	66/2	0.3200	
30.	अशोक पिता बालुजी जाति कुलमी	66/1	0.1886	
31.	रमेशचन्द पिता राजाराम जाति राजपूत	60/6	0.3405	
32.	महेशचन्द पिता राजाराम जाति राजपूत	60/5	0.2877	
33.	सुरेशचन्द्र पिता राजाराम जाति राजपूत	60/2	0.3210	
34.	बसुबाई पति भगवान पाटीदार, माया पति अजयसिंह पटेल	60/4	0.0119	
35.	बसुबाई पति भगवान पाटीदार, माया पति अजयसिंह पटेल	60/3	0.2162	
36.	बसुबाई बेवा भगवान, भरत पिता भगवान, संजय पिता भगवान सभी जाति कुलमी	60/1	0.8080	
37.	धर्मेन्द्र पिता जगदीश, राजेश्वर पिता रमेशचन्द्र	56/2	0.4696	
38.	जगदीश पिता धन्नालाल जाति कुलमी	19/1	0.5599	
39.	राजेश्वर पिता रमेशचन्द्र जाति कुलमी	18	0.1649	
40.	मोहन पिता वामनराव जाति ब्राम्हण, अमर पिता मोहनलाल मोयदे जाति ब्राम्हण	15/1	0.1206	
41.	कृष्णाबाई पति अर्जुनसिंह, मनीष पिता अर्जुनसिंह	16/1	0.6516	
42.	कृष्णाबाई पति अर्जुनसिंह मनीष पिता अर्जुनसिंह	16/2	0.4739	
43.	अमित पिता जगदीशचन्द, राजेश्वर पिता रमेशचन्द	15/2	0.1036	
44.	किरण पिता रमेशचन्द्र, राजेश्वर पिता रमेशचंद्र, कंचनबाई बेवा रमेशचंद्र	1	0.6821	
45.	जगदीश पिता धन्नालाल जाति कुलमी	2/2	0.2185	
		कुल	14.2386	

हस्ता. /- (गुरु प्रसाद)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव

म.प्र. माध्यम/128962/2026 — म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, जिला खरगोन (म.प्र.)

फ्रूट्स फैक्ट्री में आग से 25 लाख का कच्चा माल और मशीनरी जली



अक्षरविश्व न्यूज

खरगोन। निमरानी इंडस्ट्रियल एरिया में महाराजा फ्रूट्स इंडस्ट्रीज में गुरुवार सुबह 7 बजे आग लग गई। आग से करीब 25 लाख रुपए के कच्चे माल और मशीनरी के नुकसान का अनुमान है। बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

कंपनी संचालक शिवम जायसवाल ने आग की जानकारी मिलते ही खलटांका पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। करीब 2 घंटे बाद ठीकरी और कसरावद से दमकल वाहन पहुंचे और आग पर काबू पाया। तब तक काफी सामान जल चुका था। राजस्व और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। पंचनामा बनाकर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। लोगों ने बताया कि आग 50 फीट दूर स्थित गैस टंकी के गोदाम तक नहीं पहुंची।

निमरानी इंडस्ट्रियल एरिया में दमकल और अस्पताल नहीं होने पर लोगों ने नाराजगी जताई। यहां हादसों में घायलों के लिए धार जिले के धामनोद और बड़वानी जिले के ठीकरी से एंबुलेंस मंगाई जाती है। लोगों का कहना है कि आपात स्थिति में आर्थिक नुकसान के साथ मजदूरों को इलाज मिलने में भी देरी होती है।

राजपुर में पुलिस ने 60 से अधिक बॉक्स पकड़े

अक्षरविश्व न्यूज

बड़वानी। दीपावली के दौरान सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर घरों में पटाखों का भंडारण करने वालों के खिलाफ राजपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बुधवार रात तीन लाइसेंसधारियों के घरों पर छापा मारकर 60 से अधिक बॉक्स पटाखे जब्त किए। इनकी बाजार कीमत करीब 5 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना प्रभारी माधव ठाकुर ने गुरुवार दोपहर बताया कि दीपावली को देखते हुए पटाखा व्यापारियों को पहले ही समझाइश दी गई थी। उन्हें नगरीय और रिहायशी क्षेत्र में पटाखे जमा नहीं करने और सुरक्षित गोदाम में रखने के निर्देश दिए गए थे। गोदाम में आग बुझाने के इंतजाम और सुरक्षा नियमों का पालन करना भी जरूरी बताया गया था। इसके बावजूद कुछ व्यापारियों ने घरों में ही पटाखों का भंडारण कर लिया।

सूचना मिलने पर राजपुर पुलिस ने टीम बनाकर तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान नरेंद्र पिता पन्नालाल गुप्ता, धीरज पिता शरद जैन और राजनारायण मंडलोई के घरों से पटाखों के 60 से अधिक बॉक्स जब्त किए गए। पुलिस ने भंडारण की स्थिति और लाइसेंस की शर्तों की भी जांच की। तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

तीन घरों से 5.50 लाख के पटाखे जब्त तीन लोगों पर केस, पहले दी थी समझाइश



रिहायशी इलाके में भंडारण से हादसे का खतरा

थाना प्रभारी माधव ठाकुर ने बताया कि रिहायशी इलाके में पटाखों का भंडारण खतरनाक है। छोटी सी चिंगारी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इससे दुकानदार के परिवार के साथ आसपास रहने वाले लोगों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने अन्य पटाखा व्यापारियों को भी नियमों का पालन करने और सुरक्षित गोदाम में ही पटाखे रखने की चेतावनी दी है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

खरगोन में कपास के खेत में गांजे के 97 पौधे मिले, 9 किलो गांजा जब्त

रखवाली कर रहा युवक गिरफ्तार

अक्षरविश्व न्यूज

खरगोन। बेड़िया इलाके में पुलिस ने कपास के खेत में गांजे की खेती पकड़ी। गुरुवार को पिपरीखेड़ी के दांगी फालिया में दबिश देकर 97 हरे पौधे जब्त किए गए। पौधों की ऊंचाई करीब 2 से 3 फीट थी। उनका कुल वजन 9 किलो 260 ग्राम और अनुमानित कीमत 74 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने खेत की रखवाली कर रहे युवक को गिरफ्तार किया।



थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर ने बताया कि पिपरीखेड़ी के दांगी फालिया में गांजे की खेती की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और खेत की घेराबंदी कर रामलाल उर्फ रामू डावर को पकड़ा। खेत की तलाशी में कपास की फसल के बीच गांजे के पौधे मिले। पुलिस ने सभी 97 पौधे जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत केस दर्ज किया है। उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। एएसपी शकुंतला रुहल ने बताया कि पौधों की ऊंचाई करीब 2 से 3 फीट थी। मामले में जांच जारी है। पुलिस मुख्यालय की नारकोटिक्स शाखा का विशेष अभियान 10 नवंबर तक चल रहा है।

बड़वानी में युवक की करंट से मौत

बड़वानी। पिपरी क्षेत्र में सरदार सरोवर बांध के बैकवॉटर में करंट लगने से किशोर वर्मा (41) की मौत हो गई। ग्राम पिपलोद निवासी किशोर परिवार के साथ मछली पकड़ने गए थे। इसी दौरान वे बिजली की लाइन की चपेट में आ गए। किशोर परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। पोस्टमार्टम के बाद परिजन और ग्रामीण शव लेकर पहले कार्यपालन यंत्री कार्यालय पहुंचे। इसके बाद वे नवलपुरा स्थित अधीक्षण यंत्री कार्यालय गए और विरोध जताया। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि बैकवॉटर में डूबे इलाके में बिजली की लाइन में करंट कैसे पहुंचा और वहां सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। उन्होंने हादसे के लिए 11 केवी लाइन को जिम्मेदार बताया।

अलीगढ़ का तस्कर 10 पिस्टल के साथ गिरफ्तार खरगोन के घुघरियाखेड़ी बस स्टैंड पर पकड़ाया

सिगनुर के लखन से खरीदने की बात कबूली, नेटवर्क तलाश रही पुलिस

अक्षरविश्व न्यूज

खरगोन। गोगावां पुलिस ने यूपी के एक व्यक्ति को 10 देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पिस्टलों की कीमत करीब 1.50 लाख रुपए है। आरोपी अलीगढ़ से करीब 900 किलोमीटर दूर सिगनुर हथियार खरीदने आया था।

एसडीओपी भीकनगांव केतन अडलक को घुघरियाखेड़ी बस स्टैंड के पास बैग लेकर घूम रहे एक संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिली थी। बैग में हथियार होने की आशंका पर थाना प्रभारी प्रमोद कश्यप टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर संदिग्ध ने भागने की कोशिश की। लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया।



पूछताछ में आरोपी की पहचान हरेंद्रकुमार पांडेय, निवासी बसोली, अलीगढ़ (उत्तरप्रदेश) के रूप में हुई। उसके बैग से 10 देशी पिस्टल, एक मोबाइल और 2,000 रुपए मिले। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया।

शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने सिगनुर के लखन नाम के व्यक्ति से पिस्टल खरीदी थीं। पुलिस रिमांड लेकर हथियारों की खरीद-फरोख्त और सप्लाई नेटवर्क के बारे में पूछताछ करेगी।

मंदिर चंदे का पूरा हिसाब नहीं मिला समाजजन थाने पहुंचे

धार। बस स्टैंड के पास रैदास मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर को लेकर विवाद गहरा गया है। मंदिर का बिजली कनेक्शन कटवाने की कोशिश करने और जीर्णोद्धार के नाम पर जुटाए गए लाखों रुपए के चंदे का हिसाब न देने पर बुधवार शाम गुजराती रैदास समाज के लोग नाराज हो गए। समाजजनों ने कोतवाली थाने पहुंचकर थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। आरोप है कि इंदौर निवासी चुन्नीलाल और तिरला निवासी जगदीश का समाज से कोई लेना-देना नहीं है। इसके बावजूद दोनों ने मिलकर फर्जी तरीके से 'राम मंदिर जीर्णोद्धार समिति रविदास समाज ट्रस्ट' बना लिया।

बगीचे का नाम अशोक सिंघल के नाम पर रखने का प्रस्ताव पारित

खरगोन। जवाहर नगर स्थित बगीचे का नाम अशोक सिंघल के नाम पर करने का प्रस्ताव पारित होने पर विश्व हिंदू परिषद ने नगर पालिका परिषद का आभार जताया है। विहिप के विशेष संपर्क प्रमुख दीप जोशी ने बताया कि संगठन पिछले तीन वर्षों से नामकरण की मांग कर रहा था। विहिप जिला अध्यक्ष नितिन मालवीय, विभाग सहमंत्री शीतल भदौरिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने इसे अशोक सिंघल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमओ और जनप्रतिनिधियों को साधुवाद दिया।



नवग्रह मैदान पर सजा बड़ा पटाखा बाजार 140 दुकानें लगीं

खरगोन। दीपावली के चलते कसरावद रोड स्थित नवग्रह मेला मैदान पर जिले का सबसे बड़ा पटाखा बाजार सज गया है। इस बार यहां 140 दुकानें लगी हैं, जबकि 2022 तक 70 से 80 दुकानें ही लगती थीं। बाजार में 500 से अधिक वैरायटी के पटाखे उपलब्ध हैं। इको-फ्रेंडली और ग्रीन पटाखे ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक, कच्चे माल की बढ़ती लागत से पटाखों के दाम 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़े हैं।

रुकमणी डे	239-42-345
मधुर-डे	239-40-389
मिलन-डे	230-51-489
कल्याण डे	678 - 1
रुकमणी नाइट	458-78-567
मधुर नाइट	168-54-149
मिलन नाइट	677-04-158
कल्याण नाइट	449-71-669
मैन बाजार	110-29-270

शुभांक 3-5-6

घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते 16 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की, 27 सिलेंडर जब्त

कसरावद, महेश्वर और गोगावां में खाद्य विभाग की छापेमारी

अक्षरविश्व न्यूज

खरगोन। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग और अवैध संग्रहण के खिलाफ खाद्य विभाग ने कार्रवाई की है। कलेक्टर गुरु प्रसाद के निर्देश और जिला आपूर्ति अधिकारी एसएस मुवेल के मार्गदर्शन में गुरुवार को कसरावद, महेश्वर और गोगावां के विभिन्न होटल एवं ढाबों पर आकस्मिक जांच की गई। इस दौरान 16 प्रतिष्ठानों से कुल 27 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

जांच में कसरावद के 11, महेश्वर के 6 और गोगावां के 10 प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध संग्रहण एवं व्यावसायिक उपयोग पाया गया। जब्त सिलेंडरों का अनुमानित बाजार मूल्य 69 हजार 587 रुपए बताया गया है।



घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग और अवैध संग्रहण पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण तैयार किए गए हैं। जब्त सिलेंडरों के संबंध में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई में सहायक आपूर्ति अधिकारी रविन्द्रसिंह ठाकुर, प्रीति साई और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नरेंद्रसिंह सहित खाद्य विभाग की टीम शामिल रही।



खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई 10 दुकानों से लिए 19 नमूने

खरगोन। दीपावली के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिले में जांच अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर गुरु प्रसाद के निर्देश पर 4 नवंबर को खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने खरगोन, सेगांव, मंडलेश्वर, महेश्वर और कसरावद में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 10 प्रतिष्ठानों से 19 खाद्य नमूने लिए गए। टीम ने मिठाई दुकानों, होटल और रेस्टोरेंट से मावा, पेड़ा, बर्फी, पनीर, नमकीन, बेसन और मैदा सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। सभी नमूनों को गुणवत्ता और शुद्धता की जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। विभाग ने बताया कि दीपावली तक जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

कसरावद में अवैध शराब के 5 ठिकानों पर छापे 42 लीटर शराब जब्त की, नाले के पाइप में छुपाया 4.20 लाख का महुआ लहान नष्ट

अक्षरविश्व न्यूज

खरगोन। कसरावद क्षेत्र में गुरुवार को आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब बनाने के 5 ठिकानों पर छापेमारी की। भीलगांव और अहिल्यापुरा में की गई कार्रवाई के दौरान 42 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। टीम ने शराब बनाने के लिए तैयार रखा 4.20 लाख रुपए कीमत का महुआ लहान भी नष्ट किया।

महुआ लहान को नाले के पाइप में छिपाकर रखा गया था। टीम ने मौके से इसके नमूने लिए और फिर इसे नष्ट कर दिया।सहायक आयुक्त आबकारी ब्रजेंद्र कोरी ने बताया कि आबकारी वृत्त कसरावद, महेश्वर, खरगोन और भीकनगांव की टीम ने कसरावद पुलिस के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। दोनों गांवों में अवैध शराब बनाने के संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ली गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आनंदपाल सिंह मंडलोई, कसरावद थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी सहित आबकारी विभाग के 20 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।



राष्ट्रीय एकता शिविर में शीतल ने किया प्रतिनिधित्व अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर किया चित्रांकन

प्राचार्य डॉ. चौहान ने किया स्वागत

अक्षरविश्व न्यूज

खरगोन। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका शीतल तंवर ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में खरगोन जिले और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर का प्रतिनिधित्व कर जिले का गौरव बढ़ाया।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक (हरियाणा) में आयोजित सात दिवसीय शिविर में शीतल ने मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत और लोकनायिका पुण्यश्लोका मां अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित चित्रांकन किया। साथ ही उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक कहानियों का प्रस्तुतिकरण भी किया।



शिविर से लौटने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंटकर शीतल का स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छोटे गांवों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

जिला संगठक अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वयंसेवकों की सहभागिता से जिले का मान-सम्मान बढ़ रहा है। वहीं महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सावित्री भगोरे ने शीतल की उपलब्धि को महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए अन्य छात्राओं से भी इससे प्रेरणा लेने की बात कही।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **वंदना मिठोरा** के द्वारा झोन क्रमांक 15 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर पताः **97 रेवेन्यू कॉलोनी इंदौर** सर्विस क्रमांक **1001252323** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **05.11.2026** से **15 (पंद्रह) दिवस** की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, वित्त संस्था, बैंक, निकाय को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी द्रविड़ नगर झोन क्रमांक-15, नगर पालिका निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **सुनिल त्रिवेदी पिता श्री महेन्द्र कुमार** द्वारा झोन क्र. 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वरिसनाते, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस पिन **1001154669**, पताः-**43, रुपराम नगर, इंदौर** पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाश **दिनांक 6/11/2026** से **15** दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 12, नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **ओमप्रकाश कुकरेजा पिता राधेलाल कुकरेजा** द्वारा झोन क्र. 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वरिसनाते, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस पिन **1001117893**, पता :-**389 ए खातीवाला टैंक 101 वल्लभ पेराडाइज, इंदौर** पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाश **दिनांक 6/11/2026** से **15** दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 12, नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री अक्षय साहू पिता श्री राजकुमार साहू** द्वारा नामांतरण चाहा गया है। झोन 7 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा प्रस्तुत कर भूखंड पिन क्र. **1000941632** पता- **244, महाशक्ति नगर, इंदौर** पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक **6/11/2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक-7 नगर पालिका निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्रीमती रजनी सोलंकी पति श्री राजेश सोलंकी** पताः-**92 सेक्ट बी अमृत पैलेस कॉलोनी, निपानिया, इंदौर** पिन :- **1004394464** झोन क्र. 22 विक्रय पत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **6/11/2026** से 15 (पन्द्रह) दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के सहायक राजस्व अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक - 22 नगर पालिका निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नाम **श्रीमती श्यामा ऐरन पति रमेश कुमार ऐरन** द्वारा झोन क्र. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रिकॉर्ड में दर्ज संपत्तिकर क्र. **1001349298**, पताः- **111 वरूण विक्ट्री पालदा, इंदौर,** पूर्व स्वामी का नामः- **वैभव बंसल पिता मोहनलाल** के संबंध में नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से **15 दिवस** की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नाम **श्री आसुतोष सावले पिता मनोज सावले, श्रीमती दीपाली बघेल पिता रविंद्रनाथ सिंह बघेल** द्वारा झोन क्र. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रिकॉर्ड में दर्ज संपत्तिकर खाता क्र. 1001143070 पताः- **प्लाट नं. 5 चित्राबाग कॉलोनी ग्राम बिलावली इंदौर,** पूर्व स्वामी का नामः- **अनिल कुमार पिता जगदीश** के संबंध में नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना सूचना प्रकाशन के दिनांक से **15 दिवस** की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नाम **पवनदीप कौर भुल्लर** द्वारा झोन क्र. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रिकॉर्ड में दर्ज संपत्तिकर क्रं. **1001180202**, पताः- **906 ब्लॉक-901 अ, सिल्वर लेक विस्टा खंडवा रोड, इंदौर,** पूर्व स्वामी का नामः- **दलजीत सिंह भुल्लर** के संबंध में नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना सूचना प्रकाशन के दिनांक से **15 दिवस** की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नाम **चेतन्य आनंद पिता प्रभुनाथ ओझा** द्वारा झोन क्र. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रिकॉर्ड में दर्ज संपत्तिकर क्रं. **1003104455**, पताः- **245 शिखजी, इंदौर,** पूर्व स्वामी का नामः-**श्रीमती मीना पति मनोज अग्रवाल** के संबंध में नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना सूचना प्रकाशन के दिनांक से **15 दिवस** की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नाम **मोहम्मद अंसार पिता रहीस खॉ** द्वारा झोन क्र. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रिकॉर्ड में दर्ज संपत्तिकर खाता क्र. **1001154036** पताः- **17 स्नेह विहार कॉलोनी इंदौर,** पूर्व स्वामी का नामः- **1. गगनपाल सिंह पिता प्रीतपाल सिंह आहूजा 2. जसपाल प्रीतपाल** के संबंध में नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना सूचना प्रकाशन के दिनांक से **15 दिवस** की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नाम **1. रामचंद्र बोरण्या 2. पदमावती पति रामचंद्र** द्वारा झोन क्र. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रिकॉर्ड में दर्ज संपत्तिकर खाता क्र. **1001151841**, पताः- **18 अशोक नगर, इंदौर,** पूर्व स्वामी का नामः-**सरिता पति पुरुषोत्तम लाहोटी** के संबंध में नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना सूचना प्रकाशन के दिनांक से **15 दिवस** की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

बैंक में नौकरी के लिए तैयारी और परीक्षा

नवंबर-दिसंबर में बैंकिंग क्षेत्र की कई अहम प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होने जा रही हैं। हर साल लाखों युवा बेहतर करियर और तरक्की की उम्मीद में इन परीक्षाओं में शामिल होते हैं। खास बात यह है कि किसी भी विषय से स्नातक युवा बैंकिंग के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। आरबीआई और नाबार्ड जैसे सरकारी क्षेत्र के बैंकों से लेकर प्राइवेट बैंकिंग तक कितने मौके हैं?

बैंकिंग के क्षेत्र में जहां सामान्य स्नातक भी पीओ और क्लर्क जैसी परीक्षाओं के जरिए सरकारी बैंकों में जगह बना सकते हैं, वहीं निजी बैंकों में भी विभिन्न पदों पर नियुक्ति के अवसर बढ़े हैं। सरकारी बैंकों में भर्ती के बढ़ते अवसरों का अंदाजा हालिया आंकड़ों से लगाया जा सकता है। सरकारी बैंकों में आईबीपीएस के जरिए वित्त वर्ष 2025-26 में 50,552 अभ्यर्थियों का चयन हुआ, जो 2024-25 के 37,860 के मुकाबले 33 प्रतिशत अधिक है। 2023-24 में यह संख्या 30,827 थी। हाल ही में एसबीआई ने भी बड़ी संख्या में भर्ती किए जाने की योजना के बारे में सूचित किया है। यह बैंक अपना दायरा बढ़ाने के लिए देश भर में लगभग 250 नई शाखाएं भी खोलेगा।

बैंक पीओ और क्लर्क से शुरुआत

पीओ बैंक के कामकाज की निगरानी, ग्राहकों से संवाद और लोन प्रक्रिया संभालते हैं, जबकि क्लर्क नकदी जमा-निकासी, चेक-पासबुक, डाटा एंट्री और रिकॉर्ड रखने का काम करते हैं। बता दें कि एसबीआई की भर्ती प्रक्रिया अलग है, जबकि अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में इन पदों पर भर्ती मुख्य रूप से आईबीपीएस के जरिए होती है।

पीओ और क्लर्क के लिए योग्यता

पीओ भर्ती के लिए किसी भी विषय से ग्रेजुएशन करने वाले भारतीय युवा आवेदन कर सकते हैं। उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। ओबीसी वर्ग को अधिकतम आयु सीमा में तीन और एससी-एसटी वर्ग को पांच साल की छूट मिलती है। वहीं, क्लर्क पद के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएशन और कंप्यूटर का ज्ञान जरूरी है। सामान्य वर्ग के लिए आयु सीमा 20 से 28 वर्ष है।



प्राइवेट बैंकों में कैसे मौके

प्राइवेट बैंक कैंपस ड्राइव, ऑनलाइन आवेदन या बैंकिंग प्रोग्राम के जरिए भर्ती करते हैं। चयन के लिए ऑनलाइन एप्टीट्यूड टेस्ट, लिखित परीक्षा और इंटरव्यू होता है। आईसीआईसीआई में एंट्री लेवल मैनेजर पद के लिए दो महीने की क्लासरूम ट्रेनिंग, जबकि एक्सिस बैंक में असिस्टेंट मैनेजर और ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर पदों पर 12 महीने की ऑन-जॉब ट्रेनिंग दी जाती है। ग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, एमबीए, सीए और आईसीडब्ल्यूए डिग्रीधारक रिलेशनशिप मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर, आईटी ऑफिसर और ब्रांच मैनेजर जैसे पदों से करियर की शुरुआत कर सकते हैं।

भर्ती का बदलेगा प्रारूप- आईबीपीएस ने 2027-28 की सामान्य भर्ती प्रक्रिया (सीआरपीओ) के तहत पीओ मेंस परीक्षा का पैटर्न बदला है। अब यह परीक्षा 225 अंकों की होगी और इसके लिए साढ़े तीन घंटे मिलेंगे। ऑब्जेक्टिव टेस्ट में 160 मिनट में 170 प्रश्न हल करने होंगे, जो कुल 200 अंकों के होंगे। रीजनिंग एबिलिटी के 35 प्रश्न 40 अंक के, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड के 35 प्रश्न 30 अंक के होंगे।

डिस्क्रिप्टिव टेस्ट में बदलाव

30 मिनट के इस पेपर में निबंध व कॉम्प्रिहेंशन से जुड़े 25 अंकों के सवाल होंगे। गलत उत्तर पर निर्धारित अंकों का एक-चौथाई कटेगा, जबकि बिना उत्तर छोड़े गए प्रश्न पर अंक नहीं कटेंगे। प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को पर्सनैलिटी टेस्ट व इंटरव्यू देना होगा। यह क्वालिफाइंग नहीं है, लेकिन इंटरव्यू में शामिल होने के लिए देना होगा।

विशेषज्ञ की राय- आईबीपीएस और एसबीआई पीओ का सिलेबस लगभग समान है, हालांकि एसबीआई पीओ का स्तर थोड़ा कठिन होता है। शुरुआत में कैलकुलेशन की गति बढ़ाने व कॉन्सेप्ट पर ध्यान दें। क्वांट, रीजनिंग, अंग्रेजी और जीएस के साथ स्पीड मैथ्स, डाटा इंटरप्रिटेशन और लीनियर, सर्कुलर व फ्लोर आधारित पजल्स का अभ्यास करें। अंग्रेजी सुधारने अखबार पढ़ें, इनपुट-आउटपुट और मल्टी-वेरिएबल पजल्स का अभ्यास करें।

चयन में तीन चरण

पीओ भर्ती प्रक्रिया में प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू तीन चरण होते हैं। प्रारंभिक परीक्षा 100 अंकों की होती है, जिसके लिए 60 मिनट मिलते हैं। इसमें अंग्रेजी के 30, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और रीजनिंग के 35-35 सवाल होते हैं। प्रत्येक सेक्शन के लिए 20 मिनट निर्धारित हैं। मेन्स में हर सेक्शन में न्यूनतम अंक हासिल करना जरूरी है। इसके बाद कुल अंकों व रिक्तियों के आधार पर अभ्यर्थियों को पर्सनैलिटी टेस्ट और इंटरव्यू के लिए चुना जाता है।

क्लर्क भर्ती की शर्तें : क्लर्क भर्ती में प्रीलिम्स और मेन्स दो परीक्षाएं होती हैं। प्रीलिम्स में अंग्रेजी, न्यूमेरिकल एबिलिटी और रीजनिंग, जबकि मेन्स में अंग्रेजी, रीजनिंग और सामान्य वित्तीय जागरूकता से सवाल पूछे जाते हैं। गलत उत्तर पर 0.25 अंक की कटौती होती है।

कब-कैसे करें तैयारी

बैंक परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कार्तिक शर्मा के अनुसार, आईबीपीएस क्लर्क और एसबीआई जैसी परीक्षाओं के लिए कम से कम छह महीने पहले तैयारी शुरू कर दें, जबकि पीओ और आरबीआई ग्रेड बी के लिए दो-तीन साल का समय देना बेहतर है। पहली बार एग्जाम देने जा रहे युवाओं को खासकर अपने सिलेबस और परीक्षा के फॉर्मैट को समझना जरूरी है। मुख्य रूप से क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, मैथ्स, इंग्लिश, रीजनिंग एवं जनरल अवेयरनेस की तैयारी करें।

ये रखें ध्यान : पिछले छह माह के करंट अफेयर्स पढ़ें। केंद्रीय बजट, आर्थिक सर्वेक्षण और डिजिटल बैंकिंग पर ध्यान दें। किसी विषय में सटीकता 80 प्रतिशत से कम हो तो मजबूत विषय का अभ्यास 30 मिनट घटाकर कमजोर विषय को समय दें।

प्रमुख परीक्षाएं

एसबीआई पीओ/क्लर्क : किसी भी विषय से ग्रेजुएट युवा आवेदन के पात्र हैं।

आईबीपीएस पीओ/क्लर्क : इसके जरिए 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भर्ती होती है।

आईबीपीएस आरआरबी : क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में अधिकारियों और कार्यालय सहायकों की भर्ती के लिए यह परीक्षा होती है। 18 से 40 वर्ष तक के अभ्यर्थी इसमें शामिल हो सकते हैं।

आरबीआई ग्रेड बी : इसके जरिए आरबीआई में ग्रेड बी अधिकारी (जनरल, डीईपीआर और डीएसआईएम) के पदों पर भर्ती होती है।

नाबार्ड ग्रेड ए/बी : नाबार्ड इन परीक्षाओं के जरिए ग्रामीण विकास बैंकिंग सेवा में अधिकारियों की भर्ती करता है। ग्रेड के अनुसार आयु सीमा अलग होगी।

डिजिटल कौशल कोर्स से जुड़े हैं अनेक अवसर

मैं कोई ऐसा डिजिटल वोकेशनल कोर्स या ट्रेनिंग करना चाहती हूं, जिसकी वर्तमान में अच्छी मांग हो और जो आपातकालीन परिस्थितियों में भी उपयोगी साबित हो सके। कृपया जानकारी दें।

- प्रेमा त्रिपाठी



अगर आप ऐसा व्यावसायिक कोर्स करना चाहते हैं, जिसकी मांग हो और जो आपात स्थिति में भी काम आए, तो डिजिटल कौशल से जुड़े व्यावहारिक कोर्स चुन सकती हैं। इनमें नौकरी और खुद का काम शुरू करने, दोनों के अच्छे अवसर हैं। साइबर सुरक्षा और डिजिटल सेफ्टी ऐसा ही एक कोर्स है। इसमें निजी जानकारी और डिजिटल उपकरणों की सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी की पहचान और साइबर खतरों से बचाव करना सिखाया जाता है। ये कौशल निजी जीवन और पेशेवर कामकाज, दोनों में उपयोगी हैं।

डिजिटल मार्केटिंग में कंपनियों, विज्ञापन एजेंसियों और कारोबार के साथ काम करने के अवसर हैं। इसमें सोशल मीडिया मैनेजमेंट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, कंटेंट क्रिएशन और ऑनलाइन विज्ञापन की जानकारी दी जाती है। अनुभव के बाद फ्रीलांसर के रूप में भी काम कर सकते हैं। डाटा एनालिटिक्स का कोर्स एक्सेल, पावर बीआई और बेसिक पाइथन जैसे टूल्स का इस्तेमाल करना सिखाता है। इसकी जरूरत कई तरह के कारोबारों में होती है। इसी तरह, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स और ऑटोमेशन की ट्रेनिंग से रिसर्च, कंटेंट तैयार करने और रोजमर्रा के ऑफिस के कामों में एआई का उपयोग करना सीख सकते हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग और आईटी सपोर्ट भी रोजगार के अच्छे अवसर देने वाले क्षेत्र हैं।

आपात स्थिति के लिए डिजिटल कम्युनिकेशन, डाटा बैकअप, साइबर सुरक्षा और प्राथमिक उपचार की जानकारी रखें। स्किल इंडिया डिजिटल हब, स्वयं और एनआईईएलआईटी से अपनी रुचि के अनुसार प्रैक्टिकल ट्रेनिंग वाला कोर्स चुनें। मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट और अनुभव से रोजगार व स्वरोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।

मैंने इसी वर्ष बैम्स (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी) की डिग्री पूरी की है। आयुर्वेद के क्षेत्र में ही अपना करियर बनाना चाहता हूं। आपके मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

-रोहित कुमार मिश्रा

आयुर्वेद में क्लीनिकल प्रैक्टिस के साथ हेल्थकेयर और वेलनेस क्षेत्र में भी करियर के अच्छे अवसर हैं। सबसे पहले अपनी रुचि पहचानें और तय करें कि आगे की पढ़ाई करनी है या पेशेवर अभ्यास शुरू करना है। अगर आपकी रुचि क्लीनिकल प्रैक्टिस में है, तो एआईएपीजीईटी प्रवेश परीक्षा के जरिए आयुर्वेद में एमडी/एमएस कर सकते हैं।

कायाचिकित्सा (जनरल मेडिसिन), पंचकर्म, शल्य तंत्र (सर्जरी), शालाक्य तंत्र और प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग (ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी) जैसी विशेषज्ञताएं क्लीनिकल अनुभव बढ़ाने के साथ करियर में आगे बढ़ने के के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अलावा, जरूरी पंजीकरण के बाद अस्पतालों, क्लीनिकों, वेलनेस सेंटरों और स्वास्थ्य संस्थानों में आयुर्वेदिक चिकित्सक के रूप में काम शुरू कर सकते हैं। आयुर्वेदिक फार्मास्युटिकल कंपनियां, ड्रग मैन्युफैक्चरिंग, क्वालिटी कंट्रोल, रिसर्च, क्लीनिकल ट्रायल, हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन, मेडिकल एजुकेशन और पब्लिक हेल्थ में भी करियर के अवसर हैं। इसके अलावा, भर्ती प्रक्रिया और योग्यता के अनुसार आयुष अस्पतालों, डिस्पेंसरी और सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भी नौकरी मिल सकती है। रिसर्च और टीचिंग में रुचि हो तो पोस्टग्रेजुएशन के बाद पीएचडी करने का भी विकल्प है। साथ ही कम्युनिकेशन, मरीजों की काउंसलिंग और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी तकनीकों का ज्ञान भी बढ़ाएं। आयुर्वेद में सफलता के लिए निरंतर सीखना, इलाज में दक्षता और मरीजों का भरोसा हासिल करना जरूरी है।

कम तेल में पूरी रात जलेंगे दीये, बार बार घी डालने का झंझट होगा खत्म

मोमबत्ती और कपूर से तैयार होगा खास मिश्रण, दीये बनाने का आसान तरीका

दीपावली पर घर-आंगन को दीयों की रोशनी से सजाना हर किसी को पसंद होता है। त्योहार के दौरान लोग घर के दरवाजे, बालकनी, पूजा स्थल और आंगन में मिट्टी के दीये जलाते हैं। हालांकि, कई बार दीयों में डाला गया तेल या घी जल्दी खत्म हो जाता है और उन्हें बार-बार भरना पड़ता है। खासकर जब घर में बड़ी संख्या में दीये जलाए जाते हैं, तो यह काम परेशानी का कारण बन जाता है। इस समस्या को देखते हुए फूड ब्लॉगर नेहा श्रीकांत ने दीयों को लंबे समय तक जलाने के लिए एक आसान तरीका साझा किया है।

इस तरीके में तेल या घी के साथ मोमबत्ती के मोम का इस्तेमाल करके जमने वाला मिश्रण तैयार किया जाता है। इसे दीयों में भरकर पहले से रखा जा सकता है। इससे त्योहार के दिन बार-बार तेल डालने की जरूरत कम हो सकती है। हालांकि, इस तरीके से दीये पूरी रात जलने की गारंटी नहीं है। जलने का समय मिश्रण की मात्रा, बाती और दीये के आकार पर निर्भर करता है।

आमतौर पर मिट्टी के दीये में तेल या घी डालकर उसमें रुई की बाती लगाई जाती है। बाती तेल या घी को सोखकर जलती रहती है। तेल खत्म होने पर दीया बुझ जाता है। नेहा श्रीकांत ने तेल या घी में मोमबत्ती का मोम मिलाकर एक ऐसा मिश्रण तैयार करने का तरीका बताया है, जो ठंडा होने पर जम जाता है। इससे दीये में तरल तेल की जगह ठोस मिश्रण इस्तेमाल किया जा सकता है।



जरूरी सामग्री

इस तरीके को अपनाने के लिए कुछ सामान्य चीजों की जरूरत होती है।

- **तेल या घी :** दीये में इस्तेमाल करने।
- **सफेद मोमबत्ती :** दो साधारण मोमबत्तियां।
- **कपूर :** इसके इस्तेमाल में विशेष सावधानी जरूरी है।
- **मिट्टी के दीये :** मिश्रण भरने के लिए।
- **रुई की बाती :** दीये को जलाने के लिए।
- **सजावटी चमकीला चूर्ण :** दीयों को आकर्षक बनाने के लिए, इच्छानुसार।

ऐसे तैयार करें मोम और तेल का मिश्रण

सबसे पहले एक बर्तन में थोड़ी मात्रा में तेल या घी लेकर उसे हल्का गर्म करें। इसके बाद मोमबत्ती का मोम अलग से सुरक्षित तरीके से पिघलाकर तेल या घी में मिलाया जा सकता है। दोनों को अच्छी तरह मिलाने के बाद मिश्रण को ठंडा होने के लिए रख दें। ध्यान रखें कि कपूर को गर्म तेल या पिघले मोम में सीधे नहीं डालना चाहिए। कपूर अत्यधिक ज्वलनशील होता है और आग लगने का खतरा पैदा कर सकता है। इसी तरह मोम को सीधे गैस की तेज आंच पर गर्म करने से बचें।

दीयों में कैसे भरें मिश्रण

अब मिट्टी के साफ और सूखे दीये लें। इनमें रुई की बाती को बीच में सही तरीके से रखें। इसके बाद तैयार मिश्रण को सावधानी से दीये में भरें। बाती का ऊपरी हिस्सा मिश्रण से बाहर रहना चाहिए, ताकि उसे आसानी से जलाया जा सके।

मिश्रण को सामान्य तापमान पर ठंडा होने दें। लगभग दो घंटे में यह जम सकता है। हालांकि, जमने में लगने वाला समय मिश्रण और वातावरण के तापमान पर निर्भर करेगा। पूरी तरह जमने के बाद दीये इस्तेमाल के लिए तैयार हो जाएंगे।

त्योहार से पहले भी कर सकते हैं तैयारी

इस तरीके का एक फायदा यह है कि दीये पहले से तैयार करके रखे जा सकते हैं। दीपावली से 10 से 15 दिन पहले इन्हें बनाकर साफ और सूखी जगह पर रखा जा सकता है। इससे त्योहार के दिन आखिरी समय में तैयारी करने की परेशानी कम होगी। दीयों को रखते समय ध्यान रखें कि वे धूल, नमी और गर्मी से दूर हों।

सुरक्षा का रखें ध्यान

दीये जलाते समय कुछ सावधानियां रखना जरूरी है। इन्हें हमेशा समतल और सुरक्षित जगह पर रखें। पर्दों, कागज, लकड़ी और अन्य ज्वलनशील वस्तुओं से दूर रखें। जलते हुए दीयों को कभी अकेला न छोड़ें। बच्चों और पालतू जानवरों की पहुंच से भी दूर रखें। कपूर या अन्य ज्वलनशील पदार्थों को गर्म मोम और तेल में मिलाने से बचें। इस तरह थोड़ी तैयारी करके दीपावली पर घर को आकर्षक दीयों से सजाया जा सकता है।

दिवाली पर बनाएं सबसे खूबसूरत रंगोली, इन डिजाइनों से सजाएं घर का आंगन

बोतल के ढक्कन, चूड़ी, चम्मच और फूलों की मदद से मिनटों में तैयार करें आकर्षक रंगोली

दीपावली का त्योहार आते ही हर कोई अपने घर को खूबसूरत तरीके से सजाने की तैयारी में जुट जाता है। घर के मुख्य दरवाजे से लेकर आंगन और पूजा स्थल तक रंगोली बनाना इस पर्व की खास परंपरा है। मान्यता है कि रंगोली घर में सुख-समृद्धि और सकारात्मकता का प्रतीक होती है। हालांकि, कई लोगों को अच्छी रंगोली बनाना मुश्किल लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस बार पारंपरिक डिजाइनों से कुछ अलग बनाना चाहते हैं, तो छह खास रंगोली डिजाइन आपके काम आ सकते हैं।

इन डिजाइनों को बनाने के लिए आपको किसी विशेष कला की जरूरत नहीं है। घर में मौजूद बोतल के ढक्कन, चूड़ियां, चम्मच, टूथपिक और फूलों की मदद से आसानी से सुंदर रंगोली तैयार कर सकते हैं।

1. भगवान गणेश की रंगोली

दीपावली पर भगवान गणेश की रंगोली बनाना शुभ माना जाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले जमीन पर चॉक से गणेश जी की आकृति की रूपरेखा तैयार करें। इसके बाद गोल ढक्कन या छलनी की मदद से चेहरे और शरीर का आकार बनाएं। पीले, लाल और नीले रंगों से रंगोली को सजाएं। किनारों को सुंदर बनाने के लिए चम्मच का इस्तेमाल कर सकते हैं। अंत में गुलाब की पंखुड़ियों और सफेद फूलों से चारों तरफ सजावट करें।

2. कमल का फूल लिए लड़की

अगर आप कुछ अलग बनाना चाहते हैं तो कमल का फूल लिए लड़की की रंगोली अच्छा विकल्प है। सबसे पहले चॉक या कागज की सहायता से लड़की की आकृति बनाएं। जूड़े को गोल आकार देने के लिए ढक्कन का इस्तेमाल करें। इसके चारों तरफ छोटी चूड़ियां रखकर फूलों जैसा रूप दिया जा सकता है। साड़ी और ब्लाउज में रंग भरने के लिए बोतल के ढक्कन या छलनी का इस्तेमाल करें। कमल की पंखुड़ियों को चम्मच से आकार दें और किनारों पर चमकीले पत्थरों से सजावट करें।

3. भगवान राम का दरबार

दीपावली पर भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में राम दरबार वाली रंगोली भी बनाई जा सकती है। इसके लिए सबसे पहले चॉक या पहले से तैयार आकृति की सहायता से भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी का आकार बनाएं। मुकुट को









सजाने के लिए छोटे चमकीले पत्थरों का इस्तेमाल करें। बारीक आकृतियां बनाने के लिए माचिस की तीली या टूथपिक की मदद लें। आखिर में गेंदे और गुलाब की पंखुड़ियों से गोल घेरा बनाकर दीये रखें।

4. कमल के फूलवाली

गोल आकार की रंगोली हमेशा आकर्षक दिखाई देती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बड़ी थाली या चूड़ी की मदद से जमीन पर गोल घेरा बनाएं। बीच में कमल का फूल, कलश और गणेश जी की आकृति तैयार करें। पत्तियों और फूलों को सही आकार देने के लिए चम्मच या टूथपिक का इस्तेमाल करें। इसके बाद लाल, पीले और सफेद फूलों की पंखुड़ियों से गोल घेरे बनाएं। चारों तरफ छोटे-छोटे दीये रखने से रंगोली और भी सुंदर दिखाई देगी।

5. हंस व कमल के फूल वाली

अगर आप घर के आंगन में कुछ अनोखा बनाना चाहते हैं तो हंस और कमल के फूल वाली रंगोली चुन सकते हैं। सबसे पहले किसी बड़ी थाली या डोरी की मदद से गोल घेरा बनाएं। इसमें नीला रंग भरकर बीच में हंस और कमल की आकृति तैयार करें। हंस के पंखों और कमल की पंखुड़ियों को सुंदर रूप देने के लिए टूथपिक या रूई की तीली का इस्तेमाल करें। बाहरी किनारों पर पीले रंग से छोटी-छोटी बूंदें बनाकर सजावट पूरी करें।

6. मोर, दीये और फूलों वाली

मोर के डिजाइन वाली रंगोली घर के मुख्य दरवाजे पर बेहद आकर्षक लगती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले चॉक से मोर की गर्दन और पंखों की रूपरेखा बनाएं। मोर की गर्दन को आकार देने के लिए अंग्रेजी के अंक दो जैसी आकृति बनाकर उसमें नीला रंग भर सकते हैं। पंखों पर गोल निशान बनाने के लिए छोटी बोतल के ढक्कन का इस्तेमाल करें। इसके बाद दीये और कमल की पंखुड़ियां बनाएं। ऊपर की तरफ गेंदे के पीले और नारंगी फूलों से आधा घेरा बनाकर रंगोली को अंतिम रूप दें।

अपनाएं ये आसान तरीके

- रंगोली बनाने से पहले फर्श को अच्छी तरह साफ कर लें।
- डिजाइन की रूपरेखा पहले चॉक से तैयार करें।
- रंगों को भरने के लिए छलनी और छोटे ढक्कनों का इस्तेमाल करें।
- फूलों की पंखुड़ियों से रंगोली को प्राकृतिक रूप दें।
- रंगोली के आसपास दीये रखकर सजावट पूरी करें।
- इस दीपावली इन छह डिजाइनों में से अपनी पसंद की रंगोली बनाकर घर के मुख्य दरवाजे और आंगन को खास रूप दे सकते हैं।

सोने की बढ़ी कीमतों के बीच 9, 12 और 14 कैरेट के गहनों की बढ़ी मांग

नई दिल्ली। सोने की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच अब ग्राहक 9, 12 और 14 कैरेट के आभूषणों की ओर



आकर्षित हो रहे हैं। 22 और 18 कैरेट के मुकाबले कम कीमत होने के कारण ये गहने बजट में खरीदारी करने वालों के लिए विकल्प बन रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि कम कैरेट के आभूषण पहनने के लिए तो उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन इन्हें सोने में निवेश का बेहतर विकल्प नहीं माना जाना चाहिए।

कितना शुद्ध होता है कम कैरेट का सोना- सोने की शुद्धता कैरेट में मापी जाती है। 24 कैरेट सोना 99.9 फीसदी शुद्ध होता है, 22 कैरेट में 91.6 फीसदी सोना होता है। 18 कैरेट में 75 फीसदी, 14 कैरेट में 58.5 फीसदी, 12 कैरेट में 50 फीसदी और 9 कैरेट में 37.5 फीसदी सोना होता है।

पेंशन का दायरा बढ़ाने की तैयारी, 2040 तक 100 लाख करोड़ रुपए का कोष बनाने का लक्ष्य

यूपीआई से खोल सकेंगे एनपीएस खाता, बैंकों के चक्कर से मुक्ति

एजेंसी

नई दिल्ली। अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में खाता खोलना पहले से आसान हो सकता है। पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) इसकी प्रक्रिया को यूपीआई से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। इससे लोग अपने मोबाइल फोन पर उपलब्ध भुगतान और बैंकिंग अनुप्रयोगों के जरिए सीधे पेंशन खाता खोल सकेंगे। इसके लिए बैंकों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी।

पीएफआरडीए के अध्यक्ष एस. रमन ने मुंबई में आयोजित एक सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियामक का लक्ष्य वर्ष 2040 तक पेंशन कोष को बढ़ाकर करीब 100 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाना है। इसके लिए बैंकों के व्यापक नेटवर्क और डिजिटल भुगतान व्यवस्था का इस्तेमाल किया जाएगा।



निवेश के लिए मिलेंगे नए विकल्प

पेंशन नियामक निवेशकों को उनकी जोखिम उठाने की क्षमता के अनुसार अलग-अलग निवेश विकल्प देने की तैयारी कर रहा है। इसमें शेयर बाजार में 100 फीसदी तक निवेश का विकल्प भी शामिल हो सकता है। इसके अलावा अधिक प्रतिफल देने वाले निवेश विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है।

पीएफआरडीए अब सूचीबद्ध कंपनियों के अलावा गैर-सूचीबद्ध कंपनियों, परियोजना वित्तपोषण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में भी निवेश बढ़ाने पर विचार कर रहा है। इससे पेंशन कोष के निवेश का दायरा बढ़ सकता है।

एक दिसंबर से बदलेंगे योजना चुनने के नियम

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत आने वाली योजनाओं के वर्गीकरण और प्रदर्शन से जुड़े नियमों में एक दिसंबर से बदलाव होगा। पेंशन योजनाओं के नाम और उनकी जानकारी दिखाने के लिए एक समान प्रारूप तय किया गया है। इसमें पेंशन निधि का नाम, निवेश की श्रेणी और योजना का विशेष विवरण शामिल होगा।

क्या है राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली

यह सेवानिवृत्ति के बाद नियमित आय की व्यवस्था बनाने वाली दीर्घकालीन निवेश योजना है। इसमें 18 से 70 वर्ष तक के भारतीय नागरिक शामिल हो सकते हैं।

इसके दो प्रकार के खाते होते हैं। पहला टियर-1 खाता है, जो मुख्य सेवानिवृत्ति खाता है। दूसरा टियर-2 खाता है, जिसमें निवेश और निकासी की सुविधा अधिक लचीली होती है। टियर-2 खाता खोलने के लिए सक्रिय टियर-1 खाता होना जरूरी है।

सेवानिवृत्ति पर कैसे मिलेगी रकम

60 वर्ष की आयु पूरी होने पर सामान्य नियमों के तहत जमा राशि का 60 फीसदी तक हिस्सा एकमुश्त निकाला जा सकता है। शेष कम से कम 40 फीसदी राशि से वार्षिकी खरीदनी होती है, जिससे नियमित पेंशन मिलती है। निर्धारित शर्तों के तहत तीन वर्ष बाद आंशिक निकासी की सुविधा भी उपलब्ध है। इसमें उच्च शिक्षा, बच्चों की शादी और गंभीर बीमारी के इलाज जैसे कारण शामिल हैं।

एफएमसीजी क्षेत्र की बिक्री वृद्धि घटी, बड़ी कंपनियों को फायदा



नई दिल्ली। देश में रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले सामान के कारोबार की वृद्धि सितंबर तिमाही में धीमी पड़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में मांग कमजोर रहने और उत्पादन लागत बढ़ने से छोटी कंपनियों को ज्यादा नुकसान हुआ है। वहीं बड़ी कंपनियों ने इस दौरान बेहतर प्रदर्शन किया है।

वर्ल्डपैनल बाय न्यूमरेटर के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर तिमाही में इस क्षेत्र की बिक्री की मात्रा में 3.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 4.7 फीसदी था। इस दौरान बड़ी कंपनियों की बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी हुई। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बिक्री मात्रा में 7 फीसदी और मैरिको के कारोबार में 10 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की बिक्री 8 फीसदी बढ़ी, जबकि नेस्ले इंडिया की बिक्री में दोहरे अंक की वृद्धि हुई।

तीन बैंकों ने एफडी की ब्याज दरें बढ़ाई

नई दिल्ली। बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) कराने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए अहम खबर है। नवंबर में बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक और केनरा बैंक ने अपनी एफडी की ब्याज दरों में बदलाव



किया है। नई दरें तीन करोड़ रुपए से कम की जमा पर लागू हैं। इन बदलावों के बाद वरिष्ठ नागरिकों को कुछ खास अवधि की एफडी पर 7.35 फीसदी तक ब्याज मिल सकता है।

500 दिन की खास एफडी- बैंक ऑफ इंडिया ने 500 दिन की विशेष एफडी योजना 'बीओआई अक्षय डिपॉजिट' शुरू की है। इसमें सामान्य ग्राहकों को 6.85 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.35 फीसदी ब्याज मिल रहा है। एक साल की एफडी पर सामान्य ग्राहकों को 6.60 फीसदी ब्याज मिलेगा। वहीं, दो साल से तीन साल से कम अवधि की जमा पर 6.70 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है।

केनरा बैंक ने वृद्धि की- केनरा बैंक ने दो नवंबर से नई दरें लागू की हैं। बैंक 555 दिन की एफडी पर सामान्य ग्राहकों को 6.75 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.25 फीसदी ब्याज दे रहा है। 444 दिन की एफडी पर ये दरें क्रमशः 6.65 और 7.15 फीसदी हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत दो महीने के निचले स्तर पर पहुंची

ट्रंप को चुनावी झटका लगते ही कच्चे तेल में 9 फीसदी गिरावट, भारत को फायदा

नई दिल्ली। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की बड़ी जीत के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष समाप्त होने की उम्मीद के बीच बुधवार को कच्चे तेल के दाम करीब 9 फीसदी तक गिर गए। इससे भारत को बड़ी आर्थिक राहत मिलने की संभावना है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत 93.86 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 86.92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। वहीं, भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत भी करीब 10 फीसदी घटकर 107 डॉलर प्रति बैरल रह गई। इस सप्ताह अब तक कच्चे तेल की कीमतों में करीब 16 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।



भारत को कैसे होगा फायदा

भारत अपनी जरूरत का करीब 90 फीसदी कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें घटने से देश का आयात खर्च कम होगा। अनुमान के मुताबिक कच्चे तेल की कीमत में एक डॉलर प्रति बैरल की कमी आने से भारत के सालाना आयात बिल में करीब 18 हजार करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। पिछले कैलेंडर वर्ष में भारत ने करीब 137 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था। इस साल अप्रैल से सितंबर के बीच आयात बिल बढ़कर 90.6 अरब डॉलर पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 61.9 अरब डॉलर था। ऐसे में कीमतों में गिरावट से विदेशी मुद्रा की बचत और व्यापार घाटा कम करने में मदद मिल सकती है।

क्या है भारतीय कच्चा तेल बास्केट

भारतीय कच्चा तेल बास्केट उन विभिन्न श्रेणियों के कच्चे तेल की औसत कीमत है, जिन्हें भारतीय तेल शोधन कंपनियां विदेशों से खरीदती हैं। इसमें पश्चिम एशिया के अधिक सल्फर वाले तेल और कम सल्फर वाले तेल की हिस्सेदारी शामिल होती है। यही बास्केट भारत के वास्तविक आयात खर्च का प्रमुख संकेतक है।

इंटरनेट की डाउनलोड और अपलोड स्पीड की मिलेगी जानकारी

नया पोर्टल बताएगा आपके इलाके में किस कंपनी का मोबाइल नेटवर्क है सबसे तेज

एजेंसी

नई दिल्ली। अब उपभोक्ता घर बैठे पता लगा सकेंगे कि उनके इलाके में किस दूरसंचार कंपनी का मोबाइल नेटवर्क सबसे तेज है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने मोबाइल नेटवर्क और ब्रॉडबैंड की गुणवत्ता से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए नया नेटवर्क अनुभव मंच शुरू किया है। शुरू किए गए इस मंच पर उपभोक्ता क्षेत्र में इंटरनेट की गति और नेटवर्क की स्थिति की जानकारी हासिल कर सकेंगे।

इस मंच पर अलग-अलग दूरसंचार कंपनियों और तकनीकों के आधार पर नेटवर्क की तुलना की जा सकेगी। नियामक प्राधिकरण के माईस्पीड और माईकॉल अनुप्रयोगों से जुटाए गए आंकड़ों का इस्तेमाल किया जाएगा। उपभोक्ता नक्शे पर अपना क्षेत्र चुनकर इंटरनेट की डाउनलोड और अपलोड गति देख सकेंगे। मोबाइल और फिक्स्ड ब्रॉडबैंड की सेवाओं की जानकारी भी अलग-अलग उपलब्ध होगी।



नक्शे पर देख सकेंगे

उपभोक्ता नक्शे को बड़ा करके किसी खास इलाके में किए गए इंटरनेट परीक्षणों के परिणाम देख सकेंगे। आंकड़ों को समझने के लिए फिल्टर, तालिकाएं और रिपोर्ट डाउनलोड करने की सुविधा भी मिलेगी। नियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि इस मंच से नेटवर्क परीक्षणों में पारदर्शिता बढ़ेगी। उपभोक्ता अपने इलाके और सेवा प्रदाता के अनुसार नेटवर्क की स्थिति समझ सकेंगे। इससे दूरसंचार कंपनियों को कमजोर नेटवर्क वाले क्षेत्रों की पहचान कर सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने लोगों से माईस्पीड और माईकॉल अनुप्रयोगों के जरिए नियमित रूप से नेटवर्क परीक्षण करने की अपील की।

अनचाहे कॉल व संदेशों की भी कर सकेंगे शिकायत

इस मंच पर उपभोक्ताओं को अनचाहे व्यावसायिक फोन कॉल और संदेशों से जुड़ी सुविधाएं भी मिलेंगी। उपभोक्ता अपनी पसंद के अनुसार व्यावसायिक संदेशों पर नियंत्रण कर सकेंगे। इसके अलावा शिकायत दर्ज कराने और उसकी स्थिति जानने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। दूरसंचार कंपनियां भी सुरक्षित व्यवस्था के तहत कॉल की गुणवत्ता, नेटवर्क कवरेज और इंटरनेट परीक्षणों के आंकड़े देख सकेंगी। इनमें स्थान, तारीख, समय और तकनीकी मानकों की जानकारी शामिल होगी। इससे कंपनियों को उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जहां नेटवर्क सुधारने की जरूरत है। नियामक प्राधिकरण भी इन आंकड़ों के आधार पर सेवाओं की गुणवत्ता पर नजर रख सकेगा।

ऐसे समझें इंटरनेट की गति के आंकड़े

मंच पर इंटरनेट की गति के आंकड़े प्रतिशत के आधार पर भी दिखाए जाएंगे। मोबाइल ब्रॉडबैंड के लिए 50 और 80 प्रतिशत के मानक होंगे, जबकि फिक्स्ड ब्रॉडबैंड के लिए 50 और 90 प्रतिशत के आंकड़े उपलब्ध होंगे। 50 प्रतिशत का अर्थ है कि आधे परीक्षणों में दर्ज गति उस स्तर के बराबर या उससे अधिक रही। मोबाइल ब्रॉडबैंड में 80 प्रतिशत का मतलब है कि इतने परीक्षणों में गति निर्धारित स्तर के बराबर या उससे अधिक रही। फिक्स्ड ब्रॉडबैंड में 90 प्रतिशत का आंकड़ा नेटवर्क की गति का आकलन करने में मदद करेगा।

देश विदेश

संगरूर में इंसाफ रैली से पंजाब में चुनाव अभियान का आगाज, मुख्यमंत्री भगवंत मान पर साधा निशाना

नशे की समस्या से निपटने में आप नाकाम : राहुल

एजेंसी

संगरूर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पंजाब में पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने राज्य में नशे की बढ़ती समस्या को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार को घेरा।

संगरूर में इंसाफ रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कई साल पहले उन्होंने पंजाब में नशे की समस्या को लेकर चेताया था। उस समय भाजपा और अकाली दल ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया था। आज मिलावटी हेरोइन (चिट्टा) पंजाब की बड़ी समस्या बन गई है।

राहुल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार बनाते समय पंजाब से नशा खत्म करने का वादा किया था, लेकिन सरकार इस दिशा में सफल नहीं रही। उन्होंने भगवंत मान पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह संसद में नशे की हालत में रहते थे। राहुल ने कहा कि नशे के खिलाफ



लड़ाई लड़ने के लिए ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो खुद इस समस्या के प्रति गंभीर हो।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पंजाब को ऐसी सरकार चाहिए, जो राज्य के हितों के लिए काम करे। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली से चलाई जा रही है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर पंजाब के फैसले पंजाब की धरती से ही लिए जाएंगे। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री या दिल्ली के किसी पूर्व मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप नहीं होगा।



प्रधानमंत्री को फिर दी बहस की चुनौती

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर खुली बहस की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहीं भी आकर उनसे बहस कर सकते हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि संसद में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता और उनका माइक बंद कर दिया जाता है।

मूसेवाला के पिता से मुलाकात का किया जिक्र- रैली में राहुल गांधी ने गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह से मुलाकात का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि रैली से कुछ मिनट पहले बलकौर सिंह उनसे मिलने आए थे। इसके बाद उन्होंने अपना भाषण बदल दिया। राहुल ने सिद्धू मूसेवाला से हुई अपनी पुरानी मुलाकात को याद करते हुए कहा कि कुछ साल पहले वह उनसे अपने कार्यालय में मिले थे। उस मुलाकात में उन्हें मूसेवाला प्रभावशाली युवा लगे थे।

भगवंत मान पर टिप्पणी को बताया अमर्यादित

आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने राहुल गांधी की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जैसे बड़े नेता को मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। भारद्वाज ने इसे अमर्यादित हमला बताते हुए कहा कि केवल आरोप लगाने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होता। राहुल ने रैली में मान पर नशे की हालत में संसद पहुंचने का आरोप लगाया था।

प्रधानमंत्री मोदी को खुली बहस की चुनौती देने को लेकर निशाना साधा

भाजपा बोली- खुली बहस की मांग मतदाताओं का अपमान, राहुल पर चर्चा से बचने का आरोप

नई दिल्ली। भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर संसद में चर्चा से बचने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली बहस की चुनौती देने को लेकर निशाना साधा। पार्टी ने इसे संविधान की मूल भावना और देश के मतदाताओं का अपमान बताया।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया वर्ष 2023 में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोलना शुरू किया तो राहुल गांधी लोकसभा से चले गए थे। मणिपुर के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री का संबोधन शुरू होते ही राहुल सदन से बाहर चले गए थे। त्रिवेदी ने राहुल गांधी को विपक्षी गठबंधन की नकली संसद की तर्ज पर नकली बहस आयोजित करने की सलाह दी। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी एक नवंबर को 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी पर दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई विपक्षी गठबंधन की रैली की विफलता छिपाने के लिए पंजाब पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का संसद की बहस में हिस्सा लेने से इनकार करना संविधान निर्माताओं का अपमान है।

दिमागी नक्सल कोई विमर्श नहीं, एक शब्द है : रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे



के दिमागी नक्सल संबंधी बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दिमागी नक्सल कोई विमर्श नहीं, बल्कि एक शब्द है।

बाहरी लोगों को मतदाता बनाने में जुटा विपक्षी गठबंधनः नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का



विरोध करने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस बाहरी लोगों को वैध मतदाता बनाने की कोशिश कर रही है।

राहुल गांधी अराजकता फैला रहेः शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अंबाला में 600 करोड़ रुपए की लागत से बने 1857 की क्रांति के शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने गांधी मैदान में रैली को संबोधित किया। इससे पहले करनाल में हुई पदयात्रा में अमित शाह का फोकस राहुल गांधी और विपक्ष पर रहा।

मैराथन में यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पहली बार रोबोट ने मोर्चा संभाला



बीजिंग। चीन के हांगझोऊ में मैराथन के दौरान ट्रैफिक संभालने के लिए रोबोट तैनात किए गए हैं। रोबोट सड़कों पर गश्त करने, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन पहचानने और भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस की मदद करते नजर आए। इन्हें चार अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया था, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक चुस्त-दुरुस्त हो गई।

ईरानी तेल कारोबार में मदद के आरोप में भारतीय दंपत्ति समेत चार पर प्रतिबंध

वॉशिंगटन। अमेरिका ने ईरान के तेल कारोबार में मदद करने के आरोप में चंडीगढ़ के एक कारोबारी दंपती समेत चार भारतीयों और उनसे जुड़ी नौ कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अनुसार, इन लोगों पर ईरान के गुप्त तेल जहाजों को दूसरे देशों के झंडे और फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराने का आरोप है। इससे जहाज अमेरिकी प्रतिबंधों से बचकर तेल का कारोबार कर पाते थे।

प्रतिबंधों की सूची में चंडीगढ़ निवासी सुनील कुमार शर्मा, उनकी पत्नी जसप्रीत प्रीति शाहिद, अश्वनी कुमार धीमान और इशविंदर सिंह



शामिल हैं। इनके अलावा भारत में पंजीकृत आठ और सिंगापुर में पंजीकृत एक कंपनी पर भी कार्रवाई की गई है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय का आरोप है कि सुनील कुमार शर्मा और उनकी पत्नी फर्जी वेबसाइटों और संस्थाओं के जरिए जहाजों को दूसरे देशों का पंजीकरण दिलाने का काम करते थे। इसके लिए गुयाना और मोजाम्बिक जैसे देशों के नाम का इस्तेमाल किया जाता था।

एससी-एसटी सीटों के रोटेशन की मांग खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट नेसंसद और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों के अनिवार्य रोटेशन करने का आदेश देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा, मामला संसद के विधायी अधिकार क्षेत्र में आता है और अदालतें इस पर कोई निर्देश नहीं दे सकतीं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें परिसीमन अधिनियम, 2002 के सेक्शन 9(1)(सी) को बरकरार रखा गया था।

गोकुल डेयरी चुनाव में भाजपा ने बदले नियम राहुल गांधी ने लगाया बहुमत छीनने का आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र की गोकुल डेयरी के चुनाव परिणामों को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में हारने के बाद भाजपा ने नियमों में बदलाव कर बहुमत हासिल करने की कोशिश की है। राहुल ने इसे दूध उत्पादकों के मतों की चोरी बताया।

राहुल गांधी ने इंटरनेट माध्यम पर लिखा कि गोकुल डेयरी के दूध उत्पादकों ने भाजपा को चुनाव में हरा दिया, लेकिन इसके बाद नियम बदल दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि चार सरकारी निदेशकों को शामिल कर बहुमत छीनने की कोशिश की जा रही है। गोकुल दूध डेयरी में 19 अक्टूबर को 25 निदेशक पदों के लिए चुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस समर्थित पैनल को 13 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को 12 सीटों पर जीत मिली थी।

पवन खेड़ा ने भी सरकार पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी महाराष्ट्र सरकार के फैसले की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचित मंडल की संरचना बदलकर चुनावी जनादेश को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। खेड़ा के मुताबिक, चुनाव में जीत के बाद महायुति समर्थित निदेशक बैठक में शामिल नहीं हुए, जिसके कारण अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो सका। इसके बाद बंबई उच्च न्यायालय ने 10 नवंबर को दोबारा चुनाव कराने का निर्देश दिया था। खेड़ा ने कहा कि निर्वाचित मंडल को काम करने देने के बजाय सरकार चार सरकारी निदेशकों को मतदान का अधिकार देकर शामिल करना चाहती है।

ईरान की मस्जिदों में उठी परमाणु बम बनाने की मांग, कट्टरपंथी नेताओं ने कहा अमेरिका-इजराइल से बचाव होगा

तेहरान। ईरान में परमाणु हथियार बनाने की मांग तेज होने लगी है। देश की मस्जिदों में शुक्रवार की नमाज के दौरान इमाम और कट्टरपंथी नेता खुले तौर पर परमाणु बम बनाने की वकालत कर रहे हैं। उनका कहना है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से देश की सुरक्षा के लिए परमाणु हथियार जरूरी हैं।

यह मांग ऐसे समय में उठ रही है, जब ईरान के नेतृत्व की ओर से अमेरिका और इजराइल के साथ जारी युद्ध समाप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे देश की परमाणु नीति को लेकर नई बहस शुरू हो गई है।

नमाज के बाद लगे परमाणु हथियार बनाने के नारे- पिछले सप्ताह ईरान के पश्चिमी शहर कुहदाश्त में शुक्रवार की नमाज के दौरान इमाम ने कहा कि अमेरिका का मजबूती से मुकाबला करने के लिए ईरान को परमाणु हथियारों से लैस होना चाहिए। इसके बाद नमाजियों ने नारे लगाए कि परमाणु हथियार बनाकर अपनी रक्षा करना देश का अधिकार है। तेहरान में भी नमाज के दौरान इमाम अकबरी ने परमाणु नीति में बदलाव को देश की जरूरत बताया। यहां भी लोगों ने परमाणु हथियार बनाने के समर्थन में नारे लगाए।

खामेनेई के फतवे के खिलाफ उठने लगी आवाज

ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने परमाणु बम बनाने और उसके इस्तेमाल पर रोक लगाने वाला धार्मिक आदेश जारी किया था। उनकी नीति थी कि ईरान परमाणु हथियार न बनाए, लेकिन इतनी परमाणु क्षमता जरूर रखे कि अमेरिका और इजराइल उस पर हमला करने से पहले सोचें। हालांकि, अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद देश में इस नीति पर सवाल उठने लगे हैं।



आबकारी विभाग की दबिश, शराब जब्त



सारंगपुर। आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न संदिग्ध स्थलों, होटल एवं ढाबों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। 6 आपराधिक प्रकरण ग्राम गाडिया, अंबेडकर नगर, पीपल्यपाल एवं छापीहेड़ा में कायम किए गए। खुजनेर रोड स्थित मां काली ढाबा पर 2 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान लगभग 18.36 बल्क लीटर मदिरा आबकारी विभाग के कब्जे में ली गई।

डॉ. जैन ने संभाला प्राचार्य का पदभार

सुसनेर। स्वामी विवेकानंद शा. महाविद्यालय में प्राचार्य पद का दायित्व डॉ. आदिश कुमार जैन ने ग्रहण किया। वर्तमान प्राचार्य डॉ. जीसी. गुप्ता 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने डॉ. जैन को शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की। वहीं डॉ. जैन ने पदभार ग्रहण करते हुए महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर, एक की मौत, एक घायल

युवक की जान लेने वाला वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गया, पुलिस ढूंढ रही

अक्षरविश्व न्यूज

शाजापुर। बुधवार रात करीब 10.30 बजे जिले के ग्राम कतवारिया जोड़ पर अपने घर बाइक से जा रहे दो युवकों अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



दुपाड़ा चौकी पुलिस घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डाक्टरों ने उसका इलाज किया। बाद में परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। दुपाड़ा चौकी प्रभारी अंकित इटावादिया ने बताया कि हादसे में अशोक की मौत हुई है। वह आगर जिले के डिंडोरी गांव का रहने वाला था। घायल युवक की पहचान जगदीश के रूप में हुई है। वह शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया इलाके के कोडाना गांव का निवासी है। मृतक का शव परिजन को सौंप दिया गया। टक्कर मारने वाला फरार हो गया।

बाइक चुराने वाले को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़ लिया, जेल भेजा

शाजापुर। कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मोटर साइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गई बाइक भी बरामद की। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।



संजय गुर्जर ने 4 नवंबर को कोतवाली थाने में मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि वे पवन चक्की स्थित रिन्यू कंपनी के कार्यालय में काम करते हैं। उनकी मोटरसाइकिल कार्यालय की पार्किंग में खड़ी थी। जहां से 2 और 3 नवंबर की दरमियानी रात अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-42-जेडसी-0485 चोरी कर ले गया। थाना प्रभारी नवीन बिलावलिया ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आरोपी अर्जुन पिता विष्णु प्रसाद प्रजापति (32), निवासी ग्राम टुकराना जिला शाजापुर है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने कार्यालय के अंदर घूमकर कुछ छोटे-मोटे सामान भी उठाए थे। हालांकि इन सामानों की चोरी को लेकर संजय गुर्जर ने अलग से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी।

बिजली कंपनी के सुपरवाइजर ने युवती को वाट्सएप पर आपत्तिजनक मैसेज भेजे

अक्षरविश्व न्यूज

शाजापुर। जिले के मोहन मोहन बड़ोदिया में बिजली कंपनी के सुपरवाइजर उदयभान सिंह किरार के खिलाफ युवती को वाट्सएप पर आपत्तिजनक मैसेज भेजकर परेशान करने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है।

पुलिस ने ग्राम कुम्हारियापाल निवासी 24 वर्षीय युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार युवती बिजली संबंधी कार्य से मोहन बड़ोदिया स्थित बिजली कंपनी के कार्यालय गई थी। यहां उसकी पहचान कार्यालय में पदस्थ सुपर वाइजर से हुई। इस दौरान आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया और बाद में वाट्सएप पर आपत्तिजनक मैसेज भेजने लगा। घटना 25 अक्टूबर की रात की बताई गई है। युवती ने बाद में परिजन को जानकारी दी और उनके साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी मनीषा शर्मा ने बताया आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

श्री गोवर्धन नाथ मंदिर हवेली में शुरू हुआ दीपोत्सव

शाजापुर। नगर के 350 वर्ष प्राचीन पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के हवेली श्री गोवर्धन नाथ मंदिर में गुरुवार को रमा एकादशी से दीपोत्सव प्रारंभ हुआ। इस दौरान दीपमाला प्रज्ज्वलित कर ठाकुरजी का विशेष पूजन और श्रृंगार किया गया।

मंदिर के मुखिया निकुंज मेहता एवं योगेश मेहता ने बताया कि 8 नवंबर को शाम 6 बजे दीपोत्सव मनाया जाएगा। वहीं, 9 नवंबर को दोपहर 12 बजे गोवर्धन पूजा और शाम 6 बजे से अन्नकूट महोत्सव के तहत 56 भोग के दर्शन होंगे।

जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

शुजालपुर। नजदीकी ग्राम जामनेर की 28 वर्षीय महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। गंभीर हालत में उसे शुजालपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक जामनेर निवासी भावना पति अखिलेश धनगर (28) ने मंगलवार को अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

रिषिका ने एथलेटिक्स स्पर्धा में जीता खिताब

आगर-मालवा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्रा रिषिका दिनेश कुंभकार ने गाजियाबाद में आयोजित अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की क्रॉस कंट्री रेस में शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने SGFI राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। अब वह हरियाणा में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। विद्यालय पहुंचने पर रिषिका, उनके प्रशिक्षकों राहुल प्रजापति, सविता उनियारा और माता-पिता का स्वागत व सम्मान किया गया।



दो गोशालाएं संचालित, फिर भी सड़कों पर गोवंश

महिलाओं और वाहन चालकों पर हमले की घटनाओं से बढ़ी चिंता, आए दिन लग रहा जाम

अक्षरविश्व न्यूज

दो गोशालाएं, फिर भी सड़कों पर क्यों घूम रहा गोवंश?

कानड़। नगर में गोवंश के संरक्षण के लिए दो स्थानों पर गोशालाएं संचालित होने के बावजूद सड़कों पर बड़ी संख्या में गायें और अन्य मवेशी घूमते नजर आ रहे हैं। एक ओर शिव पहाड़ी रोड पर गोशाला संचालित है, वहीं दूसरी ओर शिवगढ़ रोड पर देव महाराज मंदिर के समीप भी गोशाला है। इसके बावजूद प्रमुख मार्गों और सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है।



आवारा मवेशियों के कारण नगरवासियों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मवेशी बीच सड़क पर बैठ जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और जाम की स्थिति बन जाती है। वाहन चालकों को इन्हें बचाकर निकलना पड़ता है। वहीं, मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए लोग भी परेशान होते नजर आते हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि आवारा मवेशियों के कारण राहगीरों, महिलाओं और दोपहिया वाहन चालकों के साथ हमले की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। इससे लोगों में दुर्घटना और चोटिल होने का डर बना रहता है। खासकर व्यस्त मार्गों पर मवेशियों की मौजूदगी हादसों का कारण बन सकती है।

नगरवासियों का सवाल है कि जब नगर में दो स्थानों पर गोशालाएं संचालित हो रही हैं, तो फिर बड़ी संख्या में गोवंश सड़कों पर बेसहारा क्यों घूम रहा है? इन मवेशियों की देखरेख और व्यवस्थापन की जिम्मेदारी किसकी है? नगर परिषद और संबंधित जिम्मेदारों की ओर से इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं।

लोगों की मांग है कि जिम्मेदार विभाग आवारा मवेशियों को सुरक्षित गोशालाओं तक पहुंचाने और उनकी नियमित देखरेख की व्यवस्था करें, ताकि गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ ही आम नागरिकों को भी इस समस्या से राहत मिल सके।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ समापन विधायक ने किया विजेताओं का सम्मान



आगर-मालवा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 आयोजित किया गया। उत्सव में जिले के युवाओं ने चित्रकला, कविता लेखन, लोकगीत, लोकनृत्य और नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई। समारोह में विधायक मधु गहलोत ने विजेताओं को सम्मानित किया।

रंगोली से नशामुक्त भारत का संदेश दिया



सुसनेर। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया सुसनेर में काउंसलर भेरूलाल ओसारा के मार्गदर्शन में जूनियर्स रेशमी यादव द्वारा रंगोली के माध्यम से नशामुक्त भारत के लिए जागरुकता संदेश दिया। संचालन शिक्षिका चंचल जैन ने किया। रंगोली का मूल्यांकन एवं आंकलन कनिष्ठ वर्ग का शिक्षक भूपेन्द्र सिंह झाला, कैलाशचंद्र दांगी,रमेश दांगी तथा वरिष्ठ वर्ग का आंकलन एवं मूल्यांकन शिक्षक तिलोकचंद पाटीदार एवं राकेश पाटीदार द्वारा किया गया।

रंगोली बनाकर दीपों से सजाई अपनी कक्षाएं



सुसनेर। एंबिएंस पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में आकर्षक रंगोली बनाई तथा दीप जलाकर अपनी-अपनी कक्षाओं को रोशनी से जगमग किया। संचालक महेंद्र मीणा ने विद्यार्थियों को दीपावली पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





स्वत्वाधिकारी अक्षर कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रेय जैन द्वारा अक्षर कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड 96/1/4 उदयन मार्ग, उज्जैन-456010 से मुद्रित, एन-77 अनूप नगर, इंदौर-452001 से प्रकाशित। फोन 7722896111, रजि नं MPHIN/2007/22702,aksharvishwa@yahoo.com